**सच, सिर्फ सच** **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 02 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 209, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 586 अंकों की गिरावट

अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली से सेंसेक्स 586 अंक गिरकर 80,599 .91 अंक पर बंद हुआ। } 14

## प्रतिभाशाली युवा भविष्य को आकार दें : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के प्रतिभाशाली युवाओं से अपनी तकनीकी शिक्षा का उपयोग समाज की भलाई के लिए करने का आह्वान किया और आग्रह किया कि वे अपनी उपलब्धियों को केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित ना रखें। } 16

# सुबोध हत्याकांड : पांच को आजीवन कारावास

## 33 अभियुक्तों को जानलेवा हमले समेत 14 अन्य धाराओं में दिया दोषी करार

**जिला संवाददाता**

बुलंदशहर। जिले के स्याना हिंसा मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने छह साल, सात माह और 27 दिन बाद 38 अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। पांच अभियुक्तों को हत्या के मामले उम्रकैद व 33 अभियुक्त जानलेवा हमले समेत 14 धाराओं में दोषी करार दिए गए हैं। जिन पांच को दोषियों को उम्रकैद हुई है। उनमें प्रशान्त नट, राहुल, डेविड, लोकेन्द्र, जौनी शामिल हैं।



हिंसा के 33 दोषियों को सात-सात साल की सजा जिनमें योगेशराज, चमन पुत्र देवेन्द्र, देवेन्द्र पुत्र रामबल, आशीष चौहान पुत्र महेश चौहान, रोहित कुमार राघव पुत्र रामौतार राघव, जितेंद्र उर्फ लाल गुर्जर पुत्र दलेल सिंह, सोनू पुत्र सुखपाल जाटव, जितेंद्र उर्फ जीतू फौजी पुत्र राजपाल, नितिन पुत्र बृजेश, मोहित पुत्र विजेंदर, रमेश जोगी पुत्र चुना जोगी, विशाल त्यागी पुत्र सुरेंद्र त्यागी, हेमू उर्फ हेमराज पुत्र नवाब, अंकुर पुत्र वीरेंद्र, आंटी उर्फ अमित पुत्र उदयवीर, आशीष पुत्र अशोक, हरेंद्र पुत्र सुखपाल, टिंकू उर्फ भूपेश पुत्र अशोक, गुड्डू उर्फ मुकेश पुत्र ब्रह्म सिंह, रोबिन जाट पुत्र वीरेंद्र, सत्येंद्र राजपूत पुत्र ब्रह्म सिंह, सतीश पुत्र चंद्रभान लोधी, विनीत पुत्र नरेंद्र जाट, राजीव पूर्व कलवा पुत्र दलबीर जाट, सचिन उर्फ कोबरा पुत्र अजय जाट, पवन कुमार पुत्र जयप्रकाश लोधी, शिखर अग्रवाल पुत्र रंजीत अग्रवाल, उपेंद्र राघव पुत्र महेंद्र सिंह, सौरभ पुत्र यशवीर, राजकुमार पूर्व प्रधान पुत्र त्रिलोक, नितिन पंडित पुत्र व्यास पंडित, कलुआ पुत्र बाबूराम, जयदीप पुत्र प्रकाश शामिल हैं।

स्याना की चिंगरावठी चौकी क्षेत्र के गांव महाब के जंगल में तीन दिसंबर 2018 की सुबह गोवंश के अवशेष मिले थे। इसके विरोध में बजरंगदल, विश्व हिंदू परिषद समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ गोवंश के अवशेष को एक ट्रैक्टर ट्रॉली में लादकर चिंगरावठी चौकी पहुंच गए थे। वहां उन्होंने जमकर बवाल किया। दोपहर तक मामला इतना ...शेष पृष्ठ 14 पर

# नौ सितंबर को होगा उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव

## सात को जारी होगी अधिसूचना, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि होगी 21 अगस्त

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा और भाजपा नीत राजग से मुकाबले के लिए कांग्रेस नीत विपक्ष एक साझा उम्मीदवार खड़ा कर सकता है। ऐसे में कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं।

गत 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ का अचानक इस्तीफा पहली ऐसी घटना है जब किसी उपराष्ट्रपति ने पद पर रहते हुए त्यागपत्र दे दिया और उच्च पद के लिए दावेदारी नहीं की। इस्तीफे के समय धनखड़ का कार्यकाल दो साल से अधिक बचा था। इससे पहले वीवी गिरि और आर वेंकटरमन ने पद पर रहते हुए इस्तीफा दिया था लेकिन दोनों ने क्रमशः 1969 और 1987 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था। आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि 17वें उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा। चुनाव के लिए अधिसूचना सात अगस्त को जारी होगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। इसने कहा कि यदि मतदान की जरूरत हुई तो यह नौ सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संसद भवन के प्रथम तल पर स्थित कक्ष संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। विपक्षी




दलों के नेताओं ने कहा है कि वे उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए साझा उम्मीदवार उतार सकते हैं।

उम्मीद है कि भाजपा इस चुनाव में संगठन और राजनीतिक प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देगी तथा किसी प्रयोग पर जोर नहीं देगी, जिसके कारण कई बार उसने अपने संगठन से जड़ों से जुड़े किसी नेता के बजाय किसी अन्य को चुना है, जैसा कि 2022 के चुनाव में धनखड़ के मामले में हुआ था। निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राज्यसभा महासचिव को निर्वाचन अधिकारी और राज्यसभा सचिवालय के दो अधिकारियों को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के पात्र होते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा में पांच और लोकसभा में एक सीट रिक्त है, जिससे निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ राजग को बढ़त हासिल है। लोकसभा की 543 सीट में से एक सीट, ...शेष पृष्ठ 14 पर

**संक्षेप**

### अंबेडकरनगर व अमेठी के एसडीएम बदले

लखनऊ। प्रदेश में दो उपजिलाधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। अंबेडकरनगर के उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज को शाहजहांपुर के उपाजिलाधिकारी के पद पर तैनाती दी गई है। इसी तरह अमेठी के उपजिलाधिकारी मोहम्मद असलम को सहायक निदेशक के पद पर स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ में तैनाती दी गई है।

### बिहार की नयी मतदाता सूची से 65 लाख गायब

पटना। चुनावी राज्य बिहार में निर्वाचन आयोग की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तैयार की गई मसौदा मतदाता सूची में 65 लाख से अधिक गणना प्रपत्र शामिल नहीं किए गए हैं, जिससे पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 7.9 करोड़ से घटकर 7.24 करोड़ रह गई है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, पटना में सबसे ज्यादा 3.95 लाख गणना प्रपत्र को मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया है।

### मुजफ्फरपुर-साबरमती एक्सप्रेस पटरी से उतरी

नयी दिल्ली/ कानपुर। कानपुर और टूंडला के बीच शुक्रवार दोपहर मुजफ्फरपुर-साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। रेल मंत्रालय के अधिकारी यह जानकारी देते हुए कहा कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक ट्रॉली कोच सहित दो डिब्बे लूप लाइन पर पटरी से उतर गए। उन्होंने बताया कि इंजन के पांचवे और छठे डिब्बे शाम चार बजकर 20 मिनट पर भाऊपुर यार्ड में पटरी से उतर गए। मरम्मत का काम तुरंत शुरू कर दिया गया है और कानपुर से रेलवे अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अधिकारी ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे जोन के महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

# फुटवियर विनिर्माण का केन्द्र बनेगा यूपी

## वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए यूपी को तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू : योगी

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने चमड़ा और गैर-चमड़ा फुटवियर (जूता-चप्पल) विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) विभाग की बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण जरूरी हो गया है। बयान के अनुसार, बैठक में उत्तर प्रदेश फुटवियर, चमड़ा एवं गैर-चमड़ा क्षेत्र विकास नीति-2025 के प्रारूप पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रस्तावित नीति के तहत अगले कुछ वर्ष में लगभग 22 लाख नई नौकरियों के सृजन की संभावना है। यह नीति उत्तर प्रदेश को वैश्विक फुटवियर और चमड़ा विनिर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल मानी जा रही है। बयान के अनुसार, भारत इस क्षेत्र में वर्तमान में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी महत्वपूर्ण है। बैठक में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश औद्योगिक आस्थान नीति पर भी विचार-विमर्श हुआ।



### सीएम योगी ने काशी में किया दुग्धाभिषेक

- आज वाराणसी आयेंगे पीएम मोदी योगी ने लिया तैयारियों का जायजा

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार देर शाम काल भैरव और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। यह उनकी सावन मास में बाबा विश्वनाथ के दरबार में तीसरी बार हाजिरी रही। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री का यह दौरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को होने वाले वाराणसी दौरे से ठीक एक दिन पहले हुआ। सीएम योगी शनिवार को प्रधानमंत्री की वाराणसी एयरपोर्ट पर अगवानी करेंगे। इसके पहले वह उनके कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह वाराणसी के सेवापुरी ब्लॉक के बनौली गांव में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह करीब 2200 करोड़ रुपये की विभिन्न ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में बड़ा कदम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में एक बड़ा और क्रांतिकारी कदम उठाया है। अब प्रदेश में निराश्रित गऊ माताओं के गोबर से बायोप्लास्टिक, जैव-पॉलिमर, बायो टेक्सटाइल, वस्त्र, इको-पेपर, बोर्ड, बायोगैस, कम्पोस्ट और नैनोसेल्यूलोज जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में निराश्रित गोवंश से प्रतिदिन औसतन 54 लाख किलोग्राम गोबर उत्पन्न होता है, जिसका उपयोग इन प्रोडक्ट को बनाने में किया जाएगा। गोबर से वैज्ञानिक पद्धति के जरिए न केवल प्लास्टिक के विकल्प तैयार किए जाएंगे, बल्कि जैव प्रदूषण को भी रोका जाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी नया बल मिलेगा। सीएम योगी के नेतृत्व में 8 साल में प्रदेश ने विकास के क्षेत्र में नई लकीर खींच दी है। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री के हर गांव ऊर्जा केंद्र मॉडल के अनुरूप ...शेष पृष्ठ 14 पर

### बाराबंकी मंदिर हादसे में हटाये गये एसडीएम

बाराबंकी। जिले के अवसानेश्वर मंदिर में हाल ही में हुए हादसे के बाद पहली बड़ी प्रशासनिक कार्वाई करते हुए हैदरगढ़ के उप जिलाधिकारी शम्स तबरेज़ खान को उनके पद से हटा दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार यह कार्रवाई की गई है।

राजेश विश्वकर्मा को हैदरगढ़ का नया एसडीएम नियुक्त किया गया है और उन्होंने बृहस्पतिवार को कार्यभार संभाल लिया। जिला मजिस्ट्रेट शशांक त्रिपाठी ने सावन के पहले दो सोमवारों के दौरान प्रसिद्ध शिव मंदिर में खराब व्यवस्थाओं को लेकर जनता में व्याप्त असंतोष के बाद तबरेज़ के स्थानांतरण का आदेश दिया। अब उन्हें कलेक्ट्रेट में विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। हालांकि स्थानीय स्वयंसेवकों और मंदिर समिति के सदस्यों ने सार्वजनिक रूप से शिकायत नहीं की, लेकिन ऐसी अफवाहें हैं कि एसडीएम तबरेज़ दोनों ही महत्वपूर्ण सोमवारों पर मौजूद नहीं थे। तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित अन्य प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी भी कथित तौर पर अनुपस्थित थे। बृहस्पतिवार शाम को नवनियुक्त एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने अवसानेश्वर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अनिल अंबानी के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर

## ईडी ने पूछताछ के लिए 5 अगस्त को किया तलब

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। देश के बड़े उद्योगपति और रिलायंस धीरूभाई अंबानी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ एलओसी यानी लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है। हाल ही में ईडी ने अनिल अंबानी के ठिकानों पर रेड की थी। ईडी ने उन्हें 5 अगस्त को ईडी ऑफिस यानी दिल्ली पूछताछ के लिए बुलाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 17,000 करोड़ रुपये के कथित लोन घोटाले की जांच कर रहा है। पिछले हफ्ते ईडी ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी कई कंपनियों और व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई मुंबई के 35 स्थानों पर की गई थी, जिसमें 50 कंपनियां और 25 लोग शामिल थे। यह छानबीन मनी




लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत हो रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के समूह की कंपनियों के खिलाफ दर्ज करोड़ों रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में उन्हें पांच अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि मामला दिल्ली में दर्ज होने की वजह से अंबानी (66) को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि एजेंसी अंबानी के पेश होने पर धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। उनके समूह की कंपनियों के कुछ अधिकारियों को भी अगले कुछ दिन में पेश होने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### ड्यूटी से गैरहाजिर रहने वाले चार डॉक्टर बर्खास्त

लखनऊ। स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। बिना सूचना लगातार गैरहाजिर चल रहे चार डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। तीन डॉक्टरों सहित कन्नौज मेडिकल कॉलेज में हड्डी रोग विभाग के सहायक आचार्य की सेवाएं समाप्त की गई हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने आदेश जारी कर दिया है।

पीलीभीत जिला चिकित्सालय में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार, शाहजहांपुर के जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. विनय कुमार सैनी, अम्बेडकरनगर (स्थानान्तरणधीन उन्नाव) डॉ. शशि भूषण डोभाल लंबे समय से लगातार गैरहाजिर चल रहे थे। डिप्टी सीएम ...शेष पृष्ठ 14 पर

# राज्य में शुरू होंगी नवाचार आधारित योजनाएं

## हर जिले के दो-दो गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में करेंगे विकसित : धामी

**प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखते हुए नवाचार आधारित योजनाएं शुरू की जाएं। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देते हुए कहा कि उत्तराखंड की आत्मा उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में बसती है, और अब यह विरासत प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र में अपनी चमक बिखेरेगी। धामी ने सचिवालय में हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं से जुड़ी घोषणाओं और विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब अधिकारी विधायकों से सतत संवाद



बनाए रखें और उनकी प्राथमिकताओं को शीर्ष पर रखें। मुख्यमंत्री धामी ने ऐलान किया कि राज्य की सभी 70 विधानसभाओं में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में अपर सचिव स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। ये अधिकारी शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हुए क्षेत्रीय घोषणाओं और योजनाओं को गति देंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने हरिद्वार शहर में जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि व्यापक सर्वेक्षण कर स्थायी समाधान की योजना तैयार की जाए। जल्द ही इसके लिए एक ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी। ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट में निरंतर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने एक महीने के भीतर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के आदेश दिए हैं, जिससे धार्मिक और पर्यटन गतिविधियों को और अधिक सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संजय झील को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- काशी में आज प्रधानमंत्री करेंगे सौगातों की बारिश (पृष्ठ-02)
- पीडीए पाठशाला बच्चों में घोल रही विष : भूपेन्द्र (पृष्ठ-02)
- डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे चढ़कर 87.53 (पृष्ठ-14)
- बिजली खपत 2.6% बढ़कर 153.63 अरब यूनिट (पृष्ठ-14)
- राष्ट्रपति ट्रंप ने कई देशों पर लगाया टैरिफ (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भवन में 84वें सशस्त्र बल मुख्यालय सिविलियन सेवा दिवस समारोह को किया संबोधित

# नागरिक–सैन्य तालमेल को बढ़ावा देने की जरूरत

**एजेंसी**

नयी दिल्ली, एक अगस्त (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि आज के इस अनिश्चित समय और तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में गतिशीलता एवं नवीनता की भावना के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने सैन्य तैयारियों को बढ़ाने के लिए नागरिक-सैन्य तालमेल को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। यहां डीआरडीओ भवन में 84वें सशस्त्र बल मुख्यालय (एएफएचक्यू) सिविलियन सेवा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अनिश्चित समय में अनिश्चितता पर कोई नियंत्रण नहीं है और हमारा नियंत्रण केवल हमारी तैयारियों पर है। सिंह ने कहा आज हम यह आकलन नहीं कर सकते कि दुनिया के जो हिस्से शांतिपूर्ण हैं, वहां भविष्य में शांति नहीं होगी।

तीन-चार महीने पहले क्या हमने सोचा था कि हमें इतनी जल्दी ऑपरेशन सिंदूर अभियान चलाना पड़ेगा? मंत्री ने याद दिलाया कि उन्होंने सेना प्रमुखों के साथ अपनी बैठकों में हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि हमें हमेशा तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा हमारे प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है कि युद्ध की तैयारी शांति के समय में की जानी चाहिए।



सिंह ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता के लिए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस), तीनों सेना प्रमुखों और रक्षा सचिव की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को एक बैठक हुई थी जिसमें सीडीएस, तीनों सेना प्रमुख, रक्षा सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मौजूद थे। राजनाथ ने कहा कि उस बैठक में उन्होंने उनसे पूछा था कि क्या आप किसी बड़ी सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार हैं और उन सभी ने कहा था, हां। इस मौके पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मंत्री ने रक्षा मंत्रालय के विभिन्न विभागों द्वारा सशस्त्र बलों को प्रदान किए गए समर्थन की प्रशंसा की, जो ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए महत्वपूर्ण था। सिंह ने कहा नागरिक और सैन्यकर्मियों के बीच तालमेल बढ़ाने पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए। आज के समय में नागरिक-सैन्य तालमेल का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि आज की दुनिया बहुत अनिश्चित हो गई है। उन्होंने कहा कि इससे सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में भी मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भी सशस्त्र बल युद्ध लड़ते हैं, तो उनके पराक्रम को पूरे देश का समर्थन प्राप्त होता है। उन्होंने कहा, युद्ध में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। हम इसे समझते हैं।

# यूपी के सड़क हादसों में नौ लोगों की मौत

**जिला संवाददाता**

- मैनपुरी में एक ही परिवार के पांच की मौत
- मेरठ में चार लोगों की मौत, पांच घायल

मैनपुरी। मैनपुरी और मेरठ जिले में हुए सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गयी, जबकि छह अन्य घायल हो गये।

मैनपुरी जिले के बेवर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक हादसे में एक ही परिवार के दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी और एक लड़की घायल हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया है। वहीं दूसरी ओर मेरठ में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। यह हादसा सरूरपुर थाना क्षेत्र में हिंडन नदी के पुल पर उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार पिकअप वैन पुल पर लगे हाइट गेज से टकरा गयी।

पुलिस ने बताया कि वाहन में कुल आठ लोग सवार थे और टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि आज दोपहर लगभग 12.40 बजे थाना बेवर के नगला ताल में एक सड़क दुर्घटना में दो बच्चों समेत ...शेष पृष्ठ 14 पर

# परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करें : शाही

## प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बांदा कृषि विश्वविद्यालय में विकास कार्यों की समीक्षा की

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय का दौरा किया, जहाँ उन्होंने विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का गहन निरीक्षण और समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्माण कार्यों से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन परियोजनाओं का मुख्य लक्ष्य विश्वविद्यालय में शैक्षिक और अनुसंधान सुविधाओं का विस्तार करना है, ताकि छात्रों और शोधकताओं को बेहतर अवसर मिल सकें।



बैठक के बाद, श्री शाही द्वारा विश्वविद्यालय में हाल ही में स्थापित की गई दो महत्वपूर्ण सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। इसमें एक आधुनिक ऑर्गेनिक प्रोडक्ट टेस्टिंग लैब और एक शिक्षण पशुचिकित्सा क्लीनिक शामिल हैं। उन्होंने इन सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये न केवल कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देंगे, बल्कि किसानों को भी सीधा लाभ पहुंचाएंगे। इस दौरे के दौरान, भाजपा के जिलाध्यक्ष, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस.वी.एस. राजू, अपर निदेशक जे.पी. चौधरी और संयुक्त निदेशक एल.बी. यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने कृषि मंत्री के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के विकास पर चर्चा की। इस पहल से उम्मीद है कि बांदा कृषि विश्वविद्यालय कृषि और प्रौद्योगिक क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करेगा।

## प्रदेश में फसलों का बीमा कराये जाने की तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** वर्तमान में जनपदों में अधिसूचित फसलों (धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, उर्द, मूंग, अरहर, मूंगफली,सोयाबीन एवं तिल) का बीमा कराये जाने के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 नियत थी, लेकिन किसान हित में सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में इसकी तिथि बढ़ा दी गई है। अब समस्त खरीफ की अधिसूचित फसलों हेतु फसल बीमा कराए जाने की अंतिम तिथि-गैर ऋणी कृषकों के लिए 14 अगस्त तथा ऋणी कृषकों (के0 सी0 सी0/क्रॉपलोन) के लिए 30 अगस्त तक निर्धारित की गई है।समस्त खरीफ फसलों हेतु बीमा का प्रीमियम दो प्रतिशत किसानों एवं शेष धनराशि केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा भुगतान की जाती है।72 घण्टे के अंदर सूचित करें किसान

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि फसल बीमा हेतु कृषकों के हित में बढ़ाई गयी नियत तिथि गैर ऋणी कृषकों के लिए 14 अगस्त तथा ऋणी कृषकों (के सी0सी/क्रॉपलोन) के लिए 30 अगस्त तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें' बीमा कराते समय वास्तविक फसल एवं भूमि का उल्लेख अवश्य करें, जिससे क्षति के उपरान्त बीमा कंपनी एवं कर्मचारी द्वारा सर्वे के समय कोई विपरीत परिस्थिति उत्पन्न न हो। किसान फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के भीतर नजदीकी फसल बीमा सेंटर, कृषि विभाग अथवा फसल बीमा हेल्प लाइन नंबर (14447) के माध्यम से अवश्य करें, जिससे फसल बीमा का लाभ समय से प्राप्त हो सके।

- गैर ऋणी किसान 14 अगस्त व ऋणी किसान 30 अगस्त तक करा सकेंगे फसलों का बीमा
- सरकार ने किसानों को दी बड़ी राहत, 72 घण्टे के अंदर किसानों को देनी होगी सूचना

**www.pmfby.gov.in पर भी कर सकते पंजीकरण :** हेल्प लाइन नंबर पर काल करने से पहले किसान आधार, कृषक आईडी, खेत एवं फसल से संबंधित समस्त जानकारी/प्रपत्र अपने पास रखें। किसानों को फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक एवं फसल का विवरण (जिसका बीमा कराया जाना है)। फसल बीमा बैंक, कॉमन सर्विस सेन्टर या पोर्टल www.pmfby.gov.in पर स्वयं से भी पंजीकरण कर किया जा सकता है।

**किसानों के लिए कारगर हो रही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना :** किसानों की आय का मुख्य साधन उनकी फसलें ही होती हैं, परन्तु असामायिक प्रतिकूल मौसमी स्थितियों के कारण कीट एवं बीमारियों का प्रकोप, सूखा, बाढ़, तूफान, ओलावृष्टि के साथ ही असफल बुवाई आदि की स्थिति में किसानों की क्षतिपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है।यह किसानों को फसल की क्षति से सुरक्षा प्रदान करती है।इसका प्रमुख उद्देश्य किसानों की आय को स्थिर बनाये रखना है।

## बहराइच में उपभोक्ता की शिकायत पर लाइनमैन को किया बर्खास्त

**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि वे प्रदेश में विद्युत सेवाओं को पारदर्शी, जवाबदेह और उपभोक्ता हितैषी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। राजधानी लखनऊ में तेज बारिश हो रही थी, उस समय बिना किसी पूर्व सूचना, बिना छाते, बिना सुरक्षा एस्कॉर्ट और बिना प्रोटोकॉल के मंत्री स्वयं निरीक्षण पर निकल पड़े। मंत्री सीधे पहुंचे 1912 शिकायत नियंत्रण कक्ष, जहां वे बिना किसी औपचारिकता के अंदर गए और व्यवस्था की जमीनी हकीकत को परखा।

- 1912 शिकायत निवारण केंद्र और 33/11 केवी उपकेंद्र का औचक निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान जब वे नियंत्रण कक्ष में मौजूद थे, उसी समय बहराइच जिले के रणजीतपुर सब स्टेशन के अंतर्गत गंडेरियन पुरवा गांव से एक उपभोक्ता का महिला कर्मी ने टोल फ्री के अंतर्गत कॉल रिसीव किया। उपभोक्ता ने बताया कि उनके यहां का बिजली कनेक्शन एक लाइनमैन ने काट दिया है और दो हजार रुपये की मांग कर रहा है। इस पर मंत्री ने तुरंत पूछताछ की और स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। संबंधित लाइनमैन नेपाली को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।इसके बाद ऊर्जा मंत्री विधानसभा क्षेत्र के 33/11 केवी उपकेंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने वहां तैनात कर्मियों से बातचीत की और जाना कि क्षेत्र में कितनी शिकायतें लंबित हैं, उनका किस तरह से निस्तारण हो रहा है और किन स्तरों पर बाधाएं आती हैं।उन्होंने पाया कि कई शिकायतों को निस्तारित करने में अनावश्यक विलंब हो रहा है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी होती है।मंत्री ने निर्देश दिया कि दुर्घटना, भ्रष्टाचार, बार-बार की शिकायत, संवेदनशील उपभोक्ता, वीआईपी कॉल या तकनीकी बाधाओं से जुड़ी समस्याओं को विशेष फ्लैगिंग कैटेगरी में चिन्हित किया जाए और उनका समाधान तत्काल प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतों की निगरानी उच्च स्तर पर होनी चाहिए ताकि कोई भी उपभोक्ता उपेक्षा का शिकार न हो। 1912 टोल फ्री सेवा की समीक्षा करते हुए मंत्री ने वहां कार्यरत अधिकारियों, कॉल रिसीवरों और कंट्रोल रूम प्रभारी से विस्तार से चर्चा की।

## भाजपा सरकार का नया फरमान शिक्षा विरोधी नीति की नैतिक हार : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि शिक्षा का अधिकार अखंड होता है और रहेगा।प्राइमरी स्कूलों को बंद करने जा रही भाजपा सरकार का नया फरमान उसकी शिक्षा विरोधी नीति की नैतिक हार है। यह पीडीए पाठशाला आंदोलन की महाजीत है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ साल में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा सरकार साजिश के तहत पीडीए और गरीबों को शिक्षा से दूर करना चाहती है।समाजवादी लोग भाजपा की शिक्षा विरोधी षड्यंत्रकारी नीति को सफल नहीं होने देंगे। भाजपाई, कान खोल कर सुन लें और आंख खोल कर देख लें।हम बच्चों के शिक्षा के अधिकार को किसी को छीनने नहीं देंगे।उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में समाजवादियों द्वारा छात्रों को शिक्षा देने के लिए शुरू की गई पीडीए पाठशाला को छात्रों और अभिभावकों से मिल रहे भारी जनसमर्थन से भाजपा सरकार घबरा गई है।इसी के चलते सरकार बैकफुट पर है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का शिक्षा विरोधी चेहरा इसी से उजागर हो रहा है कि एक तरफ वह शिक्षा से वंचित करने का कार्य कर रही है।दूसरी तरफ पीडीए पाठशाला संचालित करने वाले समाजवादियों को तरह-तरह से प्रताड़ित कर रही है।

## श्रमिकों की हाजिरी में गड़बड़ी रोकने के लिए 3 स्तर पर होगी निगरानी

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता व गम्भीरता के साथ करने के निर्देश समस्त सम्बन्धित अधिकारियो को दिये है। उन्होने कहा है कि योजना के क्रियान्वयन पर पैनी नजर रखी जाय, कही पर कोई अनियमितता या लापरवाही पायी जाय, तो दोषी लोगो के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियो व कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाय। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी नये निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग मुख्यालय द्वारा समस्त जिलाधिकारियों/जिला कार्यक्रम समन्वयकों को मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत मजदूरों की उपस्थिति से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किये है। निदेशों मे कहा गया है कि मौजूदा कर्मचारियों के साथ जिला और विकास खण्ड स्तर पर समर्पित एनएमएमएस निगरानी प्रकोष्ठों का गठन किया जाएगा।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शुक्रवार को राजभवन में नवनियुक्त मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश एसपी गोयल ने शिष्टाचार भेंट की

## सड़क निर्माण कार्यों के लिए धनराशि मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में वाराणसी में सड़क निर्माण संबंधी विभिन्न कार्यों के लिए कुल 906.91 लाख रुपए मंजूर किए हैं। मंजूर की गई धनराशि जनपद वाराणसी के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गई है।इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति वाराणसी को प्रेषित कर दी गई है।मंजूर की गई धनराशि से वाराणसी के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य, सीसी रोड, पटरी का निर्माण तथा संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाएगा।




# काशी में आज प्रधानमंत्री करेंगे सौगातों की बारिश

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से विकास को नया आयाम देने वाली करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात देंगे। पावन श्रवण माह में रक्षाबंधन पर्व से ठीक पहले प्रधानमंत्री का यह दौरा पूर्वांचल के लिए बड़ी सौगात लेकर आ रहा है। प्रधानमंत्री अपने काशी यात्रा में लगभग 2183.45 करोड़ की 52 योजनाए का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जिसमे सड़क, स्वास्थ, शिक्षा, खेल, पर्यटन और बुनियादी और विकास की योजनाएं शांमिल हैं। प्रधानमत्री दिव्यांगजनों और वृद्धों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण भी बाटेंगे।

इसके अलावा देश के अन्नदाताओ को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की जाएगी, जिसमे पूरे देश के 9.70 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित होगी। प्रधानमंत्री की बड़ी जनसभा सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली (कालिका धाम) गांव में प्रस्तावित है। बीजेपी का दावा है की जनसभा में 50 हजार से अधिक लोग प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सुनने के लिए पहुंचेंगे। प्रधानमत्री का एयरपोर्ट पर स्वागत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य भाजपा के अन्य नेतागण करेंगे।

**हर प्रकार की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात :** मोदी-योगी की सरकार पूर्वांचल की बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देकर उनका सुनियोजित विकास कर रही है। लोकार्पित और शिलान्यास होने वाली योजनाएं पूर्वांचल के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। योजनाओं के तहत ग्रामीण और शहरी इलाकों में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए नई सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण, पार्किंग, अस्पतालों का उच्चीकरण, शैक्षणिक संस्थानों को बेहतर बनाना, पेयजल, सीवरेज और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, खेल, होम्योपैथिक कॉलेज की स्थापना, पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से पक्के घाटों का निर्माण, पार्किंग, बिजली की व्यवस्था, तालाब का जीर्णोद्धार एवं जल शोधन का कार्य, लाइब्रेरी, पशु अस्पताल और डॉग केयर सेण्टर आदि हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी का 51वां काशी दौरा :** बीजेपी काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का यह 51वां काशी दौरा होगा। पीएम सुबह लगभग 10 बजे लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने के बाद हेलीकॉप्टर से सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली (कालिका धाम) गॉव जनसभा स्थल पहुंचेंगे। इस जनसभा में 50 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है।

## पीडीए पाठशाला से बच्चों में घोल रहे राजनीतिक विष : भूपेन्द्र चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सहारनपुर में समाजवादी पार्टी (सपा) द्वारा शुरू की गई पीडीए पाठशाला में बच्चों को ए फॉर अखिलेश यादव और डी फॉर डिंपल यादव जैसे पाठ पढ़ाए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे बच्चों की कोमल चेतना में राजनीतिक विष घोलने की साजिश करार दिया और इसे शिक्षा नहीं, समाजवादी ब्रेनवॉश बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की शिक्षा को राजनीति की प्रयोगशाला नहीं बनने दिया जाएगा और इस विकृत मानसिकता के खिलाफ हर मंच पर लड़ाई लड़ी जाएगी।

उन्होंने कहा कि सपा जब सत्ता में थी तब भी उसने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया और आज भी कर रही है। अपने राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए सपा इस हद तक गिर चुकी है कि अब वह ए फॉर अखिलेश और डी फॉर डिम्पल का पाठ बच्चों को पढ़ा रही है। पाठशाला में भी उनकी सोच परिवार से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें सच में बच्चों के भविष्य की चिंता होती तो वो बच्चों को महापुरुषों के बारे में पढ़ाते। बच्चों को ए फॉर एपीजे अब्दुल कलाम पढ़ाते। सपा का मूल चरित्र ही झूठ बोलना और स्वांग रचकर लोगो को भ्रमित करने का है।उन्होंने कहा कि सपा की पीडीए पाठशाला में ए फॉर अखिलेश और डी फॉर डिंपल जैसे पाठ पढ़ाना बच्चों के दिमाग में राजनीतिक विचारधारा थोपने की निंदनीय कोशिश है। शिक्षा को राजनीति से मुक्त रखा जाना चाहिए, ताकि बच्चे निष्पक्ष और तार्किक सोच विकसित कर सकें। यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। चौधरी ने कहा कि सपा के शासनकाल (2012-2017) में उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी।

## अनुशासन में सर्वोदय विद्यालय की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में योग व शारीरिक गतिविधियों के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने का अनूठा प्रयास किया जा रहा है। इसी दिशा में श्रावस्ती के भयापुरवा भिनगा स्थित सर्वोदय विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका अनुष्का प्रजापति द्वारा किया गया कार्य उल्लेखनीय है। शिक्षिका अनुष्का प्रजापति के नेतृत्व में छात्राओं ने योग व शारीरिक क्रियाओं के समन्वय से पिरामिड फार्मेशन सहित विविध सुंदर आकृतियों को बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें अनुशासन और परफेक्शन के साथ सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली। उनके इस कार्य की सराहना करते हुए समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनके प्रशिक्षण से छात्राओं में न सिर्फ शारीरिक दक्षता का विकास हो रहा।

# अब महापौर व नगर निगम प्रशासन के बीच ठनी

## महापौर ने खुद को नजरंदाज करने पर नगर आयुक्त को लिखा कड़ा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** महापौर और पार्षदों के बीच चल रहा विवाद अभी थमा नहीं है कि अब एक नया मामला गरमा गया है। अब महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नगर निगम में शुक्रवार को मृतक आश्रितों को नियुक्ति-पत्र सौंपने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान समारोह का आयोजन था। मगर इस कार्यक्रम में महापौर को आमंत्रित नहीं किया गया था। इस पर मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र भेजकर सख्त नाराजगी जताई है। पत्र में महापौर ने साफ तौर पर कहा है कि महत्वपूर्ण और गरिमामय कार्यक्रम में न तो उन्हें आमंत्रित किया गया, न ही उनके कार्यालय को कोई सूचना दी गई। महापौर ने इस लापरवाही को अनुशासनहीनता और संस्थागत अपमान की संज्ञा दी है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पत्र में महापौर ने इस बात पर दुख और क्षोभ प्रकट किया है कि सम्मान समारोह, जिसमें मृतक कर्मियों के परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए और सेवानिवृत्त कार्मिकों को विदाई दी गई। उसे पूरी तरह उनके संज्ञान से बाहर रखा गया। महापौर ने लिखा, ना मुझे जानकारी दी गई, ना मेरे कार्यालय को पत्र भेजा गया। यह दायित्व आपके साथ-साथ अपर नगर आयुक्त अधिष्ठान का भी था। ऐसा प्रतीत होता है कि आपके अधीनस्थ अपने पदीय दायित्वों के प्रति सजग नहीं हैं। महापौर ने सवाल खड़ा किया कि क्या नगर निगम प्रशासन अब यह मान बैठा है कि ऐसे कार्यक्रमों में महापौर की उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है? उन्होंने दो टूक पूछा कि क्या संवेदनशील आयोजनों में संवैधानिक पद की उपेक्षा अब एक सामान्य चलन बनता जा रहा है? महापौर ने अपने पत्र में नगर आयुक्त कार्यालय की ओर से 31 जुलाई को जारी किए गए कार्य विभाजन आदेश पर भी गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि तीन नए सहायक नगर आयुक्तों को विभाग तो सौंप दिए गए, लेकिन न उन्हें कार्य करने के लिए कोई कक्ष उपलब्ध कराया गया और न ही सहायक कर्मचारी। उन्होंने इसे गैरजिम्मेदाराना निर्णय प्रक्रिया का उदाहरण बताया और पूछा कि क्या केवल आदेश जारी करना ही कार्यप्रणाली की संपूर्णता है? महापौर ने यह भी पूछा कि नव नियुक्त सहायक नगर आयुक्तों को जिम्मेदारी सौंपने से पहले उनसे विचार-विमर्श क्यों नहीं किया गया? उन्होंने कहा कि यह परंपरा रही है कि किसी भी महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय में महापौर से सलाह ली जाती है लेकिन इस बार उस परंपरा को भी दरकिनार कर दिया गया।

### 4 अगस्त तक मांगा जवाब

पत्र में महापौर ने नगर आयुक्त से 4 अगस्त तक स्पष्ट जवाब देने को कहा है। उन्होंने दो सवाल बेहद स्पष्टता के साथ रखे हैं। क्या ऐसे संवेदनशील कार्यक्रमों में महापौर की भूमिका को अब प्रशासनिक रूप से महत्वहीन मान लिया गया है? क्या सहायक नगर आयुक्तों को कार्य सौंपने जैसे फैसले बिना महापौर से विचार-विमर्श के लिए ही तय किए जाते रहेंगे? नगर निगम प्रशासन ने जानबूझकर महापौर को नजरअंदाज किया है। इस प्रकरण में महापौर सुषमा खर्कवाल से सम्पर्क किया गया तो उनके मोबाइल नंबर बंद बता रहे थे। वहीं नगर आयुक्त गौरव कुमार से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# सीएम युवा कॉन्क्लेव और एक्सपो में 30,000 युवाओं ने दिखाया उत्साह

विशेष संवाददाता (vol)

- **तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन, यूपी में उद्यमिता की दिखी लहर**

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सीएम युवा कॉनक्लेव एवं एक्सपो का तीन दिवसीय आयोजन शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पहली बार प्रदेश में फ्रेंचाइजी ब्रांड्स, मशीनरी आपूर्तिकताओं और बिजनेस ऑन व्हील्स मॉडल्स की इस तरह की भव्य प्रदर्शनी ने युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप के नए अवसरों से जोड़ा। मौसम की प्रतिकूलता के बावजूद कार्यक्रम में 30,000 से अधिक युवाओं की सहभागिता ने आयोजन को अभूतपूर्व सफलता दिलाई। यही नहीं, 24,000 ऑनलाइन पंजीकरण, 4,000 ऑफलाइन सहभागिता, 10,000 बिजनेस मीटिंग्स, 50,000 बिजनेस क्वेरीज के साथ 8,380 संभावित उद्यमियों ने इस कार्यक्रम को अभूतपूर्व बना दिया। 30 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सपो का उद्घाटन किया और विभिन्न ब्रांड प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया था। एक्सपो की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए एक दिन बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया। तीन दिनों में प्रतिष्ठित ब्रांड्स जैसे डॉ. गैराज, एमबीए मखानावाला, अमूल, किड्जी, टाटा पावर, दवा इंडिया आदि ने अपने बिजनेस मॉडल्स का प्रस्तुतिकरण किया। इसमें क्यूटीएम पे ने 2,200, टेम्पो सोलर ने 1,000, वाउ ग्रीन ने 400 और यूपी कैंटीन ने 300 प्रॉस्पेक्ट्स जुटाए। इसके अतिरिक्त, अमूल ने यूपी में 7,500 यूनिट्स खोलने की बात कही, वहीं लूम सोलर ने 2,000 और बर्गर कंपनी ने 500 यूनिट्स का लक्ष्य साझा किया। कार्यक्रम ने सोशल मीडिया में भी अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई। 12 करोड़ से अधिक रीच और 19 करोड़ से अधिक इम्प्रेशन के साथ यह आयोजन युवाओं और स्टार्टअप समुदाय में जबरदस्त चर्चा और सहभागिता का साक्षी बना। उद्घाटन सत्र में कानपुर की प्रभुनूर कौर, लखनऊ के विजय पांडेय, शशांक चौरसिया, तूबा सिद्दीकी और सीतापुर के अमरदीप सिंह ने अपने स्टार्टअप अनुभव साझा किए, जिसे मुख्यमंत्री सहित सभी ने सराहा। वहीं एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने दूसरे दिन भ्रमण कर युवाओं को संबोधित किया। एसआरएलएम, नेडा और अनुसूचित जाति-जनजाति विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टॉलों का अवलोकन किया।

अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार व आयुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन ने अंतिम दिन आयोजन की सराहना की और इसे प्रदेश के मंडलों में दोहराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का समापन राज्य नोडल अधिकारी सीएम युवा, सर्वेश्वर शुक्ला ने किया, जिसमें प्रतिभागी ब्रांड्स और युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# दुबग्गा मंडी में अनियमितता पाये जाने पर मंडी सहायक निलंबित

**लखनऊ।** दुबग्गा सब्जी मंडी में शुक्रवार सुबह पांच बजे मंडी सचिव सुभाष सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडी में अनियमितता पाये जाने पर एक मंडी सहायक को निलंबित कर दिया और मंडी निरीक्षक का एक दिन का वेतन रोक दिया। मंडी सचिव के औचक निरीक्षण से मंडी में हड़कंप मच गया। मंडी सचिव सुभाष सिंह ने बताया कि दुबग्गा मंडी में लगातार अनियमितताओं की सूचना मिल रही थी जिसके चलते शुक्रवार सुबह पांच बजे सब्जी मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मंडी के अंदर आने वाले कई वाहनों को प्रवेश पर्ची निर्गत नही की गई थी और आवक रजिस्टर में भी एंट्री नहीं थी। प्रवेश द्वार पर तैनात मंडी सहायक महेश कुमार को दोषी पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया एवं मंडी निरीक्षक अनुराग सक्सेना के वेतन से एक दिन का वेतन रोक देने का आदेश दिया गया है।

# समाधान दिवस में पहुंचे नेताजी के वंशज, जेएडओ ने कहा दावा झूठा

## अतिक्रमण हटवाने के लिए 3 साल से दौड़ रहे अमित बोस को मिली निराशा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के वंशज का दावा करने वाले अमित बोस अतिक्रमण हटवाने के लिए पिछले तीन साल से नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं। वह लाटूश रोड पर लगने वाले जाम व अतिक्रमण से मुक्ति दिलाना चाहते हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन उनकी सुनवाई नहीं कर रहा।

शुक्रवार को नगर निगम में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी उनके वंशज अमित कुमार बोस एक बार फिर शिकायत लेकर पहुंचे।85 वर्ष के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमित कुमार बोस ने खुद को नेता जी का वंशज बताया है। वह तीन साल से लाटूश रोड पर अतिक्रमण हटवाने के लिए शिकायत कर रहे हैं। शिकायतों के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटा। बंगाली क्लब से लेकर लाटूश रोड शिवाजी मार्ग तक लोगों ने अतिक्रमण है। इस पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहाकि दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। इन दुकानों पर आने वाले ग्राहक गाड़ियों को सड़क किनारे लगा देते हैं, जिससे जाम भी लग जाता है। अगर इसी तरह अतिक्रमण चलता रहा तो दुर्गा पूजा आयोजन में दिक्कतें पेश आएंगी। इस बार भी उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला। इस मामले में जोन-1 के जोनल अधिकारी ओ.पी. सिंह ने बताया कि जिस व्यक्ति का इस खबर में ज़िक्र किया गया है, उसकी पूर्व में दी गई शिकायत के आधार पर अतिक्रमण हटाया गया था। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्र में बार-बार टीम भेजी गई और नियमित कार्रवाई भी की गई है। अतिक्रमण हटाने के पश्चात उसकी निगरानी और दोबारा अतिक्रमण न हो, यह सुनिश्चित करना स्थानीय पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। यह भी बताया कि जिस व्यक्ति ने यह दावा किया है कि वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस के वंशज हैं, उसकी सच्चाई भी पूरी तरह निराधार पाई गई है। मौके पर मौजूद बंगाली समाज और अन्य स्थानीय नागरिकों से की गई पूछताछ में सामने आया है कि उसका नेताजी सुभाष चंद्र बोस या उनके परिवार से कोई संबंध नहीं है। इस तरह से नगर निगम की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

### खेल मैदान में पशु अस्पताल का विरोध

गोमतीनगर विस्तार के देवेश यादव ने बताया कि खरगापुर गांव में सरकारी जमीन पर खेल का मैदान और बालिका इंटर कॉलेज बनाया जाना था, लेकिन अब निगम प्रशासन यहां पशु चिकित्सालय का निर्माण करवा रहा है। जिसका विरोध स्थानीय लोग कर रहे हैं। वृंदावन योजना के बहार अली ने बताया कि उनके मकान के चारों तरफ बिना नाली सडक बनवा दी गई है। इससे बारिश का पानी घरों में भर जाता है। इस बाबत कई बार शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि बारिश के दौरान पानी उनके घर में घुस जाता है।

### आदिल नगर में कूड़े की समस्या

आदिल नगर, गन्ने का पुरवा निवासी संत शरण ने अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह को बताया उनके इलाके में फैली गंदगी और कूड़े की समस्या है। उनके क्षेत्र में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी कूड़ा बीनते हैं। उन्हीं के घर के पास ढेर करते हैं। यहीं कूड़े की छंटाई होती है। लाखों के कूड़े का अवैध कारोबार किया जा रहा है। कई बार शिकायत कर चुके लेकिन कूड़ा नहीं हटाया जा रहा है। रूप कुमार शर्मा ने बताया केंद्रीय विद्यालय के पास अनधिकृत रूप से दुकानें लग रही हैं। वेंडिंग जोन पास में है, वहां दुकानों को स्थानांतरित कर दिया जाए तो समस्या हल हो सकती है।

### अफसरों ने सुनीं समस्याएं, 109 का समाधान

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, अरुण कुमार गुप्त, डॉ. अरविंद कुमार राव, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह भी उपस्थित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस में 109 से अधिक शिकायतों का मौके पर ही समाधान हुआ।

# कैसरबाग चौराहे की बदलेगी सूरत

**लखनऊ।** कैसरबाग चौराहे का अब कायाकल्प होने जा रहा है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत नगर निगम की ओर से इस चौराहे के समग्र सुंदरीकरण, अतिक्रमण हटाने, सीवर व्यवस्था सुधार और बिजली तारों को भूमिगत करने जैसे अहम कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। मंडलायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कैसरबाग चौराहे पर चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ अपर नगर आयुक्त ललित कुमार एवं कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि बिजली के खुले तारों के मकड़जाल को हटाकर उन्हें पूरी तरह से अंडरग्राउंड किया जाए, ताकि क्षेत्र की सौंदर्य और सुरक्षा दोनों में सुधार हो। इसके साथ ही पुरानी और जर्जर इमारतों की फसार्ड लाइटिंग, टाइल्स लगाने का काम समय पर किया जाए। इसके अतिरिक्त, कैसरबाग में नया पार्किंग स्थल भी विकसित किया गया है जिसकी मार्किंग का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही नगर निगम की ओर से इसे किराए पर देकर स्थानीय यातायात व्यवस्था में सुधार लाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा। चौराहे की जल निकासी और सीवर की समस्या को देखते हुए जलकल विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही।

# मृतक आश्रितों को मिला रोजगार , महापौर ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** नगर निगम के मुख्यालय में शुक्रवार को दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वयं सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और उन्हें नगर निगम परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कुल आठ मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। ये सभी नियुक्तियां नगर निगम की विभिन्न कक्ष समितियों और विभागों में सफाई कर्मचारी के रूप में की गई हैं। इस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि यह नगर निगम का दायित्व है कि वह अपने दिवंगत साथियों के परिवारों का सहारा बने। मृतक कर्मचारियों ने अपने जीवन में नगर की सेवा की, और अब उनके परिजनों को रोजगार देकर नगर निगम उनका मान रख रहा है। यह निर्णय नगर निगम की संवेदनशीलता और मानवता दशार्ता है। नगर निगम के मुख्यालय में शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए 20 कर्मठ और समर्पित कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

# विधान परिषद सदस्य से मिलीं महापौर

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने शुक्रवार को यूपी भवन में विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे। भेंट के दौरान नगर विकास, स्वच्छता, और पार्षदों के समन्वय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। महापौर सुषमा खर्कवाल ने लखनऊ में चल रही नगर निगम की योजनाओं व नवाचारों की जानकारी दी। साथ ही श्री सोनकर का मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। यह भेंट प्रदेश व नगर के विकास के लिए साझा प्रयासों की दिशा में एक सकारात्मक कदम रही।

# मलिहाबाद के निवासी जलभराव व गंदगी से परेशान

**लखनऊ।** ग्राम दीघारा तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ का निवासी हूँ। मेरे घर के चारों ओर लगभग दोण्दो फीट तक गंदा पानी भरा हुआ है जिससे घर से निकलना और जीना बेहद कठिन हो गया है। इतना ही नहीं घर के मुख्य द्वार पर निकासी के लिए जो पुराना गड्ढा, गडही था। जो पुराने राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उस पर कुछ दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने वहां दीवार बना दी गयी है और जानबूझकर गंदगी, कूड़ा, कचरा, शौच आदि का ढेर लगा दिया है जिससे दुर्गंध और गंभीर बीमारियाँ फैल रही हैं। लगभग दो महीने से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। महिलाएं और बुजुर्ग घर में कैद जैसे हो गए हैं। हालात इतने खराब हैं कि बीमारियाँ तेजी से फैल रही हैं घर से निकलना मुश्किल हो गया है। पानी भराव के कारण रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। जिससे बच्चों का बाहर निकलना स्कूल जाना और आमजन का आना.जाना असंभव हो गया है। इस जलभराव के कारण गांव में बीमारियाँ फैल रही हैं। मच्छर बढ़ रहे हैं और लोगों का जीवन अस्त.व्यस्त हो गया है।

# कूड़ा उठाने के लिए अवैध वसूली करने पर तीन के खिलाफ एफआईआर

विशेष संवाददाता (vol)

- **नगर निगम ने की सख्ती लायन एनवायरो ने दर्ज कराई एफआईआर**

**लखनऊ।** कूड़ा उठाने के लिए नागरिकों से अनाधिकृत वसूली करने व कूड़ा संग्रहण करने के लिए सफाई एजेंसी लॉयन इनवायरो की ओर से तीन के खिलाफ तालकटोरा थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह कार्रवाई नगर निगम के सख्त रवैये के बाद की गई है।

दरअसल, नगर निगम को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जोन-2 तहत लेबर कॉलोनी एवं कुंअर ज्योति वार्ड में कुछ लोग बगैर निगम की अनुमति के निजी ठेले से घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र कर रहे हैं। इसके एवज में जबरन पैसे वसूल रहे थे। इस पर नगर निगम की एजेंसी लायन एनवायरो ने जांच करते हुए तीन प्रमुख लोगों की पहचान की, जो अवैध रूप से यह कार्य कर रहे थे। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि कोठारी बंधु क्षेत्र में निजी रूप से कूड़ा उठाने वाला शहादत हुसैन, बिस्मिल पार्क-2, बाबा की बगिया सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से कूड़ा उठाने व जबरन वसूली करने वाले अली व उनकी पत्नी तथा सपना कॉलोनी में बिना अनुमति कूड़ा संग्रहण के लिए विमला देवी पर मुकदमा कराया गया है। लायन एनवायरो के अधिकारियों ने बताया कि ऐसी अवैध गतिविधियों से अधिकृत सफाई व्यवस्था बाधित होती है तथा लोग भ्रमित होकर ठगी का शिकार भी बनते हैं। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत सफाई कर्मियों को ही कूड़ा सौंपें। अनधिकृत रूप से कूड़ा संग्रहण या जबरन वसूली करने वाले के खिलाफ टोल फ्री नंबर 1533 व लायन एनवायरो के नंबर 18002626172 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**राजाजीपुरम में एजेंसी के विरोध में हंगामा :** कूड़ा उठान और साफ सफाई की बदहाली को लेकर कुंवर ज्योति वार्ड राजाजीपुरम में कूड़ा उठाने के कार्य में लगी लॉयन सिक्योरिटी के खिलाफ जनता का विरोध किया गया। लोगों ने लायन सिक्योरिटी पर जबरन वसूली का आरोप लगाया। कूड़ा न उठाने पर लोगो का गुस्सा फूटा। लायन सिक्योरिटी की कार्यशैली पहले से ही बेहद खराब रही है।

कर्मचारियों को वेतन न देने के आरोप और कूड़ा न उठाने को लेकर कम्पनी पहले भी ब्लैकलिस्टेड हो चुकी है। बावजूद नगर निगम लायन सिक्योरिटी के माध्यम से कुछ जोन में काम ले रहा है।

# अब घर-घर महिलाएं वसूलेंगी वाटर टैक्स

- **हर जोन के दो वार्डों में डूडा समूह की महिलाएं करेंगी घर-घर वसूली**

**लखनऊ।** नगर निगम के जलकल विभाग ने टैक्स वसूली के क्षेत्र में एक नया और अभिनव कदम उठाया है। अब डूडा के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जलकल के कर की घर-घर वसूली के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत नगर निगम के सभी आठ जोनों में दो-दो वार्ड चिन्हित किए गए हैं और प्रत्येक वार्ड में दो महिलाएं तैनात की जा रही हैं। ये महिलाएं नागरिकों से एम-पॉस मशीन के माध्यम से टैक्स वसूलेंगी, जिससे वसूली की प्रक्रिया पारदर्शी, आसान और डिजिटल हो जाएगी।

इस महत्वपूर्ण व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करने के लिए शुक्रवार को जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डूडा समूह की चयनित महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया और उनके दायित्वों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने महिलाओं को एम-पॉस मशीन के संचालन और राजस्व से संबंधित नियमों की भी जानकारी दी। हर वार्ड में दो महिलाओं को तैनात किया गया है, यानी कुल 32 महिलाएं घर-घर जाकर नागरिकों से जलकल कर की वसूली करेंगी। ये महिलाएं नागरिकों को डिजिटल रसीद उपलब्ध कराएंगी और ऑनलाइन अपडेटेड रिकॉर्ड भी तैयार करेंगी। इससे न केवल लोगों को कर भुगतान में सुविधा मिलेगी, बल्कि बकाया वसूली में भी तेजी आएगी। बाबू बनारसी दास वार्ड, लाल कुआं वार्ड, लेबर कॉलोनी वार्ड, राजेन्द्र नगर वार्ड, अर्जुनगंज वार्ड, महानगर वार्ड, विकासनगर पूर्वी वार्ड, राजीव गांधी-हितियागंज वार्ड, गोमतीनगर विस्तार वार्ड, गुरु गोविन्द सिंह वार्ड, बाबू कुंज बिहारी वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री प्रथम द्वितीय वार्ड, शारदानगर प्रथम वार्ड में यह सुविधा शुरू की जाएगी। जीएम जलकल कुलदीप सिंह ने बताया कि यह पहल न केवल राजस्व वृद्धि की दिशा में सहायक होगी, बल्कि यह रडिजिटल, पारदर्शी और जनसहभागिता आधारित शासन की मिसाल भी बनेगी। इससे नागरिकों को बेहतर सेवा और महिलाओं को गरिमा पूर्ण आजीविका का अवसर मिलेगा।

# स्वतंत्रता दिवस को भव्य रूप से मनाने की करें तैयारी : एसपी गोयल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने शुक्रवार को विधान भवन के सामने आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य, परंपरागत व गरिमा के साथ आकर्षक ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में सुबह 9 बजे के बाद मुख्यमंत्री का अभिभाषण सूचना विभाग की ओर से वीडियो लिंक के माध्यम से प्रसारित किया जाए और एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित भी किया जाये।

उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को विधान भवन के समक्ष आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री की ओर से ध्वजारोहण और जनता को संबोधन किया जाएगा।

इस समारोह का व्यापक प्रचार-प्रसार दूरदर्शन और आकाशवाणी के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। दूरदर्शन लखनऊ के साथ समन्वय कर सजीव प्रसारण की व्यवस्था हो। विधान भवन और लोक भवन के सामने साउंड सिस्टम के माध्यम से देशभक्ति गीत बजाए जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश की प्रगति, विकसित नगर और गांव की झलक दिखाई जाए। विधान भवन के समक्ष स्थापित स्व. चौधरी चरण सिंह और स्व. गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा सहित अन्य सभी प्रतिमाओं, लॉन और उद्यान की साफ-सफाई समय पर पूरी हो। विधान भवन और सचिवालय की आंतरिक और बाह्य सफाई, मार्गों-नालियों, सड़क आदि की सफाई करायी जाये और पार्किंग से निष्प्रयोज्य वाहनों को हटाया जाए। 14 व 15 अगस्त को लोक निर्माण विभाग एवं पावर कारपोरेशन के साथ समन्वय कर सचिवालय के सभी भवनों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर प्रदेश सरकार की पिछले 08 वर्षों की उपलब्धियों और स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित फोटो प्रदर्शनी सूचना विभाग एवं अन्य विभागों के समन्वय से लगाई जाए। लोक भवन और विधान भवन की डायनामिक फसाड लाइट को छोड़कर अन्य भवनों को विद्युत सजावट से प्रकाशित किया जाए। बैठक में बताया गया कि नागरिक उड्डयन विभाग के सहयोग से समारोह स्थल पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। आजादी के अमृत महोत्सव और देशभक्ति से संबंधित 17 मिनट के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

शहर के प्रमुख स्थानों जैसे 1090, 112 चौराहा और बड़े पार्कों में सायंकाल होमगार्ड, एसएसबी, पीएससी और पुलिस के बैंड द्वारा देशभक्ति गीत बजाए जाएंगे। मुख्यमंत्री आवास से विधान सभा तक जगह-जगह पर स्वतंत्रता दिवस और देश-प्रेस से संबंधित पुष्पों से आकृतियां आदि बनायी जायेंगी। विगत वर्षों की भांति मा0 मुख्यमंत्री आवास व मुख्य सचिव आवास पर ध्वजारोहण की व्यवस्था की जायेगी। बैठक में प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन अमित कुमार घोष, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम, पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर, जिलाधिकारी विशाख जी, नगर आयुक्त लखनऊ गौरव कुमार सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### एसपी गोयल ने यूपीडा के कामकाज की जानकारी ली

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डिफेंस कारिडोर व एक्सप्रेसवे के किनारे बन रहे इंडस्ट्रियल मैन्यूफैक्चरिंग एवं लाजिस्टिक कलस्टर के लिए जमीन अधिग्रहण में आ रही बाधाओं को दूर कराया जाए। मुख्य सचिव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के कामकाज की समीक्षा की। यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही ने गंगा एक्सप्रेसवे समेत कई परियोजनाओं की अब तक की प्रगति के बारे में उन्हें जानकारी दी। बैठक में यूपीडा के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भी हैं।

# हाट कुक्ड फूड और टेक होम फूड ही बांटा जाये : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता (vol)

- **आंगनबाड़ी केंद्रो पर 6 साल तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पोशाहार बांटने का मामला**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रदेष में समेकित बाल विकास योजना के तहत 6 साल तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वयं सहायता समूहों के जरिये सूखा पोशाहार बांटने के राज्य सरकार के निर्णय को करारा झटका दिया है। कोर्ट ने कहा है कि इस योजना के तहत राज्य सरकार सूखा पोशाहार की जगह हाट कुक्ड फूड और टेक होम फूड ही बांटे।

कोर्ट ने कहा कि यह योजना पिछले पचास सालों से चल रही है जिसे सरकार सही मायनों में लागू करे ताकि बच्चों को कुपोशण की समस्या न हो ।यह निर्णय जस्टिस ए आर मसूदी व जस्टिस सुभाश विद्यार्थी की पीठ ने षिप्रा देवी और एक अन्य की ओर से अलग अलग दाखिल जनहित याचिकाओं को निस्तारित करते हुए पारित किया। याचिका पर पीठ ने गत 29 जुलाई को फैसला सुरक्षित कर लिया था जिसे षुक्रवार को सुनाया।

लखीमपुर निवासी षिप्रा देवी की ओर से यह याचिका दाखिल कर कहा गया था कि समेकित बाल विकास योजना पिछले पचास साल से चल रही है जिसके तहत केंद्र व राज्य सरकार के समन्वय से आंगनवाड़ी केंद्रो जरिये पोशाहार बांटा जाता है ।

कहा गया कि नियमों के तहत हाट कुक्ड फूड और टेक होम फूड बांटा जाता था किन्तु राज्य सरकार ने अब स्वयं सहायता समूहों के जरिये लोकल स्तर सूखा पोशाहार बांटने का निर्णय लिया है जिसे खारिज किया जाना चाहिए।

याचिका का केंद्र व राज्य सरकार की ओर से विरोध कर कहा गया कि पहले हाट कुक्ड फूड और टेक होम फूड के रूप में पोशाहार बांटने की व्यवस्था थी जिसके लिए कम्पनियों से सप्लाई ली जाती थी किन्तु सरकार के नये निर्णय से लोकल स्तर पर स्वयं सहायता समूंहे से यह काम लिया जायेगा जिस कारण 6 साल तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को आंगनबाड़ी में लोकल स्तर पर बेहतर पोशाहार मिल सकेगा। यह भी कहा गया कि जनहित याचिकायें पोशणीय नहीं हैं और ये छद्म रूप से उक्त प्रभावित होने वाली कम्पनियों की ओर से दाखिल करायी गयीं हैं। कहा गया कि सरकार की पालिसी में तभी दखल दिया जा सकता है जब व किसी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन करती हो किन्तु इस मामले में लोकल स्तर स्वयं सहायता समूहों को काम देकर किसी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं किया गया है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए याचिकाओं को निस्तारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देष दिया है कि हाट कुक्ड फूड और टेक होम फूड के रूप में ही पोशाहार बांटा जाये।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# मुनाफे का झांसा देकर व्यवसायी से 44.25 लाख ठगे




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शेयर ट्रेडिंग में तीन गुना मुनाफे का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने विभूतिखंड में रहने वाले व्यवसायी रविन वत्स से 44.25 लाख रुपये ठग लिए। व्यवसायी ने फेसबुक पर शेयर ट्रेडिंग का एड देखकर उसे लाइक किया, फिर दिए गए नंबर पर फोन किया। महिला ने खुद को ट्रेडिंग कंपनी का एक्सपर्ट बताकर निवेश के टिप्स दिए। इसके बाद व्यवसायी ने 44.25 लाख रुपये निवेश कर दिए। ठगी का पता चलने पर साइबर थाने में व्यवसायी ने मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना ब्रजेश कुमार यादव के मुताबिक रविन वत्स ने तहरीर देकर बताया कि वह विभूतिखंड शालीमार वन वर्ल्ड विस्टा अपार्टमेंट में रहते हैं। 29 जून को उन्होंने फेसबुक पर शेयर ट्रेडिंग का एड देखा। व्यवसायी की चैट जालसाज महिला से शुरू हुई। महिला ने खुद को बताया कि वह एचएनआई ग्रुप से साहना अय्यंगार बोल रही हैं। साहना ने ट्रेडिंग टिप्स देनी शुरू की। व्यवसायी ने बताया कि आठ जुलाई तक उन्होंने कई बार में 44.25 लाख रुपये का निवेश किया। निवेश के बाद बढ़ोतरी की रकम 1.5 करोड़ रुपये दिखाई दी। रुपये निकालने का प्रयास किया तो 50 लाख रुपये की और मांग की गई। मना करने पर महिला धमकाने लगी। विरोध पर उसने ग्रुप से ब्लाक कर दिया। ठगी का पता चलने पर परिचितों और उच्चाधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद साइबर थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## साइबर जालसाजों ने तीन के खाते से 1.56 लाख उड़ाये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। साइबर जालसाजों ने तीन लोगों के खाते से 1.56 लाख रुपए उड़ा लिए। पीड़ितों की तहरीर पर तालकटोरा व ठाकुरगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। सुशांत गोल्फ सिटी के रिशिता सेलिब्रिटी ग्रींस निवासी कमलेश गुप्ता कुछ दिन पहले उनके पास एक कॉल आई। फोनकर्ता ने योग खुद को पतांजलि हरिद्वार से आचार्य विशाल वर्मा पतांजलि योगपीठ में उपचार में 15 प्रतिशत की छूट की बात बताई। बातों में आकर उन्होंने दो लोगों के इलाज के लिए बताए खाते में करीब 49 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद इलाज स्वामी रामदेव व आयुवेर्दाचार्य बालकृष्ण से कराने के नाम पर करीब 31 हजार रुपये और ट्रांसफर करवा लिए। टिकट कराने के बाद उन्होंने 25 जुलाई को आचार्य विशाल को फोन किया तो वह स्विच ऑफ था। वहीं, राजाजीपुरम ई-ब्लॉक निवासी श्रीराम नारायण भावे के मुताबिक फोनकर्ता ने बैंक कर्मी बता क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने का झांसा दिया। बातों में आकर उन्होंने डिटेल बता दी। कुछ ही देर में उनके खाते से 37 हजार रुपए निकल गए। उधर, ठाकुरगंज के विश्वासनगर निवासी अधिवक्ता कौशलेंद्र की बेटी वेदात्मिका के मुताबिक उनके पास एक कॉल आयी। फोनकर्ता न कहा कि आपके पिता को बारह हजार देने थे। गलती से तीस हजार भेज दिए हैं। आप 18 हजार वापस कर दो। जालसाज ने फर्जी क्रेडिट मैसेज भेजकर 18 हजार ऐंठ लिए।

**हैकर्स ने महिला के खाते से उड़ाये रुपये:** आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक महिला खाताधारक से एक हैकर्स ने फ्लिपकार्ट कस्टमर केयर एजेंट बन महिला को झांसे में ले वाट्सएप के माध्यम से क्यूं आर हासिल कर आनलाइन 83,349 रुपये का ट्रांजेक्शन कर हडप लिया। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर आई निवासी अल्पना आर्या के अनुसार बीते 14 मई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात कालर ने फोन किया और खुद को फ्लिपकार्ट के कस्टमर केयर एजेंट के रूप में पेश किया।

## रिटायर कर्नल को पीटने व पत्नी से छेड़छाड़ का आरोप, केस दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** शहीद पथ स्थित ओमेक्स वाटरस्केप्स अपार्टमेंट निवासी रिटायर कर्नल ने पड़ोसी पर पीटने व पत्नी से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस जांच कर रही है। रिटायर कर्नल के मुताबिक 27 जुलाई को वह बालकली में गए तो वहां तुलसी के पौधे पर एक बर्गर का पैकेट पड़ा था। पैकेट खोलकर देखा तो उसमें कुछ आपत्तिजनक चीजें थी। सिक्योरिटी इंचार्ज से पता कराया तो मालूम पड़ा कि बर्गर का ऑर्डर संजय निगम के बेटे आकर्ष ने दिया था। रिटायर कर्नल संजय के फ्लैट पर पहुंचे तो वह नहीं मिले। शाम को पुलिस को बुलाकर दोबारा संजय के फ्लैट पर गए तो उनका बेटा आकर्ष और एक युवती निकली। दोनों उनसे गाली गलौज करने लगे। तभी संजय, उनकी बेटी और कार सवार एक अज्ञात युवक भी अपार्टमेंट में आ गया। रिटायर कर्नल का आरोप है कि संजय निगम, उसका परिवार व अज्ञात युवक ने पुलिस के सामने ही उनकी पिटाई कर दी। उन पर धारदार हथियार से हमला करने की कोशिश की। उनकी पत्नी के साथ भी अभद्रता की। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह उन्हें बचाया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# देश में एआई से 2.3 मिलियन से अधिक नौकरियों का सृजन संभव : स्टीफन एजेल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फिक्की एफएलओ लखनऊ ने अमेरिकी दूतावास नई दिल्ली के सहयोग से आज लखनऊ के होटल रेनेसां में एआई डीमिस्टीफाइडः व्हाट वी नीड टू नो इन 2025 शीर्षक से एक आकर्षक सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वाशिंगटन डी.सी. स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार फाउंडेशन (आईटीआईएफ) के उपाध्यक्ष, स्टीफन एजेल ने उद्योगों, नवाचार और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव पर एक सम्मोहक व्याख्यान दिया। स्टीफन ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे-जैसे एआई अधिक नौकरियों को स्वचालित कर रहा है, नौकरी विस्थापन और आर्थिक असमानता का जोखिम बढ़ता जा रहा है, जिसके लिए पुनर्प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क जैसे सक्रिय उपायों की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एआई पर अत्यधिक निर्भरता मानव कौशल और संज्ञानात्मक क्षमताओं को नष्ट कर सकती है, जिसके लिए आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान के लिए मानवीय क्षमता को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। उन्होंने सुरक्षा विषय पर बोलते हुए कहा कि व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और एआई प्रणालियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोपरि है, जिसके लिए दुरुपयोग और उल्लंघनों को रोकने के लिए कड़े उपायों की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने बताया कि एआई 2030 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिवर्ष 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक का योगदान कर सकता है। और आने वाले दो वर्षों में भारत मे रोजगार के क्षेत्र में 2.3 मिलियन से अधिक नई एआई-संचालित नौकरियां सृजित हो सकती हैं। इस सत्र ने एआई के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की कि कैसे एआई भविष्य को आकार दे रहा है और कैसे व्यक्ति और व्यवसाय इस उभरती हुई तकनीक को अपना सकते हैं। फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूजा गर्ग की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल, सीनियर वाईस चेयर पर्सन सिमरन साहनी, देवांशी सेठ, ज्योत्सना हबीबुल्ला, विभा अग्रवाल, स्वाति वर्मा और वनिता यादव सहित बड़ी संख्या में फ्लो सदस्यों ने भाग लिया।

# दो बाइकों में भिड़ंत, युवक की मौत, साथी घायल




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुड़ंबा के मिजार्पुर चौराहे के पास गुरुवार देर रात दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। वहीं, साथी घायल हो गया। उधर, हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार भाग निकला। मूलरूप से सीतापुर निवासी शरीफ (19) गुड़ंबा के मिश्रपुर में रहकर ग्रॉसरी प्रोडक्ट डिलीवरी कंपनी में काम करता था। भाई असलम ने बताया कि शरीफ गुरुवार देर रात 12:30 बजे दोस्त जावेद के साथ बाइक से किसी काम से निकला था। वह मिजार्पुर चौराहे स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में शरीफ और जावेद बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में दोनों चोटिल हो गए। पुलिसकर्मियों ने दोनों घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल भेजवाया। जहां इलाज के दौरान शरीफ की मौत हो गई। वहीं, जावेद को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। शरीफ के परिवार में पिता सज्जाद व मां जहरूनिशा हैं। इंस्पेक्टर गुड़ंबा के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**आलमबाग में बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार चोटिल:** आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित ईको गार्डन के पास गुरुवार सुबह एक बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गया और उसका मोबाइल फोन गुम हो गया। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित सुभाष नगर निवासी गौरव त्रिपाठी पुत्र अरून कुमार त्रिपाठी के अनुसार वह गुरुवार 31 जुलाई सुबह लगभग 10:30 बजे वह अपनी स्कूटी से वीआईपी रोड से कैंट क्षेत्र की ओर जा रहा था। उस दौरान आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित इको गार्डन रोड के पास एक बाइक से उसकी स्कूटी टकरा गई और वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से चोटिल हो गया। वहीं पीड़ित का कहना था कि उस सड़क दुर्घटना के दौरान किसी ने उसका कीमती मोबाइल फोन उठा स्वीच ऑफ कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उसने अपना प्राथमिक उपचार कराने के बाद स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के अर्जुनगंज स्थित गिट्टी प्लांट के पास एक झोपड़ी डाल कर रह सो रहे मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। सुबह जब वह काम पर नही पहुंचा तो साथी मजदूरों ने फोन किया। फोन नही उठा तो उसकी झोपड़ी में जाकर देखा तो वह मृत पड़ा था। जिसके बाद मजदूरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो उसकी झोपड़ी में करंट आ रहा था। पुलिस ने पहले तार कटवाया फिर शव को बाहर निकालकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा।

पुलिस के मुताबिक ग्राम पहाड़पुर कोड़रा थाना तंबौर जिला सीतापुर का रहने वाला मेवालाल (45) सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में अर्जुनगंज क्षेत्र के गिट्टी प्लांट कब पास झोपड़ी में रहकर मजदूरी करता था।

पुलिस के मुताबिक सुबह वह जमीन पर वह सो रहा था। पास में एक विजली का बोर्ड पड़ा था। जिसमे पानी भरने की वजह से अंदर करंट आ रहा था। ऐसा लगता है कि रात की बारिश के दौरान उसे करंट लगा जिससे वह बाहर निकल नही पाया होगा। और करंट की चपेट में आ गया। पुलिस के मुताबिक उसका बेटा दो दिन पूर्व गांव चला गया गया। बेटा भी पिता के साथ रहकर मजदूरी करता था। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो मौके पर पहुंचे मृतक के पिता पेशन रैदास ने शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम भिजवाया।

## घर व शोरूम में चोरी

**लखनऊ।** चोरों ने विभूतिखंड व बीकेटी में घर को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवर पार कर दिए। वहीं, मड़ियांव में टाइल्स शोरूम से तीन लाख रुपये चोरी कर लिए। पीड़ितों की तहरीर पर विभूतिखंड, बीकेटी व मड़ियांव पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। विभूतिखंड के विक्रांत खंड निवासी अशोक कुमार गुप्ता के मुताबिक 26 जुलाई को घर पर ताला लगाकर वह गोरखपुर गए थे। दोपहर 3:30 बजे चोर खिड़की की ग्रिल और शीशा तोड़कर मकान में घुस गए। चोर घर से एक लाख रुपए और जेवर चोरी कर ले गए। चोरों की करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई। उधर, चोरों ने बुधवार रात बीकेटी के राजापुर इंदौरा निवासी मुकेश के घर से लाखों रुपए के जेवर चोरी कर लिए। उधर, मड़ियांव के आईआईएम रोड निवासी हर्षिता यादव के मुताबिक टाइल्स उनके टाइल्स शोरूम पर ठाकुरगंज में रहने वाला पुष्पेन्द्र सिंह काम करता था। आरोपित पुष्पेन्द्र शोरूम से तीन लाख रुपए चोरी कर भाग गया। अब वह काम पर भी नहीं आ रहा है।

## लाठी-डंडों से पीटा

लखनऊ। गुडम्बा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम मामूली विवाद पर सेमरा गांव में किसान राम प्रकाश ने सपरिवार आलोक कुमार यादव को पीट दिया।

**सूचना**

मैं परमात्मादीन री, हवलदार एसीपी आर्मी नंबर 15668354L पुत्र स्वर्गीय माता बदल निवासी ग्राम व पोस्ट तिरहुत तहसील मुसाफिरखाना जनपद सुलतानपुर, मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम HARKESH व जन्म तिथि 29/07/2002 लिख गया है। जो कि गलत हैं जो कि सही नाम HARIKESH व जन्म तिथि 30/01/2005 है।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा नाम उषा सिंह पत्नी भानुप्रताप सिंह है। मेरे आधार कार्ड संख्या 327429181790 में त्रुटिवश भानुमती लिख गया है, जबकि मेरा नाम उषा सिंह है। मुझे उषा सिंह पत्नी भानुप्रताप सिंह के नाम से जाना व पहचना जाए। **भानुप्रताप सिंह निवासी गद्दीपुर पौडावार पोस्ट परसदा तहसील मिश्रिख, जिला सीतापुर।**

# तीन वाहन चोर गिरफ्तार, एक स्कूटी सहित नौ बाइक बरामद



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** कृष्णा नगर पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने गिरफ्त में आए शातिरों की निशानदेही पर एक स्कूटी सहित नौ बाइक बरामद किया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पकड़ेगए शातिरों ने अपना परिचय आरिफ पुत्र सुबेदार निवासी बादलखेडा बुद्धेश्वर थाना पारा जनपद लखनऊ, आसू रस्तोगी पुत्र दिनेश कुमार पुराना हैदरगंज थाना बाजारखाला निवासी व तीसरे ने परिचय सलमान पुत्र आजाद बुलाकी अड्डा थाना बाजारखाला लखनऊ निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार आरिफ ट्रक चालक है और आसू रस्तोगी रंगाई-पुताई का काम करता है। वहीं सलमान कबाड़ की फेरी करता है। इन लोगों घूम घूम कर रैकी कर चोरी की घटना को अंजाम दे फरार हो जाते थे और फिर उन्हें सस्ते दामों पर बेच देते थे। जिनके खिलाफ राजधानी के नाका, सरोजनीनगर, पारा, मानक नगर, वजीरगंज में चोरी सहित अन्य धाराओं में के मुकदमे दर्ज। वहीं पुलिस के अनुसार आरिफ पर थाना ठाकुरगंज में दुष्कर्म चोरी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है जहां से वह जेल जा चुका है। जिन्हें चोरी के वाहन बरामदगी के आधार पर शातिरों को जेल भेज दिया गया है। फिनिक्स माल के पीछे एलडीए पार्किंग में चोरी के वाहन छुपाने का बना रखा था ठिकाना पुलिस के अनुसार शातिरों ने बताया कि वह लोग राजधानी के विभिन्न स्थानों से खड़े वाहनों को चोरी कर फिनिक्स माल के पीछे एलडीए पार्किंग में छुपाते थे और कूट रचित नम्बर प्लेट लगा देते थे। इसके बाद वे चोरी के वाहनों को पार्ट्स में या सस्ते दाम पर लोगों को बेच देते थे और मिले पैसों से अपना जीवन यापन करते थे।

## पुलिस ने स्मैक संग दो कैरियर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**आलमबाग।** आलमबाग पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से गुरुवार रात्रि थाना क्षेत्र स्थित कैब वे अंडरपास मवाइया से बाइक सवार दो कैरियर को गिरफ्तार करने के साथ 9.24 ग्राम स्मैक बरामद किया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि पकड़े गए शातिरों ने अपना परिचय साहिल सिद्दिकी पुत्र नईम सिद्दिकी बद्रीनगर नादरगंज थाना सरोजनीनगर जनपद लखनऊ व दूसरे ने परिचय नीरज कुमार पुत्र अरविंद अवध विहार कालोनी थाना सरोजनी नगर लखनऊ निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए शातिरों के पास से 9.24 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। बरामदगी के आधार पर शातिरों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

# चलती कार की छत पर चढ़कर किया स्टंट, वीडियो हुआ वॉयरल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राजधानी के इकाना स्टेडियम के पास रील बनाने का खतरनाक ट्रेंड जारी है। गुरुवार शाम को इकाना स्टेडियम के पास एक युवक की खतरनाक हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पवीडियो में दिख रहा है कि युवक चलती गाड़ी की अगली सीट से गाड़ी की छत पर चढ़ गया। इसके बाद उसने अपनी जेब से मोबाइल फोन निकाला और बातचीत करने लगा। इस दौरान वह तीन बार गिरते-गिरते बचा। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि उसका संतुलन बिगड़ रहा था। अगर वह गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। रील में तने रील में गुंडे देखे है मखा रियल में गुंडे हम है गाना बज रहा था। युवक इसी गाने पर अपना स्टंट दिखा रहा था। यह पहली बार नहीं है जब इस तरह का वीडियो वायरल हुआ है। कुछ दिन पहले भी इसी तरह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैला था। अब देखना यह है कि स्थानीय पुलिस ऐसे खतरनाक स्टंट करने वालों पर कितनी सख्ती कर पाती है। लखनऊ में रोजाना युवक इकाना स्टेडियम के आसपास चलती गाड़ियों पर इस तरह के खतरनाक स्टंट करते हुए रील बना रहे हैं। इस प्रकार के स्टंट न केवल उनकी अपनी जान के लिए खतरा हैं, बल्कि सड़क पर मौजूद अन्य लोगों के लिये खतरा है।

## संतों की स्मृति में बंदी माता मंदिर में अखंड रामायण पाठ

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित श्री बंदी माता मंदिर अखाड़ा समिति की ओर से शुक्रवार को ब्रह्मलीन श्री कपिलेश्वर पुरी जी महाराज व अन्य संतों की पुण्य स्मृति में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। शनिवार को पाठ पूर्ण होने के बाद हवन, पूजन व भंडारे होगा। महंत मनोहर पुरी जी महाराज ने बताया कि इस वर्ष बंदी माता मंदिर के जीर्णोद्धार व नव निर्माण के कारण आयोजन को सूक्ष्म किया गया है। शनिवार को पाठ की पूर्णाहुति के बाद दोपहर में समाधि पूजन और संत-महंतों व भक्तों का भंडारा होगा।

## आशियाना में डाला चोरी, मुकदमा दर्ज

**आलमबाग।** आशियाना थाना इलाके में घूम रहे बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े बीते दो दिन पूर्व मंगलवार दोपहर एक टेन्ट कारोबारी का डाला दुकान के सामने से पार कर दिया। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पुराना किला हुसैनगंज लखनऊ निवासी दिनेश अग्रवाल निवासी पुत्र स्व एस बी अग्रवाल के अनुसार वह आशियाना थाना इलाके स्थित पावर हाउस चौरहे पर उनकी दिनेश टेन्ट हाऊस नाम से दुकान एक निजी प्लाजा में संचालित है। बीते 29 जुलाई की सुबह उन्होंने अपना ई रिक्शा संख्या यूपी 32 ईएन 4568 दुकान के सामने खडा किया था। जो करीब डेढ़ बजे अपने स्थान पर मौजूद नहीं था। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने खोजबीन करने के बाद स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज खंगाल चोरों की तलाश की जा रही है।

## पुल के नीचे मिले शव की हुई शिनाख्त

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार स्थित ग्वारी पुल के नीचे मिले शव की शिनाख्त शटरिंग कारीगर विजय लोधी (35) के रूप में हुई। परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगा जांच की मांग की है। मूलरूप से सिधौली सीतापुर निवासी विजय लोधी गोमतीनगर विस्तार स्थित सेक्टर- वन में शटरिंग का काम कर रहे थे। भाई दिलीप ने बताया कि विजय ने बुधवार को बताया था कि उसका साथियों के साथ पैसे के लेन देन को लेकर ग्वारी चौराहे पर विवाद हुआ था।

# पुलिसिंग में कौशल ही सबसे ज्यादा मायने रखता है : असीम अरुण

- यूपीएसआईएफएस में वर्टिकल इंटेरेक्शन कोर्स संपन्न
- प्रवर्तन एजेंसियों को तकनीक और डेटाबेस से सुसज्जित किया जाना आवश्यक : अशोक कुमार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में शुक्रवार को ब्यूरो ऑफ पुलिस रिर्सच एंड डेवलपमेंट भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित पांच दिवसीय वर्टिकल इंटेरेक्शन कोर्स संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण एवं अति विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार संयुक्त निदेशक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो लखनऊ थे, जिन्हें संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि असीम अरुण ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों को वर्टिकल इंटेरेक्शन कोर्स को पूर्ण करने की बधाई देते हुए कहा कि आज समय की मांग के अनुसार यूपीएसआईएफएस ने आप सभी को महतपपूर्ण कोर्स कराया है, जिसमें साइबर सिक्योरिटी एवं फोरेंसिक विषयों पर आप सभी ने ज्ञान हासिल किया। उन्होंने अपने प्रारंभिक नौकरी के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि मैं नौकरी में नया-नया आया था। पुलिस कार्य के पैटर्न पारम्परिक थे। किसी अपराधी को ढूढ़ने का कार्य भी अलग होते थे। उसी दौर में मोबाइल आया तो एक बार फिर पुलिस के कार्य चुनौती पूर्ण हुए लेकिन वक्त के हिसाब से पुलिस ने मोबाईल फोन के तकनीक को सीखा और सफल भी हुई लेकिन अब टेक्नोलोजी और अधिक आगे है। पुलिस को अपराधियों से अधिक तकनीकी ज्ञान हासिल करना होगा। उन्होंने कहा कि यह कि संस्थान कैसे अस्तित्व में आया मैं इसके एक-एक विषयों से वाकिफ हूं। उन्होंने इसे उत्कृष्ट केंद्र बनाने में निदेशक डॉ जीके गोस्वामी के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि अरुण ने कहा कि कैसे उत्तर प्रदेश में मोबाइल फोन के बढ़ते चलन ने अपराध दर को प्रभावित किया है और कैसे पुलिस अधिकारी इन चुनौतियों का लगातार सामना कर रहे हैं? जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आइए इंटरनेट को डिजाइन द्वारा सुरक्षित बनाएं के दृष्टिकोण पर अपने विचार रखे और उपयोगकर्ताओं के लिए ऑनलाइन स्पेस को सुरक्षित बनाने के लिए डार्क वेब के समानांतर एक ब्राइट वेब बनाने की पहल को प्रोत्साहित करने की बात रखी। उन्होंने अदालत में डिजिटल साक्ष्य को स्वीकार्य बनाने के लिए तकनीक को एकीकृत करने के महत्व का भी उल्लेख करते हुए और भी जानकारी साझा की और इस बात पर जोर दिया कि पुलिसिंग में कौशल ही सबसे ज्यादा मायने रखता है। सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। इस अवसर पर अशोक कुमार संयुक्त निदेशक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो लखनऊ ने वित्तीय अपराधों की प्रकृति पर चर्चा की और उन्हें उपचारात्मक और निवारक दोनों दृष्टिकोणों से अपनी बात को प्रस्तुत किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों को तकनीक और डेटाबेस से अच्छी तरह सुसज्जित किया जाना चाहिए। उन्होंने आज के अत्यधिक डिजिटल युग में इस कोर्स के महत्व के बारे में बताया तथा संस्थान को भाग लेने और ज्ञान साझा करने के अवसर के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी बीपीआर एंड डी के सहयोग से प्राप्त कोर्स पर प्रकाश डालते हुए मंत्री असीम अरुण का मंच से आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि आज के दौर में पुलिस विभाग में वर्तमान तकनीकी पर फोकस करना जरुरी है। प्रशासनिक अधिकारी अतुल यादव ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कोर्स हमारे लिए एक चुनौती था लेकिन आज इसकी सफलता पर हमें बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने पाठ्यक्रम के समन्वय में आने वाली चुनौतियों को भी साझा किया। इस अवसर पर यूपीएसआईएफएस के अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजिब मुखर्जी अतुल यादव, विवेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह, फैकल्टीज डॉ श्रुति दास, चंद्रमोहन सिंह, डॉ मनीष राय, गिरिजेश राय, डॉ सपना शर्मा, डॉ नेहा, डॉ पलक एवं कार्तिकेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधन की शॉपिंग के लिए सजने लगे लखनऊ के बाजार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षाबंधन में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में लखनऊ के सभी बाजार सजकर तैयार हो चुके हैं। अगर आप भी रक्षाबंधन की तैयारियां शुरू करने जा रहे हैं तो लखनऊ के कुछ मशहूर बाजार हैं, जहां से आप तैयारी कर सकते हैं। इन बाजारों में आपको कपड़ों से लेकर रक्षाबंधन के उपहार और राखियां तक सब कुछ बेहद कम कीमतों पर मिलेगा।

लखनऊ शहर का सबसे मशहूर बाजार है अमीनाबाद बाजार, अगर आप लखनऊ में नए आए हैं या फिर रक्षाबंधन की तैयारियां शुरू करने जा रहे हैं तो अमीनाबाद बाजार जरूर जाएं। यहां पर राखियां सज चुकी है। कपड़ों की तमाम दुकानें हैं, आपको अगर भाई को उपहार देना है तो यहां 500 रुपए से लेकर 1000 रुपए में टी शर्ट, शर्ट और पैंट तक मिल जाएगा। यही नहीं तमाम तरह के उपहार जैसे घड़ी और ब्रेसलेट तक यहां से कम कीमतों पर खरीदा जा सकता है।

**5 से 500 रुपये तक की राखियां:** अगर आपको राखी की खरीदारी करनी है तो लखनऊ के अमीनाबाद में ही बने हुए प्रताप मार्केट या फिर गड़बड़झाला के आगे स्थित बाजार में जाकर खरीदारी कर सकते हैं। यहां पर 5 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की राखियां है। अमीनाबाद बाजार में ही राखी की दुकान चला रही अलका ने बताया कि उनके पास बड़े और बच्चों सभी के लिए राखियां हैं, जिन लोगों को राखियां बाहर भेजनी हैं, उन लोगों ने अभी से खरीदारी करनी शुरू कर दी है।

**नक्खास बाजार:** अमीनाबाद बाजार के पास में ही यह बाजार है। सस्ते कपड़ों, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, जूते, चप्पल के साथ ही यहां पर इन दिनों लड़कियों और महिलाओं के लिए खास तौर पर सेल चल रही है, जहां पर 400 रुपए से लेकर 500 रुपए तक के सूट दिए जा रहे हैं। लड़के इन दिनों अपनी बहनों को गिफ्ट में सूट देने के लिए इसी तरह की सेल पर जाना पसंद कर रहे हैं। 400 रुपए में लड़कियों का सूट बेच रहे रवि ने बताया कि रक्षाबंधन स्पेशल सूट का ऑफर निकाला है। बंपर सेल चल रही है, 400 रुपए से लेकर 500 रुपए में सूट दिए जा रहे हैं।

**अलीगंज का डांडिया बाजार:** अलीगंज का डांडिया बाजार खरीदारी के लिए मशहूर है। यहां पर भी भाई बहनों के लिए तमाम तरह के उपहार सज चुके हैं।



राखियां कम कीमतों पर यहां उपलब्ध हैं। इसके अलावा यहां पर लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए स्टाइलिश कपड़े भी मिलते हैं। यह बाजार लखनऊ का दूसरा सबसे सस्ता बाजार है।

**राजाजीपुरम ई-ब्लॉक मार्केट:** लखनऊ में बहुत कम ही लोग जानते हैं कि राजाजीपुरम ई-ब्लॉक मार्केट में अच्छी चीजें मिलती हैं। यहां पर भी 5 रुपए से लेकर 100 रुपए तक की राखियां मिलती हैं और यह बाजार उपहार देने के लिए सबसे अच्छा बाजार है। यहां गिफ्ट की तमाम दुकानें हैं, जहां पर सस्ते से सस्ता और महंगे से महंगा गिफ्ट खरीदा जा सकता है।

**चौक बाजार:** रक्षाबंधन की खरीदारी के लिए चौक बाजार भी काफी मशहूर है. खासतौर पर अगर आप अपनी बहन को या भाई को चिकन का सूट या कुर्ता गिफ्ट करना चाहते हैं तो चौक बाजार से खरीद सकते हैं।

**यहियागंज लखनऊ मार्केट:** एक रुपए से लेकर हजार रुपए तक की राखी अगर आपको खरीदनी है तो इस बाजार में जाना बिल्कुल भी न भूलें। यह बाजार थोक बाजार है, यहां पर राखियां अभी से ही मिलने लगी हैं. पूरा मार्केट सज चुका है। सस्ती राखी खरीदने के लिए यह बाजार सबसे मशहूर है।

## 'आंख का लॉकेट' बनेगा बहनों का कवच





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस बार भाई बहनों का पर्व रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा। इसको लेकर अभी से ही लखनऊ शहर में तैयारियां करनी शुरू कर दी हैं। खासतौर पर भाइयों ने इस बार एक अनोखा तरीका अपनाया है। बता दें कि इस बार लखनऊ की ज्यादातर ज्वेलरी की दुकानों पर भाइयों ने अपनी बहनों को बुरी नजरों से बचाने के लिए आंख का लॉकेट बनवाया है, ताकि उनकी बहनों को किसी भी तरह की बुरी नजर न लगे। लखनऊ के सरार्फा बाजार में इस समय एक से बढ़कर एक खूबसूरत लॉकेट देखने के लिए मिल रहे हैं. यह ऑर्डर तैयार कराए गए हैं।

**आकर्षण का केंद्र बने लॉकेट:** इन सभी लॉकेट में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र है आंख का लॉकेट जिसको खासतौर पर बुरी नजर से बचाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इन लॉकेट की कीमत भी बेहद खास है। 18 कैरेट सोने और चांदी के लॉकेट लगभग 1000 रुपये से लेकर 25 हजार रुपए तक हैं।

**लगातार आ रहे हैं ऑर्डर:** सरार्फा व्यापारी अमरेंद्र जैन ने बताया कि इस बार भाइयों ने अपनी बहनों को खास तरह का लॉकेट देने की प्लानिंग कर रखी है। इसी के तहत उनके पास लगातार खास तरह के लॉकेट बनाने के ऑर्डर आ रहे हैं। आंख का लॉकेट बेहद खास है। लोग सोने और चांदी दोनों में आंख का लॉकेट बनवा रहे हैं. इस तरह के लॉकेट का चलन इस बार देखा है, साथ ही बताया कि जिनकी बहन विदेश में पढ़ रही है या फिर उनका ससुराल दूर है, तो उनके भाई खासतौर पर इस तरह के लॉकेट तैयार करा रहे हैं। ज्यादातर लॉकेट बनकर तैयार हो गए हैं और कुछ के ऑर्डर अभी भी आ रहे हैं। अमरेंद्र जैन ने बताया कि बेटों की ओर से अपनी मां के लिए मां और मॉम लिखे हुए लॉकेट भी तैयार कराए जा रहे हैं। यह भी पहली बार ही हो रहा है, क्योंकि जिन मां के भाई नहीं है वो मां अपने बेटों को ही राखी बांधती हैं, इसीलिए मां और बहन दोनों के लिए लॉकेट तैयार हो रहे हैं।

# संगिनी तीज उत्सव में महिलाओं ने मचाया धमाल, जीते पुरस्कार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संगिनी.2.0 का आगाज मारवाड़ी युवा मंच श्रद्धा ने मित्रता और तीज को समर्पित कार्यक्रम से किया। जिसमें सभी जोड़ियों और बिना जोड़ी वालों ने रैंप वॉक कर प्रश्नों के उत्तर और टैलेंट राउंड में विजयी बनकर प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्रद्धा क्वीन का चुनाव भी बड़ा रोचक रहा, जिसमें विजेता के सिर पर क्राउन पहनाया गया। फाउंडर अपर्णा मिश्र ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सबको प्रेरणात्मक संबोधन किया। मंच अध्यक्ष दीप्ती मित्तल और सचिव नीलू अग्रवाल ने जुलाई माह के सर्वश्रेष्ठ वालंटियर, स्टार ऑफ द माह में अनीता, जूली और सौम्या को घोषित किया। इस बार पर्यावरण माह और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत चीफ गेस्ट को पौधा भेट किया और सभी पुरस्कारों को कागज से ही वैप किया गया। तंबोला, प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी खेल कर राधिका, अलका, सीमा, रश्मि, राम, मुक्ति, बीना सभी ने इनाम जीते।

# सावन महीने का अंतिम प्रदोष व्रत 6 को, बनेगा शुभ योग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सावन माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत मनाया जाता है। यह दिन पूर्णतया भगवान शिव और देवी मां पार्वती को समर्पित है। इस शुभ अवसर पर देवों के देव महादेव और मां पार्वती की पूजा एवं भक्ति की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत रखा जाता है।

धार्मिक मत है कि सृष्टि के रचयिता भगवान शिव की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। साथ ही सभी प्रकार के रोग, दोष, दुख और भय दूर हो जाते हैं। साधक प्रदोष व्रत के दिन श्रद्धा भाव से बाबा की पूजा करते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, 06 अगस्त को भारतीय समयानुसार दोपहर 02 बजकर 08 मिनट पर सावन माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरूआत होगी। वहीं, 07 अगस्त को दोपहर 02 बजकर 27 मिनट पर त्रयोदशी तिथि का समापन होगा। सावन माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर पूजा का शुभ समय शाम 07 बजकर 08 मिनट से लेकर 09 बजकर 16 मिनट तक है। इस लिए इस बार प्रदोष व्रत 6 अगस्त को मनाया जायेगा। जानकारों की मानें तो प्रदोष व्रत का फल दिन अनुसार मिलता है। बुधवार के दिन पड़ने के चलते यह बुध प्रदोष व्रत कहलाएगा। बुध प्रदोष व्रत करने से साधक की मनोकामना पूरी होती है। साथ ही कुंडली में बुध ग्रह मजबूत होता है। बुध के मजबूत होने से कारोबार संबंधी परेशानी दूर होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है।



**बुध प्रदोष व्रत शुभ योग:** ज्योतिषियों की मानें तो सावन माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर दुर्लभ शिववास योग का संयोग बन रहा है। इस शुभ अवसर पर देवों के देव महादेव कैलाश पर देवी मां पार्वती के साथ विराजमान रहेंगे। इसके बाद भगवान शिव नंदी की सवारी करेंगे। इस दौरान भगवान शिव की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी।

**पूजा-विधि:** भगवान शिव को हाथ जोड़कर प्रणाम करें। आसन बिछाकर भोलेनाथ की ओर मुख कर बैठ जाएं। पूजा की सामग्री वस्त्र, जनेऊ, गंगाजल, पुष्प चंदन, साबुत चावल, धूप, दीपक, बेल पत्र, धतूरे का फल और पुष्प, दूर्वा, तुलसी पत्ते, फल व मिठाई अपने पास रख लें। पंचामृत में दूध, दही, देसी घी, शहद और शक्कर का मिश्रण करें। इन पांच वस्तु में यदि किसी एक वस्तु का अभाव हो तो गंगाजल का इस्तेमाल करें। मन में भगवान शिव का ध्यान करते हुए पूजा शुरू करें। सर्वप्रथम जलाभिषेक कर शिवलिंग पर चंदन का तिलक लगाएं। इसके पश्चात पुष्प अर्पित करें और पंचामृत से स्नान कराएं। धूप बत्ती और दीपक से भगवान की आरती उतारें। पात्र में रखकर भगवान को मिठाई और फल आदि अर्पित कर दक्षिणा चढ़ाएं। शिव मंदिर की आधी परिक्रमा करें। एकांत स्थान में बैठकर ऊ नमः शिवाय मंत्र का 108 बार जप करें।

# सूफी गीतों से सजेगी अवध की शाम ग्रैंड म्यूजिकल नाइट का पोस्टर लांच

- स्वतंत्रता दिवस पर वृक्षारोपण, मेडिकल कैम्प, कवि सम्मेलन, मुशायरे व कव्वाली का होगा आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गीत- संगीत , तबले की थाप पर कथक के घुंघरू की आवाज पर वाह वाह करने वाले कला के कदरदानो को मिलेगा आनन्द सुफी संगीत को सुनने का सुखनदान फाउण्डेशन के फाउण्डर चेयरमैन नदीम फरुख ने प्रेस क्लब मे आयोजित प्रेस वार्ता मे यह बात कही। सुखनदान के नेशनल प्रेसीडेंट कल्चरल विंग मोहम्मद अली साहिल ने जानकारी देते हुए कहा उनकी संस्था स्वतंत्रता दिवस के 78वें वर्ष के स्वतंत्रता दिवस को अगस्त माह भर मनाने का संकल्प लिया है जिसका प्रारम्भ प्रेसवार्ता के जरिए किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के माह अगस्त मे विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन जश्न ए हिन्दुस्तान के नाम से होंगे। ग्रैंड म्यूजिकल नाईट का पोस्टर लांच करते हुए साहिल ने बताया कि सुप्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय सूफी युवाओ गायक रईस अनीस साबरी 26 अगस्त को सूफी गीतो से अवध की शाम सजायेगे, जो जश्न ए हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा और आयोजन है। जिसके टिकट बुक माई शो से बुक कर सकते है इस आयोजन के लिए स्थानीय जन-मानस से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इसको अविस्मरणीय व ऐतिहासिक बनाये जाने की अपील की गयी। अन्य आयोजनों मे वृक्षारोपण, मेडिकल कैम्प, कवि सम्मेलन, मुशायरे, कव्वाली के आयोजनो को सफल बनाने के लिए सहयोग और साथ मांगा । पोस्टर लांचिंग के साथ ही कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी दी गई। मंच संचालन सरला शर्मा ने किया पोस्टर लांचिंग मे मो अहसन, कुदरत उल्ला, जुबैर अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भोजपुरी फिल्म 'आग और सुहाग' दर्शकों को खूब आ रही पसंद

**लखनऊ।** भोजपुरी फिल्म 'आग और सुहाग' ने यूट्यूब पर धूम मचा दी है। इस फिल्म ने रिलीज होते ही वायरल होना शुरू कर दिया और अब तक लगभग 3.35 लाख से ज्यादा लोग इसे देख चुके हैं। फिल्म 'आग और सुहाग' में रवि यादव और श्रुति राव मुख्य भूमिका में हैं, जबकि संजय पांडेय, अनामिका पांडेय, जे नीलम , अनिता सहगल , संतोष पहलवान, आयुषी पॉल, खुशबू यादव, कृष्णा यादव, बंटी तिवारी, डॉली गुप्ता और संजना मिश्रा जैसे कलाकार भी अहम रोल्स में हैं।

फिल्म का निर्देशन संजय वत्सल ने किया है, जबकि राकेश चंद्रा ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म का संगीत मधुकर आनंद ने दिया है और इसे जीएफसी म्यूजिक द्वारा रिलीज किया गया है। फिल्म में रवि यादव और संजय पांडेय के अभिनय को दर्शकों ने सराहा है। फिल्म की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह यूट्यूब पर वायरल हो रही है और बड़ी संख्या में लोग इसे देख रहे हैं। फिल्म 'आग और सुहाग' का निर्माण रिश्वा फिल्म्स क्रिएशन द्वारा किया गया है और इसे जीएफसी म्यूजिक द्वारा रिलीज किया गया है। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम रिफ्लेक्शन पिक्चर्स द्वारा किया गया है।

## मेहंदी प्रतियोगिता संग पांच दिवसीय सावन का मेला शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चौक स्थित आरिफ आशियाना बिल्डिंग में आज से पांच दिवसीय मल्हार पर्व मेला प्रारंभ हुआ। क्राफ्ट कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस मेले का शुभारंभ दीप प्रचलित कर चौक वार्ड के पार्षद अनुराग मिश्रा.. समाजसेवी रिद्धि किशोर गौड़, खुन खुन जी डिग्री कॉलेज की प्रधानाचार्य अंशु केडिया, चंद्रभान सिंह एवं निहारिका सिंह द्वारा किया गया।

इस मेले में उत्तर प्रदेश के शिल्पकारों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद अनुराग मिश्रा ने क्राफ्ट काउंसिल संस्था को पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। यह मेला 5 तारीख तक सुबह 11:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेगा। काउंसिल की उपाध्यक्ष ज्योत्सना अरुण ने बताया की क्राफ्ट काउंसिल ऑफ इंडिया पूरे भारत मे शिल्पकारों के कल्याण तथा शिल्प कलाओं के विकास के लिए कार्य करती है। भारत मे 10 प्रदेशों में क्राफ्ट काउंसिल कार्य करती है। क्राफ्ट काउंसिल ऑफ ऊ प्र इसी का भाग है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से काउंसिल की उपाध्यक्ष दिवाली बॉस सचिव बबीता चतुर्वेदी संयुक्त सचिव ज्योत्सना श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष अंजना शुक्ला एवं सच्चिदानंद गोस्वामी उपस्थित रहे 2 तारीख को मेहंदी प्रतियोगिता एवं 4 तारीख को पूजा थाली सजा प्रतियोगिता संपन्न होगी। क्राफ्ट काउंसिल का उद्देश्य लुप्त कलाओं को पुनर्जीवित करना, शिल्पकारों के जीवन स्तर को सुधारना, शिल्प कलाओं में प्रशिक्षण देना, प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।



# द मानसून कॉर्निवल में कलाकारों ने गीत-संगीत से बिखेरा जलवा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कलाकारों ने प्रगति इवेंट द्वारा संचालित द मानसून कार्निवल 2025 जो 18 जुलाई से आरंभ होकर 17 अगस्त तक चलेगा, बरसात का मौसम पानी की रिमझिम बौछारें सावन की मस्ती को झूलो सॉन्ग और बढ़ा रहा है, खाने पीने के शानदार स्टॉल, बेहतरीन क्रोकरी, लखनऊ चिनहट की मशहूर टेराकोटा की कलाकृतियां, जरूरत का हर सामान उचित मूल्य पर और साथ में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लखनऊ की जनता का भरपूर मनोरंजन द मानसून कार्निवल 2025 गौतम बुद्ध पार्क लखनऊ में देखने को मिल रहा है।

संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह इस नए प्रयोग की सफलता का श्रेय अपने प्रिय स्टॉल धारकों और जेटेक संस्था को देते हुए बताते हैं कि प्रगति इवेंट का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण शिक्षा, रोजगार, प्रदूषण और विलुप्त होती हुई लोक कला और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने का है। संस्था का यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच से आज सीतापुर के कलाकारों द्वारा अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से लोगों का खूब मनोरंजन किया और एक यादगार शाम अपने नाम कर लिया। तत्सम सेवा संस्थान सीतापुर के निर्देशक अभय श्रीवास्तव के निर्देशन में आरुषि, सुशील, मोहिनी, नितिन, सपना ,मानसी, हर्ष, निधि, संदीप, एजाज, आयूष, मोना, यश और आयति द्वारा नृत्य संगीत का अद्भुत प्रदर्शन किया, अपने नृत्य और गायकी से अपने उज्जवल भविष्य की गाथा स्वयं लिखी। प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच पर कलाकारों की प्रस्तुति पर संस्था के उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने कलाकारों को मोमेंटम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# देशभक्ति के जज्बे और रिश्तों के भावनाओं की कहानी है 'सरजमीन'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




एक्टर : पृथ्वीराज सुकुमारन, काजोल, इब्राहिम अली खान, बोमन ईरानी
डायरेक्टर : कायोज ईरानी
रेटिंग-2.5/5

**लखनऊ।** 'वतन के आगे कुछ नहीं, खुद भी नहीं।' फिल्म 'राजी' का यह डायलॉग तो आपको याद ही होगा ! निमार्ता करण जौहर अब उसी तर्ज पर अपनी नई देशभक्ति फिल्म लेकर आए हैं। फिल्म का नाम है- सरजमीन, और सार है- सरजमीं के आगे कुछ नहीं, बेटा भी नहीं। लेकिन अफसोस कि देशभक्ति के जज्बे से लेकर रिश्तों की भावनाओं तक, करण जौहर की यह फिल्म किसी मायने में 'राजी' के करीब भी नहीं फटकती। कश्मीर की खूबसूरत वादियों में सेट यह कहानी है, देश को सबसे ऊपर रखने वाले जांबाज आर्मी अफसर कर्नल विजय मेनन (पृथ्वीराज सुकुमारन) की, जो एक मुठभेड़ में दो आतंकियों आबिल और काबिल को गिरफ्तार कर लेता है। इन दोनों को रिहा करवाने के लिए आतंकी विजय के बेटे हरमन (इब्राहिम अली खान) को अगवा कर लेते हैं। अब विजय को देश और बेटे में से किसी एक को चुनना है। अपनी पत्नी मेहरूनिसा (काजोल) के दबाव में आकर पिता के दिल के आगे वह झुक भी जाता है और बेटे के बदले इन आतंकियों को छोड़ने को तैयार हो जाता है, मगर ऐन मौके पर देश के प्रति उसका कर्तव्य जाग जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि आतंकी हरमन को अपने साथ लेकर जाते हैं, जो आठ साल बाद वापस कर्नल विजय की जिंदगी में लौटता है। लेकिन अब वह पहले जैसा कमजोर तुतलाने वाला बच्चा नहीं रहा। वह एक प्रशिक्षित आतंकवादी बन चुका है। ऐसे में, एक-दूसरे के खिलाफ खड़े इस बाप और बेटे का रिश्ता किस मोड़ पर जाता है ? विजय इस बार किसे चुनेगा- बेटा या देश ? सोमिल शुक्ला-अरुण सिंह की लिखी यह कहानी कागजों पर यकीनन आकर्षक रही होगी, जिसमें एक फौजी के कर्तव्य और पिता के दिल के बीच जंग का इंटेंस ड्रामा है, देशभक्ति का इमोशन है और आखिर में हैरान कर देने वाला एक जोरदार ट्विस्ट भी। मगर स्क्रीनप्ले बिना किसी रिसर्च के इतने हल्के ढंग से लिखा गया है कि कहानी का न 'सर' सलामत बचता है, न पैरों के नीचे 'जमीन'। ऊपर से, आर्मी के प्रोटोकॉल की तो जो धज्जियां उड़ाई गई हैं, पूछिए मत। मसलन, दो वांटेड आतंकी को छोड़ने का फैसला कर्नल विजय अकेले कर लेते हैं। न उन्हें किसी से पूछने की जरूरत है, न सलाह-मशवरा की। इस दौरान एक आतंकी फरार हो जाता है, पर किसी को फर्क नहीं पड़ता। फिर, कई साल बाद अचानक एक लड़का अपना नाम हरमन विजय मेनन बताता है और वह उसे बिना जांच-पड़ताल पूरी किए अपने घर ले आते हैं। घर लाने के बाद इंवेस्टिगेशन करते रहते हैं। आर्मी अफसर की पत्नी के तौर पर काजोल के एक्शन भी समझ से परे लगते हैं। ऐसे अधकिारियों की पत्नियां बड़े से बड़े दुख को गरिमा के साथ झेल जाती हैं। देश को ऊपर रखने की खातिर पति को ऑफिस में तमाचा रसीद नहीं करतीं। इन सब वजहों से फिल्म शुरू से ही अपनी विश्वसनीयता खो देती है। इन किरदारों से जुड़ाव ही महसूस नहीं होता। आखिर का ट्विस्ट थोड़ा सा चौंकाता जरूर है, मगर कुल मिलाकर अपनी पहली फिल्म डायरेक्ट करने वाले कायोज ईरानी प्रभावित नहीं कर पाए हैं। एक तो आधी फिल्म अंधेरे में शूट की गई है, जिसे देखने के लिए आंखें फाड़नी पड़ती हैं। फिल्म की रफ्तार भी बेहद धीमी है। उस पर गानों की भरमार है, जो खूबसूरत बोल के बावजूद कानों में चुभते हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी लाउड है। फिल्म की थोड़ी-बहुत इज्जत काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे मंझे हुए कलाकारों ने बचाई है। उन्होंने अपनी तरफ से ईमानदार एक्टिंग की है, लेकिन लेखन की खामियां उनकी कोशिश पर भारी पड़ती हैं।

# दिल्ली-मुम्बई मार्ग के मथुरा-कोटा रेल खंड पर स्थापित हुआ कवच 4.0

## प्रथम चरण में पूर्वोत्तर रेलवे के 558 रूट किमी. पर कवच लगाने का कार्य किया जायेगा, कवच उपकरण ट्रेनों की गति को नियंत्रित करने, स्वतः ब्रेक लगने व एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों के होने की जानकारी देता है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय रेल द्वारा स्वदेशी रेल सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 को उच्च घनत्व ( हाई डेंसिटी ) वाले दिल्ली- मुम्बई मार्ग के मथुरा-कोटा रेलखंड पर स्थापित कर दिया गया है। यह देश में रेलवे सुरक्षा प्रणालियों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण से प्रेरित होकर कवच ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम को स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया है। कवच 4.0 एक अत्याधुनिक तकनीकी प्रणाली है। इसे जुलाई, 2024 में अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आर.डी.एस.ओ.) द्वारा स्वीकृति दी गई थी। कई विकसित देशों को ऐसी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली को विकसित और स्थापित करने में 20 से 30 वर्ष लग गए। कोटा-मथुरा रेलखंड पर कवच 4.0 बहुत कम समय में स्थापित किया गया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। इसी क्रम में, स्वदेशी रूप से विकसित कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ए.टी.पी.) प्रणाली को पूर्वोत्तर रेलवे के 1,441 रूट किमी. पर लगाने का कार्य रेल मंत्रालय द्वारा 492.21 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया है।

कवच के इंस्टालेशन को प्राथमिकता प्रदान करते हुये इसे पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर लखनऊ जं.-मानक नगर, लखनऊ जं.-मल्हौर, बाराबंकी जं.-बुढ़वल जं., सीतापुर सिटी-बुढ़वल जं. एवं बुढ़वल जं.-गोरखपुर कैंट; वाराणसी मंडल पर गोरखपुर कैंट- गोल्डिनगंज, गोरखपुर कैंट-वाल्मीकिनगर रोड, भटनी जं.-वाराणसी जं., वाराणसी जं.-प्रयागराज जं. एवं औंड़िहार जं.-छपरा जं.; तथा इज्जतनगर मंडल पर रावतपुर-फरुर्खाबाद जं., फरुर्खाबाद जं.-कासगंज जं. एवं कासगंज जं.-मथुरा जं. खंडों पर कवच का कार्य स्वीकृत है।

प्रथम चरण में पूर्वोत्तर रेलवे के 558 रूट किमी. पर कवच लगाने का कार्य किया जायेगा, जिसमें लखनऊ मंडल के सीतापुर सिटी- बुढ़वल जं., बुढ़वल जं.-गोरखपुर कैंट, मानक नगर-लखनऊ जं.-मल्हौर एवं बाराबंकी-बुढ़वल जं.; तथा वाराणसी मंडल के गोरखपुर कैंट-गोल्डिनगंज खंड सम्मिलित हैं। इस रेलवे पर टावर कार्य एवं कवच उपकरण हेतु दो निविदाओं के माध्यम से कवच स्थापित करने का कार्य किया जायेगा। वर्तमान में मुख्य मार्ग छपरा-बाराबंकी में टावर लगाने का कार्य प्रगति पर है तथा गोरखपुर कैंट-छपरा ग्रामीण के मध्य टावर लगाने का निविदा दिया गया है। स्वतंत्रता के बाद 60 वर्षों तक देश में अंतरराष्ट्रीय मानकों की उन्नत ट्रेन सुरक्षा प्रणालियों को स्थापित नहीं किया गया। अब कवच प्रणाली को हाल ही में चालू किया गया है, ताकि ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

भारतीय रेल अगले 06 वर्षों के भीतर देशभर के विभिन्न रेल मार्गों पर कवच 4.0 को स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। अब तक 30,000 से अधिक लोगों को कवच प्रणाली पर प्रशिक्षित किया जा चुका है। भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरिंग एवं दूरसंचार संस्थान (इरिसेट-आई.आर.आई.एस.ई.टी.) ने ए.आई.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त 17 इंजीनियरिंग कॉलेजों, संस्थानों, विश्वविद्यालयों के साथ समझौता किया है, ताकि बी.टेक. पाठ्यक्रम में कवच को शामिल किया जा सके। कवच से लोको पायलटों को मदद मिलेगीः ब्रेक प्रभावी रूप से लगाने में और कोहरे जैसी कम दृश्यता की स्थिति में सिग्नल देखने के लिए बाहर देखने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें सारी जानकारी केबिन के अंदर लगे डैशबोर्ड पर दिखाई देगी।






### क्या है कवच ?

कवच एक स्वदेशी रूप से विकसित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है, जिसे ट्रेनों की गति की निगरानी और नियंत्रण करके दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे सेफ्टी इंटिग्रिटी लेवल 4 (एस.आई.एल.-4) पर डिजाइन किया गया है, जो सुरक्षा का सर्वोच्च स्तर है। कवच का विकास 2015 में शुरू हुआ। इसे 03 वर्षों तक परीक्षण किया गया। तकनीकी सुधारों के बाद इसे पहले दक्षिण मध्य रेलवे में स्थापित किया गया और 2018 में पहला संचालन प्रमाणपत्र मिला। दक्षिण मध्य रेलवे में अनुभवों के आधार पर एक उन्नत संस्करण कवच 4.0 विकसित किया गया, जिसे मई 2025 में 160 किमी./घंटा तक की गति के लिए मंजूरी दी गई। कवच के सभी उपकरण स्वदेशी रूप से निर्मित किए जा रहे हैं।

■ **कवच की जटिलताः** कवच एक अत्यंत जटिल प्रणाली है। इसे कमीशन करना किसी टेलीकॉम कम्पनी को खड़ा करने के समान है। इसमें निम्नलिखित उप-प्रणालियां शामिल हैं। आर.एफ.आई.डी. टैग्सः प्रत्येक 01 किमी. पर और प्रत्येक सिगनल पर लगाए जाते हैं। ये ट्रेन की सटीक स्थिति बताते हैं। टेलीकॉम टावर्सः हर कुछ किलोमीटर पर ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी और पावर सप्लाई सहित टावर्स लगाए जाते हैं। लोको कवच और स्टेशन कवच लगातार इन टावर्स के जरिए संचार करते हैं।



■ **लोको कवचः** ट्रैक पर लगे आर.एफ.आई.डी. टैग्स से जानकारी प्राप्त करता है, उसे टेलीकॉम टावरों तक पहुंचाता है और स्टेशन कवच से रेडियो सूचना प्राप्त करता है। इसे लोको के ब्रेकिंग सिस्टम से भी जोड़ा गया है, ताकि आपात स्थिति में स्वतः ब्रेक लगे।

■ **स्टेशन कवचः** प्रत्येक स्टेशन और ब्लॉक सेक्शन पर लगाया जाता है। यह लोको कवच और सिगनल प्रणाली से जानकारी लेकर सुरक्षित गति के लिए निर्देश देता है। ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओ.एफ.सी.)ः पूरी प्रणाली को जोड़ने के लिए ट्रैक के साथ-साथ ओ.एफ.सी. बिछाई जाती है, जिससे हाई-स्पीड डेटा कम्युनिकेशन सम्भव होता है। सिगनलिंग सिस्टमः सिगनलिंग सिस्टम को लोको कवच, स्टेशन कवच, टेलीकॉम टावर आदि से जोड़ा गया है। इन सभी प्रणालियों को बिना किसी रेल संचालन में व्यवधान के भारी पैसेंजर और माल गाड़ियों की आवाजाही के दौरान स्थापित, जांच और प्रमाणित किया जाता है। भारतीय रेल हर साल सुरक्षा सम्बन्धी गतिविधियों पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश करता है। कवच ऐसी कई पहलों में से एक है जो ट्रेनों और यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई हैं। कवच की त्वरित प्रगति और तैनाती का स्तर रेलवे की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



### कवच की प्रगति

- ■ ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया - 5,856 किमी.
- ■ दूरसंचार टावर स्थापित - 619
- ■ स्टेशनों पर कवच स्थापित - 708
- ■ लोको पर कवच स्थापित - 1,107
- ■ ट्रैकसाइड उपकरण स्थापित - 4,001 रूट किमी.



## मुख्य सचिव से मिला राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमंडल, दी बधाई

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष एसपी तिवारी व अन्य विभिन्न संगठनों के विभिन्न विभागों के घटक संघों के साथ पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव एसपी गोयल से मिलकर बधाई दी। कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण करने की अपनी अपेक्षा मुख्य सचिव से की गई। मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि कर्मचारी समस्याओं का निदान कराया जायेगा। इस दौरान संजय शुक्ला, संजय सिंह, मनीष कुमार शुक्ला, पंकज वाजपेयी, जुबैर व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीआरएम ने किया वाराणसी जं. सहित कई स्टेशनों का निरीक्षण

### रेलखंड की संरक्षा, स्टेशन परिसरों की व्यवस्थाओं तथा यात्रियों की सुविधाओं का लिया जायजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा वाराणसी जं., भदोही एवं प्रयाग जं. व प्रयागराज संगम स्टेशनों का निरीक्षण किया गया।



लखनऊ से वाराणसी जं.एवं प्रयाग जं. के मध्य मण्डल रेल प्रबंधक ने विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए रेलखंड की संरक्षा का सूक्ष्म परीक्षण किया। उन्होंने बरसात के मौसम में ट्रैक की स्थिति, सिग्नलिंग सिस्टम, पुल-पुलियों की सुरक्षा एवं अन्य संरचनात्मक पहलुओं का निरीक्षण कर संरक्षा मानकों की पुष्टि की। वाराणसी जं. स्टेशन पर पहुंचकर मण्डल रेल प्रबंधक ने अपर मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी बी.के. यादव एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में स्टेशन परिसर, रेल कोच रेस्टोरेंट, क्लॉक रूम, एटीवीएम, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म आदि का निरीक्षण किया। 01 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले विशेष स्वच्छता अभियान की लखनऊ मण्डल मे शुरूआत करते हुए श्री वर्मा ने वाराणसी जं. स्टेशन पर स्वयं उपस्थित होकर कर्मचारियों एवं यात्रियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने यात्रियों से आह्वान किया कि वे स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखें एवं रेलवे के प्रयासों में सहभागी बनें। वाराणसी जं. से प्रयाग जं. की ओर प्रस्थान करते हुए मण्डल रेल प्रबंधक ने मार्ग में स्थित भदोही स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सकुर्लेटिंग एरिया, पार्किंग जोन, प्लेटफार्म, बुकिंग एवं आरक्षण काउंटर सहित पूरे स्टेशन क्षेत्र का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

इसके उपरांत मंडल रेल प्रबंधक प्रयाग जं. एवं प्रयागराज संगम व फाफामऊ स्टेशनों पर पहुंचे, जहाँ उन्होंने स्टेशनों पर उपलब्ध सभी प्रमुख सुविधाओं, स्वच्छता की स्थिति तथा स्टेशन प्रबंधन प्रणाली का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर आवश्यक आधारभूत ढांचे के विकास, सूचना प्रणाली को और बेहतर बनाने, एवं प्लेटफार्म पर यात्री सुविधा को सुदृढ़ करने पर बल दिया ' इस संपूर्ण निरीक्षण कार्यक्रम में संबंधित शाखा अधिकारीगण एवं मण्डल के वरिष्ठ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चेकिंग में 73340 बेटिकट यात्री पकड़े गये



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के दिशा निर्देशन तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक मुकेश कुमार के नेतृत्व में माह जुलाई में लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर विशेष टिकट जॉच अभियान चलाया गया। इस जॉच अभियान में स्टेशनों पर तथा ट्रेनों के आरक्षित श्रेणियों में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करने वाले विशेष तौर पर एमएसटी धारकों/पुलिस कर्मियों सहित अनाधिकृत यात्रा के 73340 मामले पकड़े गये। जिससे 6,59,00,000 रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई।

## रेलकर्मियों व वेंडरों को दिलायी गयी शपथ



**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण भारतीय रेल पर दो चरणों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत प्रथम चरण में 01 अगस्त से 15 अगस्त तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम, फ्रैट एवं डीएम महेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन में मण्डल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों गोरखपुर जं., लखनऊ जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोण्डा, बादशाहनगर एवं ऐशबाग जं0 पर गहन साफ-सफाई हेतु स्वच्छता शपथ दिलाई गयी तथा स्वच्छता जागरुकता हेतु प्रभात फेरी निकाली गयी। इस अवसर पर उक्त स्टेशनों पर आयोजित कार्यक्रमों में रेलकर्मियों, वैण्डरों तथा रेल उपभोगताओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## भाषा विवि में स्तनपान सप्ताह पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा स्तनपान सप्ताह पर शुक्रवार को पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने पोस्टरों के माध्यम से स्तनपान से जुड़े सामाजिक, शारीरिक और भावनात्मक पक्षों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्रों की अभिव्यक्ति में न केवल विषय की गंभीरता झलकी, बल्कि उनके सामाजिक सरोकार और रचनात्मक दृष्टिकोण की भी सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों में नवाचार और संवेदनशीलता का विकास करती हैं। उन्होंने गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी और संकाय सदस्यों को आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

### गोसाईंगंज प्राथमिक विद्यालय की स्थिति बदहाल

## खराब हालात में पानी की टंकी में भरी गंदगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज कस्बे के प्राथमिक विद्यालय 2 में पेयजल की स्थिति इतनी खराब है कि कोई बच्चा अगर कुछ दिन तक पानी पी ले तो वह बीमार हो जाएगा। उसे कई बीमारियों जूझना पड़ेगा। विद्यालय की इस स्थित के जिम्मेदार अधिकारी विद्यालयो का निरीक्षण हर महिने करते है लेकिन वास्तविक समस्याओं को नजरअंदाज कर देते है। जिसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ सकता है।

शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय गोसाईंगंज 2 का जब रिपोर्टर ने हाल जानने की कोशिश की तो पानी की टंकी में कई व गंदगी दिखी। जिसे कई सालों से साफ नही किया गया। टंकी का ढक्कन टूटा होने के कारण बारिश का भी पानी टंकी में चला जाता है। बच्चों को उसी टंकी से आने वाले सप्लाई के पानी को पीना पड़ता है। यही नहीं जहां नल की टोंटिया लगी है वहां पर भी गंदगी की भरमार है। जिसे देख कर ऐसा लगता है कि कई महीनों से साफ नहीं किया गया है। बच्चे जब पानी पीते व भरते है तो वहां पड़ी गंदगी बच्चों के पानी की बोतलों पर व कपड़ो पर पड़ती है। शासन द्वारा विद्यालय के मेंटिनेंस के लिए हर साल बजट जारी होता है लेकिन विद्यालय मेंसिनेन्स के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति होती है। इस बार भी मार्च तक विद्यालय मेंटिनेंस ने नाम पर जारी धनराशि लगभग 50 हजार खर्च हो गई लेकिन जिस चीज का मेंटिनेंस होना चाहिए प्राथमिकता पर वह किया ही नही गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन शर्मा इस मामले में कुछ बोलने को तैयार नहीं है।






नल के पास फैली गंदगी, उसी पानी का इस्तेमाल करते है बच्चे

## आनंद द्विवेदी से मिला श्रीराम क्षत्रिय सेना का प्रतिनिधिमंडल



लखनऊ। श्रीराम क्षत्रिय सेना के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी से शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट करके भाजपा के संगठन में क्षत्रिय समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की। श्रीराम क्षत्रिय सेना के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय, प्रदेश मंत्री मुसाफिर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह चौहान, श्याम सिंह राठौर, धर्म सिंह तोमर, डॉ एसपी सिंह चंदेल, श्याम जीत सिंह, एबी सिंह, विवेक सिंह, पंकज सिंह और राजबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विकसित यूपी, ग्रामीण उद्यमिता और महिला नेतृत्व पर लविवि में मंथन आज

**लखनऊ।** ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई) की ओर से शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में इंडिया रूरल कोलॉक्वी (आईआरसी) 2025 आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम देश भर के नीति निमार्ताओं, परोपकार संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, युवा नवोन्मेषकों, मीडिया प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को एक साझा मंच पर लाने जा रहा है। इसमें ग्रामीण भारत के समावेशी और सतत विकास से जुड़े अहम विषयों पर गहन परिचचाएं होंगी। पिछले वर्षों में इंडिया रूरल कोलॉक्वी ग्रामीण भारत की आवाज को नीतिगत स्तर तक पहुंचाने का प्रमुख माध्यम बना है। पूर्व संस्करणों में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार, कृषि उत्पादन आयुक्त समेत कई प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया है। इस वर्ष भी कोलॉक्वी में कई जन प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी शिरकत करेंगे। इस बार कोलॉक्वी में विकसित यूपी : जब गांव बनें आर्थिक विकास के इंजन, ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा : आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की रीढ़ आदि पर चर्चा होगी।

## भारत का एआई डेवलपमेंट में द्वितीय स्थान : स्टीफेन एजेल

### आईईटी में अंतर्राष्ट्रीय परस्पर संवादात्मक व्याख्यान का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी), लखनऊ में संस्थान के इनक्यूबेशन सेंटर, नवयुग नवाचार फाउंडेशन, इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल एवं यूएस दूतावास में एडवाइजर पब्लिक डिप्लोमेसी, सुपर्णा मुखर्जी के सहयोग से वाइस प्रेसिडेंट ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी एवं डायरेक्टर ऑफ सेंटर फॉर लाइफ साइंसेज इनोवेशन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन, वॉशिंगटन डीसी के स्टीफेन एजेल के एप्लीकेशन ऑफ क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज एंड की ग्लोबल ट्रेंड्स नामक अंतराष्ट्रीय परस्पर संवादात्मक व्याख्यान का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसका उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो विनीत कंसल ने किया। प्रो विनीत कंसल ने इस अंतराष्ट्रीय व्याख्यान की मुख्य थीम के दृष्टिगत राष्ट्र प्रथम पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को खुले मन से न केवल अपनी बातों से अपितु अपने कार्य के बल पर भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में वैश्विक लीडर बनाने की ओर अग्रसर होना चाहिए।



स्टीफेन एजेल ने संस्थान की फैकल्टी, इनक्यूबेशन सेंटर से संबंध स्टार्टअप्स एवं छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत, सेमीकंडक्टर उद्योग में कुल उद्योग का 25 प्रतिशत वैश्विक उद्योग में भागीदारी सुनिश्चित करता है। उन्होंने बताया कि भारत समूचे विश्व में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेवलपमेंट के क्षेत्र में द्वितीय स्थान पर है। उत्पाद डिजाइन से लेकर फैक्ट्री इंटीग्रेशन, सप्लाई चैन इंटीग्रेशन एवं उत्पाद की खपत तक एआई के उपयोग की संभावनाएं असीमित हैं।

परस्पर संवादात्मक इस कार्यक्रम में संस्थान के अदीब उद्दीन अहमद द्वारा पूछे गए प्रश्न भारत जैसे डेवलपिंग राष्ट्र के सम्बन्ध में एआई के अधिक उपयोग द्वारा रोजगार की संभावनाओं से कैसे निपटा जाए ताकि रोजगार के अवसर एवं एआई का उपयोग दोनों ही अधिक बने रहे, पर स्टीफेन एजेल ने बताया कि यूरोप में आधारित एक स्टडी से ये जानकारी मिली कि अगर सामान्य कर्मचारी को एआई एवं उसमें हो रहे नवीन विकास के लिए लगातार बड़े स्तर पर प्रशिक्षित किया जाता रहे तो एआई के सफल प्रयोग से न केवल उत्पादन बढ़ेगा बल्कि रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। स्टूफिट स्टार्टअप के प्रमुख डॉ शुजात हैदर द्वारा पूछे गए प्रश्न, कैसे एआई के उपयोग से किसी व्यक्ति के तनाव को मापा जा सकता है, के जवाब में स्टीफेन एजेल ने कहा कि व्यक्ति की आवाज के पुष्टीकरण द्वारा एवं उसके पूर्व के शारीरिक इतिहास एवं गतिविधियों के डेटा के द्वारा ऐसा किया जाना संभव हो सकता है। संस्थान की डॉ राजी कौर द्वारा पूछे गए प्रश्न एआई के उपयोग के क्षेत्र में डेटा सुरक्षाकरण एवं डीप फेंक, व्यक्तिगत डेटा चोरी के रोकथाम पर आधारित पूछे गए प्रश्न के जवाब में स्टीफेन एजेल ने कहा कि इसके लिए न केवल कड़े डाटा सुरक्षाकरण एवं डाटा निजीकरण नियम की आवश्यकता तो है ही उससे कही अधिक जनता के बीच, डाटा आधारित निरंतर जागरूकता की अति आवश्यकता है।

## बीबीएयू में हुआ '19वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल' के पोस्टर का विमोचन




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में शुक्रवार को '19वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल' के पोस्टर का विमोचन हुआ। यह फिल्म फेस्टिवल बीबीएयू के इतिहास विभाग एवं महुआ डाबर म्यूजियम के संयुक्त तत्वावधान में काकोरी घटनाक्रम के शताब्दी वर्ष एवं काकोरी ट्रेन घटना में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय परिसर में 6-8 अगस्त तक आयोजित किया जायेगा। जिसके तहत विभिन्न देशों से प्रतिभाग करने वाली फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी, साथ ही विद्यार्थियों के लिए विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर बीबीएयू कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने फिल्म फेस्टिवल का विमोचन किया। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वी.एम. रवि कुमार, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुदर्शन चक्रधारी एवं महुआ डाबर म्यूजियम से प्रो. शाह अयाज सिद्दीकी उपस्थित रहे।

## 84 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए रिसर्च इंट्रेस टेस्ट का आयोजन शुक्रवार को हुआ। कुल पंजीकृत 192 अभ्यर्थियों में से लगभग 84 प्रतिशत यानी 162 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई।

परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से 4:00 बजे तक निर्धारित समय पर आयोजित की गई। रिपोटिंग समय दोपहर 2:00 बजे से था और परीक्षा कक्षों में समुचित प्रबंधन एवं निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी थी। परीक्षा की व्यवस्था पीएचडी समन्वयक प्रो. चंदना डे के निर्देशन में की गई, जबकि विश्वविद्यालय की ओर से प्रेक्षक के रूप में प्रो. तनवीर खदीजा उपस्थित रहीं। परीक्षा संचालन के सभी स्तरों पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की।

प्रो. चंदना डे ने जानकारी दी कि परीक्षा की प्रोविजनल उत्तर कुंजी 2 अगस्त तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट [www.kmclu.ac.in](http://www.kmclu.ac.in) पर अपलोड की जाएगी। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां 3 अगस्त की रात 11:59 बजे तक ईमेल ([kmcphd@kmclu.ac.in](mailto:kmcphd@kmclu.ac.in)) या पोर्टल के माध्यम से दर्ज कर सकेंगे। परीक्षा परिणाम की घोषणा 5 अगस्त को की जाएगी। साक्षात्कार की तिथि वेबसाइट पर बाद में प्रकाशित की जाएगी। कुलपति प्रो अजय तनेजा ने परीक्षा आयोजन से जुड़े समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को उनकी समर्पित भूमिका के लिए बधाई दी तथा प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

संक्षेप

## रेलवे कर्मचारी को मैजिक ने मारी टक्कर, मौत

**देवरिया।** एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक से घर जा रहे रेलवे कर्मचारियों को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। मौत की खबर परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया। जहां घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरी करौत निवासी अनिल यादव (25) पुत्र जयकिशन यादव रेलवे में ग्रुप डी के खलासी पद पर तैनात थे। देवरिया में किराए के मकान लेकर अपने बीवी बच्चों के साथ रहते थे। बीते देर शाम को वह अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे कि सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के चकरवा धुंस के पास तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँची। पुलिस ने चार पहिया वाहन को हिरासत में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही जब घटना की सूचना रेलवे से रिटायर पिता जयकिशुन व पत्नी संगीता देवी व बेटे कृष्णा(8)व छोटे बेटे अंश(6) को मिली तो उनका रो रो कर बुरा हाल है। माँ इरमती देवी रोते रोते बदहवास हो जा रही थी।

## ई-पास मशीनों के माध्यम से बिजली बिल होगा जमा

**कुशीनगर।** जिला पूर्ति अधिकारी ने शासन के पत्र के क्रम में बताया कि उचित्त दर विकेताओं की आर्थिक व्यवहार्यता बढ़ाने हेतु विद्युत उपभोक्ताओं को उचित दर दुकानों में स्थापित ई-पॉस मशीनों के माध्यम से बिजली बिल भुगतान किए जाने की सुविधा प्रदान की गयी है। तत्क्रम में सभी विद्युत उपभोक्ता को अवगत कराया है कि उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वह पूर्व की भांति बिजली बिल जमा करने में रूचि लेते हुये शासनादेशानुसार अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

## डीएम ने दो शस्त्र लाइसेंस किया निरस्त

**कुशीनगर।** जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने विवेचना के आधार पर शस्त्र अनुज्ञापी अमित कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र गया प्रसाद सिंह साकिन 80/3जी/17 शिवकुटी थाना शिवकुटी, जनपद प्रयागराज स्थायी पता डरारी थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर के शस्त्र लाइसेंस सं० 268/पडरौना रायफल 315 बोर को निरस्त कर दिया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली पडरौना को निर्देशित किया है कि यदि उक्त शस्त्र आपके अभिरक्षा में न हो तो उसे तत्काल अपनी अभिरक्षा में प्राप्त कर माल अभिलेखागार में जमा कराये तथा प्रभारी अधिकारी शस्त्र कुशीनगर को निर्देशित किया है कि लाइसेंस पंजिका में ?शस्त्र लाइसेंस निरस्त' का अंकन करें। इसी प्रकार विवेचना के आधार पर शस्त्र अनुज्ञापी अफजल खान पुत्र अदालत खान साकीन शेखवानिया बुजुर्ग खान टोला थाना कुबेर स्थान जनपद कुशीनगर के शस्त्र लाइसेंस संख्या 5/17 रिवाल्वर नंबर डी- 535 एम.0 32बोर मार्क - 4 निरस्त किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने प्रभारी निरीक्षक थाना कुबेर स्थान को निर्देशित किया है कि शस्त्र यदि आपकी अभी रक्षा में ना हो तो उसे तत्काल अपनी अभीरक्षा में प्राप्त कर अभिलेखागार में जमा कराएं तथा प्रभारी अधिकारी शस्त्र को निर्देशित किया गया है कि लाइसेंस पंजिका में शस्त्र लाइसेंस निरस्त का अंकन करें।

## जिला एकीकरण समिति की बैठक सम्पन्न

**देवरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीश चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में जिला एकीकरण समिति की बैठक गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में सम्पन्न हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा), अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, मा० सदस्य जिला एकीकरण समिति सहित जनपद के विशिष्ट जनों एवं विभिन्न सम्प्रदायों के धर्मगुरुओं ने सहभागिता की।बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में सामाजिक समरसता, साम्प्रदायिक सौहार्द तथा आपसी एकता की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

# प्रेमिका के कहने पर पत्नी की हत्या

जिला संवाददाता

**बरेली।** जिले में एक व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका के कहने पर अपनी पत्नी की हत्या कर दी और इसे हाईवे पर लूट की घटना का रूप देने की कोशिश की।

पुलिस ने जल्द ही इस साजिश को भांप लिया और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के अनुसार, पति के शुरुआती बयान में विसंगतियों ने संदेह पैदा कर दिया और आगे की जाँच में, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) से मन्नत नाम की एक महिला के साथ संपर्क का पता चला, जिससे पुलिस ने और गहराई से मामले की जाँच की। जाँच के बाद अंततः हत्या की साजिश का पूरी तरह से पर्दाफाश हो गया।बृहस्पतिवार देर रात प्रेस वार्ता के दौरान, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अंशिका वर्मा ने बताया कि आरोपी ओम सरन (38) मन्नत नाम की एक महिला के साथ अवैध संबंध में था। ओम सरन के कबूलनामे के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। घटना आंवला थाना क्षेत्र में हुई। हालाँकि आरोपी बदायूं जिले के ब्यौली गाँव का रहने वाला है। 31 जुलाई की रात को ओम सरन ने पुलिस को बताया कि जब वह अपनी पत्नी अमरवती के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था तो कंथरी गाँव के पास तीन-चार अज्ञात लोगों ने उन पर हमला किया, जिन्होंने कथित तौर पर उनकी नकदी और गहने लूट लिए और उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला किया। आरोपी ने दावा किया कि हमलावरों ने भागने से पहले उसकी पत्नी का मंगलसूत्र, सोने की बालियाँ और लगभग 10,000 रुपये नकद लूट लिए।

**● लूट की साजिश रची, गिरफ्तार**

आरोपी की लिखित शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई और अमरवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जाँच के लिए इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह, एसओजी प्रभारी सुनील शर्मा और निगरानी अधिकारी सतेंद्र मोतला सहित एक पुलिस दल को तैनात किया गया था।

अधिकारी ने बताया कि जाँच आगे बढने पर पुलिस को ओम सरन के बयान पर शक होने लगा और कड़ी पूछताछ के बाद उसने स्वीकार किया कि उसने मन्नत से गुपचुप शादी कर ली थी, जिसने उस पर दबाव डाला कि अगर वह अपने रिश्ते को बनाए रखना चाहता है तो अपनी पत्नी को खत्म कर दे।पुलिस अधिकारी ने बताया कि 30 जुलाई को, ओम सरन योजना के तहत अमरवती को पूर्णागिरी की यात्रा पर ले गया।वापस आते समय वह मोतीपुर में अपने ससुराल में रुका, जहाँ उसने अपने साले भगवानदास से एक मोटरसाइकिल उधार ली।

वर्मा ने बताया कि कंथारी गाँव के पास एक सुनसान जगह पर रात करीब 12:15 बजे ओम सरन ने मोटरसाइकिल रोकी और अमरवती पर बांके (लोहे का हथियार) से बेरहमी से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसे डकैती का रूप देने के लिए, उसने अपनी जेब से उसके कान के झुमके, एक लॉकेट और 10,100 रुपये निकालकर पास की झाड़ियों में छिपा दिए। उसने बताया कि फिर उसने अपने साले और एक दोस्त अनिल यादव को फोन किया और एम्बुलेंस का इंतज़ाम किया।पुलिस ने बाद में आरोपी के खुलासे के आधार पर हत्या का हथियार, छिपाए गए गहने और नकदी बरामद की। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान एक मोबाइल फ़ोन भी ज़ब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि अब वह मन्नत की साजिश में संलिप्तता और हत्या में उसकी सक्रिय भूमिका की जाँच कर रहे हैं।

## कांग्रेस ही कर सकती है लोकतंत्र और संविधान की रक्षा :केशवचन्द




**सलेमपुर,देवरिया।** कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाने से लेकर विकसित बनाने का कार्य किया है। कांग्रेस ही कर सकती है लोकतंत्र व देश की रक्षा उक्त बातें क्षेत्र के चकरवां बहोरदास स्थित नाना जी सहदेव इंटर कॉलेज के प्रांगण में कांग्रेस द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष केशवचन्द यादव ने कहा। उन्होंने कहा कि आज कुछ राजनीतिक दल देश में नफरत फैलाने का काम कर सत्ता में बने रहना चाहते हैं लेकिन कांग्रेस उनके इरादों को सफल नही होने देगी। जिलाध्यक्ष विजयशेखर मल्ल रोशन ने कहा कि आज भाजपा ने सभी लोकतांत्रिक मूल्यों को तोड़ने का कुचक्र रच रही है जिसे कांग्रेस सफल नही होने देगी। बहुत ही त्याग और तपस्या के बाद मनीषियों ने संविधान का निर्माण किया है। जिला उपाध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र पांडेय ने कहा कि कांग्रेस की देन है कि समाज का हर वर्ग सम्मान का जीवन जी रहा है। दलितों ,पिछड़ों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने वाली कांग्रेस है। आयोजक नेता विधानसभा भागीरथी प्रसाद ने कहा कि समय आ गया है कि जनता को भाजपा के कुशासन से मुक्ति दिलाया जाए। सम्मेलन को जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी, जनार्दन वर्मा,अब्दुल जब्बार, जगरनाथ यादव,मार्कण्डेय मिश्र, आलोक त्रिपाठी राजन,मानवेन्द्र तिवारी, गोविंद मिश्र, सत्यम पांडेय,वशिष्ठ मोदनवाल, मनीष रजक आदि उपस्थित रहे।

## निराश्रित और मानसिक अस्वस्थ लोगों को विधिक सहायता देने के लिए बैठक



**कुशीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वाधान में सुशील कुमार शशि, जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर द्वारा लीगल सर्विसेज यूनिट फॉर चिल्ड्रन व लीगल सर्विसेज यूनिट मनोनयन के सदस्यों, पैरालीगल वॉलिंटियर्स व पैनल लॉयर्स के साथ बैठक किया गया। इस बैठक में निराश्रित बच्चों एवं मानसिक अस्वस्थ लोगों को विधिक सहायता देने उनके शिक्षा, रहने आदि के संबंध में चर्चा किया गया।

इस बैठक में शैलेंद्र मणि त्रिपाठी अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर, पैनल अधिवक्ता अखिलेश कुमार मणि, विवेकानंद मिश्र, धनंजय मणि, राधेश्याम गुप्ता, पैरा लीगल वॉलेंटियर संजय कुमार शाही, सुधीर यादव, अनिल चौहान, अनुसुइया सिंह, सफीना खातून, रिंकू शाही, बसंत यादव, दिनेश यादव, वन स्टॉप सेंटर से रीता यादव, बाल कल्याण समिति से पुष्पा पाण्डेय व श्रीकृष्ण कुमार उपाध्याय, किशोर न्याय बोर्ड से अंजली पाण्डेय, बल संरक्षण अधिकारी विनय कुमार शर्मा, कार्यालय लिपिक राजकुमार वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** फाजिलनगर कस्बे के वार्ड संख्या छः में अपने ससुराल आए युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गया। मृतक के परिजनों ने ससुरालियों पर खाने में जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपा है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पटहेरवा थाना क्षेत्र के जोगिया सुमाली पट्टी निवासी राजू यादव पुत्र रामछाबिला उम्र 29 वर्ष का शादी लगभग सात वर्ष पूर्व फाजिलनगर नगर पंचायत के वार्ड संख्या छः निवासी लालबचन यादव की पुत्री रामवती से हुई थी। गुरुवार को रात्रि राजू अपने ससुराल अपने बच्चे के जन्म दिन की पार्टी में शामिल होने आया था। खाना खाने के कुछ देर बाद उसकी अचानक तबीयत खराब होने पर ससुराल के लोग उसे सीएचसी फाजिलनगर ले गए जहां डाक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी किसी ने मृतक के परिवार वालों को दिया। मृतक के पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही मेरी बहु अपने पति सहित घर के सभी सदस्यों से बात बात पर झगड़ा करती थी। इस बीच वह झगड़ा करने के बाद कई बार अपने मायके चली जाती थी। वर्तमान में भी वह मायके में ही रह रही है। मेरा बेटा बाहर रहकर नौकरी करता था। बीते 28 जुलाई को मेरा बेटा बाहर से सीधा ससुराल आया।वही अपनी पत्नी के साथ रहकर बेटे की जन्मदिन के पार्टी की तैयारी कर रहा था।इसी बीच मुझे गुरुवार की रात्रि सुचना मिली कि मेरे बेटे का मृत्यु हो गया है। मुझे पूरा विश्वास है मेरे बहु ने अपने घरवालों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से मेरे बेटे की हत्या किया है। मृतक के एक पांच वर्ष की बेटी और एक तीन वर्ष का बेटा है। इस सम्बंध ने थानाध्यक्ष पटहेरवा विनय कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक के पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण पर बैठक

**कुशीनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 तथा साफ?टवेयर के तकनीकी संचालन हेतु बैठक/प्रशिक्षण जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली विस्तृत पुनरीक्षण 2025 हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित (एईआरओ) साफ?टवेयर के माध्यम से बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को तत्काल सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को निर्धारित समयान्तर्गत नियुक्त करते हुए उनके प्रशिक्षण की कार्यवाही सम्पन्न करायें जाने के निर्देश दिये गये। बीएलओ नियुक्त करते समय उनकी कार्यशीलता का सत्यापन करायें जाने का जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये। आयोग द्वारा विकसित ई-बीएलओ मोबाइल ऐप के विषय में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस बार पंचायत निर्वाचक नामावली में आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली मदर रोल में प्रत्येक मतदाता के सापेक्ष एक यूनिक एसवीएन आवंटित किया गया है।एमवीएन मतदाता के एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरण पर भी अपरिवर्तनीय होगा। एसवीएन से मतदाता को आसानी से सर्च किया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने बीएलओ के द्वारा प्रयोग किये जाने वाले ई-बीएलओ मोबाइल ऐप की निगरानी नियमित अन्तराल पर किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया, तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित तैयार करायें जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की सुचिता बनाए रखें एवं त्रुटिरहित सूची तैयार किया जाना महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही



या गड़बड़ी किसी स्तर पर पाई जाएगी तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में अनुपस्थित पाये गये खण्ड विकास अधिकारी, तमकुहीराज व खड्?डा पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके पुनः प्रशिक्षण करायें जाने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) कुशीनगर को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नवसृजित / विस्तारित नगर पंचायतों से प्रभावित ग्राम पंचायतों के वार्डो का व क्षेत्र का भलीभाँति परीक्षण करते हुए अग्रिम कार्यवाही करें। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) वैभव मिश्रा द्वारा बीएलओ/पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाते समय आयोग द्वारा निर्धारित मानक का अनुपालन करायें जाने के निर्देश दिये गये। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आयोग द्वारा विकसित साफ्टवेयर के माध्यम से बी०एल०ओ०, पर्यवेक्षक की नियुक्ति, कार्यक्षेत्र आवंटन, एवं ई- बीएलओ मोबाइल ऐप के माध्यम से मतदाता परिवर्धन, विलोपन एवं संशोधन की कार्यवाही किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट /सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, समस्त तहसीलदार/अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,

समस्त खण्ड विकास अधिकारी / समन्वयक अधिकारी (खड्डा एवं तमकुहीराज को छोड़कर), समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) / सहायक समन्वयक अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) सहित समस्त वीआरसी आपरेटर उपस्थित रहे।

## तीन पशु तस्करो के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** पटहेरवा पुलिस ने अपराध व अपराधियों सहित गोवंशीय पशुओं की तस्करी पर अंकुश लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है।गोवंशीय पशुओं की तस्करी करने वाले गैंग लीडर सहित तीन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि पशु तस्करी पर अंकुश लगाए जाने के क्रम में गुरुवार को पशु तस्करी करने वाले गैंग के गिरोह लीडर अशफाक निवासी फतहा थाना गोपालगंज नगर जनपद गोपालगंज बिहार ,सदस्य हरेंद्र यादव निवासी कुकुरभूक्का थाना कटेया जनपद गोपालगंज व पीयूष कुमार सिंह निवासी देवापुर मोहर सिंह का टोला थाना माझागढ़ जनपद गोपालगंज के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।इनके द्वारा अपने सगे संबंधियों सहित सदस्यों के भौतिक व आर्थिक लाभ पहुंचाने हेतु गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर अधिक रुपए अर्जित किया जाता है।9 जून 2024 को एक पिकप से 5 राशि गोवंशीय पशु बरामद हुए थे।तस्कर पिकप छोड़ भाग निकले थे।मामले में अज्ञात के खिलाफ गोवध निवारण व पशु क्रूरता की धाराओं के तहत केस दर्ज कर दौरान जांच इनका नाम आया था।थानाध्यक्ष ने बताया कि गैंग लीडर सहित तीन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## रेलवे की जर्जर सड़क का नवीनीकरण कार्य शुरू , नगरवासियों में खुशी की लहर

जिला संवाददाता

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर में रेलवे की एक सड़क का नवीनीकरण कार्य प्रारंभ होने से लोगों में खुशी व्याप्त है। क्योंकि यह सड़क वर्षो से जर्जर हालत में थी और लोगों का चलना मुश्किल था। इस सड़क के नवीनीकरण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया था। आज उनकी मेहनत रंग ला रही है।

नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि नगर पंचायत भटनी बाजार सीमान्तर्गत स्थित 116 नंबर रेलवे फाटक से विकास चौक तक रेलवे की सड़क काफी जर्जर हो गई है जिसका नवीनीकरण जनहित में कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी अवगत कराया था कि भटनी रेलवे जंक्शन के लिए यह एक मुख्य मार्ग है। सड़क के जर्जर होने से अक्सर दूर्घटनाएं होती रहती हैं तथा बिहार राज्य से भी अत्यधिक संख्या में यात्रिगण व अन्य व्यक्तियों का आवागमन होता है। उन्होंने रेल यात्रियों की सुविधाओं का हवाला देते हुए लिखा था कि उसके नवीनीकरण से आवगमन सुचारु रुप से हो सके।

नगर पंचायत अध्यक्ष की मेहनत अब रंग लाई है। रेल विभाग ने सड़क का नवीनीकरण कार्य शुरू कर दिया है।

सड़के नवीनीकरण की खबर लगते ही नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता सहित क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए आईओडब्ल्यू सहित सभी शीर्ष अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## किसान सम्मान निधि जारी होने पर किसान उत्सव दिवस मनायेगी भाजपा : भूपेंद्र सिंह

**देवरिया।** शनिवार को प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त जारी होने के अवसर पर जनपद के सभी 17 विकास खंडों में किसान उत्सव दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी विकास खंडों में प्रत्येक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन, सार्वजनिक स्थल पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पंचायत भवन में लगे कंप्यूटर के माध्यम से किया जाएगा जिसमें न्याय पंचायत, कृषि से समन्वय के साथ ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, राजस्व लेखपाल उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे । उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं ।उन्होंने कहा कि

किसान सम्मान निधि जारी होने पर हर मंडलों और विकास खंडों पर किसानों से संपर्क करके सहकारिता




के माध्यम से उनको प्रधानमंत्री के कार्यों को बताना और उनके साथ फोटो खींचकर कार्यालय को प्रेषित करना है।

श्री सिंह ने कहा कि आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जो 17 अगस्त तक चलेगी तथा इसके संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा को एवं सह संयोजक गोविंद चौरसिया और अभिषेक जायसवाल को बनाया गया है । जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने पंचायत चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव के परिसीमन को लेकर पूरे जनपद से काफी संख्या में आपत्ति पत्र प्राप्त हुए हैं जिनकी जांच कर समाधान किया किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि सभी 51 वार्डों पर पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी ।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, किसानजितेंद्र सिंह, यशवंत शाही, राहुल प्रताप सिंह, चंदन गिरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में दो गिरफ्तार

**देवरिया।** जिले में एक ई-रिक्शा चालक की हत्या और चार अन्य के घायल होने की घटना के सिलसिले में पुलिस मुठभेड़ के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। सलेमपुर के क्षेत्राधिकारी दीपक शुक्ला के अनुसार, घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र के बरुवाडीह गांव के पास हुई, जहां एक पिकअप ट्रक ने कथित तौर पर हत्या के इरादे से एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस टक्कर में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई और चार यात्री घायल हो गए।

शुक्ला ने बताया कि आरोपियों की पहचान कुशीनगर जिले के खुर्शीद शाह और बिहार के गोपालगंज जिले के मुनाब अली के रूप में हुई है। घटना के बाद बरियारपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर स्थानीय थाने ले गयी, जहां भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) और 109 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस बृहस्पतिवार देर रात अपराध में शामिल वाहन की तलाशी लेने के लिए घटनास्थल पहुंची और इस दौरान आरोपियों ने ट्रक में छिपे देसी तमंचे निकालकर पुलिस टीम पर कथित तौर पर गोलियां चलाकर भागने का प्रयास किया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों संदिग्धों के पैरों में गोली लग गई। उन्हें तुरंत इलाज के लिए देवरिया के जिला अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

# कल्याणपुर विकास घोटाले में नया मोड़

शहजाद अंसारी

**बिजनौर।** जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद पिछले तीन माह से ग्राम पंचायत कल्याणपुर की ग्राम प्रधान नसीम फातिमा द्वारा विकास कार्यो के नाम पर किये गए सरकारी धन के दुरुपयोग एंव घोटाले की रुकी हुई जांच में नया मोड आ गया है। जिलाधिकारी ने मांमले को गंभीरता से हुसैन ने शिकायती पत्र एंव सरकारी धन के दुरुपयोग एंव घोटाले सबिन्धत साक्ष्य देते हुए बताया था कि गांव के ही सईदुद्दीन सलमानी व अन्य चार लोगो ने अपने शपथ पत्र के साथ 12 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत कल्याणपुर की ग्राम प्रधान नसीम फतिमा द्वारा गांव में विकास कार्यो की जांच कराने के लिए जिलाधिारी बिजनौर को शिकायत पत्र दिया था। जिलाधिकारी

**● सरकारी धन के दुरुपयोग की जांच बैठने से ग्राम प्रधान की मुश्किलें बढ़ी**
**● डीएम ने मांमले को गंभीरता से लेते हुए शगुफ्ता अंजुम की शिकायत एंव साक्ष्यों की जांच के लिए डीआईओएस को किया नामित**
**● जांच शामिल को करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए आदेश,**

लेते हुए शगुफ्ता अंजुम को मुख्य शिकायतकर्ता के रुप में शामिल करने के लिए जांच कमेटी के नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेश दिये है।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर के समक्ष पेश होकर शुक्रवार को नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी शगुफ्ता अंजुम पुत्री मुबारक ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए 09 मई 25 को जांच कमेटी बनाकर जांच में जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव को नामित कर रखा है। समय पर जांच न होने का फायदा उठाकर ग्राम प्रधान नसीम फातिमा के अपराधिक पति दिलशाद अंसारी ने शिकायतकताओं व उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फसा दिया है ताकि वह मुकदमों के डर से जांच कमेटी के सामने ग्राम प्रधान के घोटाले उजागर न कर सके और ग्राम प्रधान को सरकारी धन के दुरुपयोग एंव घोटाले के मांमले में क्लीन चीट मिल जाए। डीएम जसजीत कौर ने मांमले को गंभीरता से लेते हुए शगुफ्ता अंजुम के शिकायत पत्र एंव घोटाले संबन्धित साक्ष्यों सहित शगुफ्ता अंजुम को मुख्य शिकायतकर्ता के रुप में जांच में शामिल करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव को आदेश दिये है। उधर जांच में फसी अपनी पत्नी ग्राम प्रधान नसीम फातिमा को बचाने के लिए शातिर प्रधानपति दिलशाद अंसारी ने हथकंडे अपनाकर कुछ शिकायतकताओं को अपने पाले में लाकर उनसे अपनी पत्नी के पक्ष में शपथ पत्र ले लिये है।

शिकायत में दो-दो बार शपथ पत्र देने वाले ऐसे शिकायतकताओं पर अधिकारी कार्रवाही की तैयारी के लिए रुप रेखा तैयार कर रहे है।

विकास कार्यो के नाम पर घोटाले की जांच में शगुफ्ता अंजुम के मुख्य शिकायतकर्ता के रुप में शामिल होने से ग्राम प्रधान नसीम फातिमा व उसके पति दिलशाद अंसारी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

## देवरिया की बहनों ने सैनिकों को भेजीं राखियां

देवरिया। रक्षाबंधन के पावन पर्व से पूर्व देवरिया की बहनों ने सरहद पर तैनात देश के वीर जवानों के लिए प्रेम और सम्मान का अनूठा संदेश भेजा है। शुक्रवार को स्वाद दरबार, गिन्नी प्लाजा, कैलाशपुरी में रोटरैक्ट क्लब देवरिया द्वारा आयोजितरक्षक बंधन कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने देवरिया की बेटियों द्वारा सैनिकों के लिए भेजी जा रही राखियों की सराहना करते हुए इसे देशभक्ति और सामाजिक संवेदनशीलता का सुंदर संगम बताया। उन्होंने कहा, ह्लयह केवल एक धागा नहीं, बल्कि हर सैनिक के लिए बहन का प्रेम, सम्मान और अटूट विश्वास है। यह राखियाँ हमारे जवानों का मनोबल बढ़ाएँगी और उन्हें यह एहसास दिलाएँगी कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने भी वीर सैनिकों के लिए राखियाँ भेजीं, और इस मानवीय पहल में व्यक्तिगत सहभागिता दर्ज की। उनकी इस सहभागिता ने उपस्थित लोगों को गहरे रूप से प्रेरित किया।

## मंदिर परिसर में सहभोज का आयोजन

**देवरिया।** छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध रुद्रपुर स्थित दुग्धेश्वर नाथ मंदिर जहां सावन के पवित्र मास में प्रतिदिन हजारों भक्त दर्शन पूजन के लिए पहुचते है के परिषर में आज श्री दुग्धेश्वर नाथ जन कल्याण समिति द्वारा गत वर्षों की भांति सामूहिक प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया । समिति के अध्यक्ष शिवहरि त्रिपाठी की अगुवाई में समिति के पदाधिकारियों ,सदस्यों द्वारा बड़े पैमाने पर दर्शन पूजन ,करने आये एक हजार से अधिक संख्या में दूर दराज से आये शिवभक्तों जिनमे बड़ी संख्या में बच्चे ,महिलाऐ शामिल थीं को पूड़ी ,सब्जी हलुआ का प्रसाद ग्रहण कराया गया । जनसहयोग से पिछले सात वर्षो से सावन मास में आयोजित प्रसाद वितरण में मेले आये फेरी दुकानदारों ,भिखारियों ,को ढूढ ढूढ कर प्रसाद वितरित किया जाता है ।आज आयोजित प्रसाद वितरण में समिति के महामंत्री शकर जायसवाल ,कोषाध्यक्ष रमेश जायसवाल, संरक्षक कैप्टन वीरेंद्र सिंह ,पौहारी शरण राय ,रमाशंकर भारतीय ,सुभाष शाही ,राजेश श्रीवास्तव ,डॉक्टर देवेश नारायण आदि है।

## 110 पेटी शराब बरामद, दो अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ह्लऑपरेशन प्रहारह्व के तहत श्रीरामपुर थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक लक्जरी वाहन से बिहार जा रही लगभग 3 लाख रुपए कीमत की 110 पेटी(कुल 990लीटर) अवैध देशी शराब के साथ 2 अन्तर्राज्यीय तस्करो को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मैदनिया पुल से पहले स्थित बनकटा जगदीश से बिहार ले जायी जा रही एक लक्जरी वाहन स्कॉर्पियो संख्या इफ04ढअ 5112 (फर्जी रुप से लगाए गए नंबर प्लेट संख्या इफ22ढअ 0450) से 110 पेटी अवैध देशी शराब के साथ 2 अभियुक्तों भोला कुमार पुत्र नागेन्द्र गौड़ साहपुर थाना नौतन जनपद सिवान (बिहार) और मन्नू यादव पुत्र जोगेश्वर यादव इमलौली थाना मैरवा जनपद सिवान (बिहार) को गिरफ्तार किया है। बरामद अवैध देशी शराब व घटना में प्रयुक्त वाहन को कब्जा पुलिस में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

एएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जनपद देवरिया में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना श्रीरामपुर पुलिस ने एक स्कॉर्पियो वाहन से 110 पेटी अवैध देशी शराब जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख रुपए है, की बरामदगी करते हुए 2 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

बरामद अवैध देशी शराब एवं लक्जरी वाहन को कब्जे में लेकर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

संक्षेप

## अल्ट्रासाउंड मशीन खराब, 23 मरीज वापस लौटे

उन्नाव। जिला अस्पताल में संचालित अल्ट्रासाउंड मशीन में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। इससे मशीन बंद हो गई। जांच के लिए पहुंचे मरीजों को अगले दिन बुलाया गया। जिला पुरुष अस्पताल में रोजाना औसतन 1200 मरीज पहुंचते हैं। इसमें 300 मरीज पेट संबंधित बीमारी से पीड़ित होते हैं। डॉक्टर इन्हें अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देते हैं। शुक्रवार सुबह 9 बजे मरीजों के अल्ट्रासाउंड होना शुरू हुए। दोपहर 12 बजे अल्ट्रासाउंड मशीन में तकनीकी दिक्कत आ गई। इससे अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन बंद हो गया। जिससे 42 मरीजों के अल्ट्रासाउंड हुए। 23 मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ा। वहीं कुछ मरीजों ने निजी पैथोलॉजी में जांच कराई। सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया कि इंजीनियर को सूचना दे दी गई है। शनिवार से अल्ट्रासाउंड शुरू होने की उम्मीद है।

## 10 दिन पूर्व घायल युवक की मौत

पाटन, उन्नाव। लगभग 10 दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिहार बक्सर मार्ग पर मुड़ियन खेड़ा के पास पेट्रोल पंप के सामने दो बाइको में आमने-सामने टक्कर हो जाने पर सोनू 26 वर्ष पुत्र पुत्तीलाल 21 जुलाई को गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका कानपुर के हाईलाइट अस्पताल में उपचार चल रहा था 30 जुलाई गुरुवार को उसकी मृत्यु हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल कुमार गौर ने बताया कि जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। युवक मृतक का शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया है।

## संदिग्ध हालत में युवक की मौत

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव शाहनगर निवासी एक व्यक्ति ने गुरुवार शाम कोई पदार्थ खा लिया जिससे अचानक हालत बिगड़ गई जिसे लेकर परिजन उपचार के लिए सीएचसी लाए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव शाहनगर निवासी विजय पुत्र स्वर्गीय रामसेवक 35 वर्ष की गुरुवार शाम अचानक से हालत बिगड़ गई हालत बिगड़ी देख परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने हालात नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों उसे मृत घोषित कर दिया। गांव में चर्चा है कि उसने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ निगल लिया था। मृतक के एक पुत्र है पत्नी शीतल ससुराल में नहीं रहती है वह कई साल पहले छोड़ कर मायके चली गई थी मृतक की मां मुन्नी देवी, बेटे भाई तेजपाल आदि और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## शादी का झांसा देकर किया यौन उत्पीड़न

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके के एक गांव निवासी पीड़िता युवती ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि गांव के ही युवक ने पहले प्यार की बातें करके अपने प्रेमजाल में फंसाया। फिर शादी का झांसा देकर एक वर्ष से लगातार यौन उत्पीड़न करता रहा। जब मैं गर्भवती हो गई तो शादी का दबाव बनाया तो वह टालमटोल करने लगा। अब जब मैं तीन माह की गर्भवती हूं अब वह शादी करने से मना कर रहा है और उसके माता पिता यह कह रहे हैं कि पहले मैं बच्चे का डीएनए टेस्ट कराऐंगे। जिससे पीड़िता न्याय के लिए दर दर भटक रही है। बताया यह भी जा रहा है कि युवती 5 जुलाई को 18 वर्ष की पुरी हुई है। इससे साफ है कि युवती से जब शारीरिक संबंध बनाए गए तब वह नाबालिग थी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देते हुए जांच कराकर न्याय दिलाए जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को किया सम्मानित




सीतापुर। सेक्रेड हार्ट इंटर कॉलेज के पुरा छात्रों के संगठन ओशा (ओल्ड सेक्रेड हार्टियंस एसोसिएशन) द्वारा सेक्रेड हार्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल के सभागार में सत्र 2024-25 के कक्षा 10 एवं 12वीं के 19 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने करते हुए विद्यालय के कक्षा 10वीं के 11 और कक्षा 12 वीं के 8 मेधावियों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया। कक्षा-10 में छात्रों में अभय गुप्ता, आसमी शुक्ला, भाव्या गुप्ता, शुभी सिंह, पूर्वी अरतानी, अनिवेशा सिंह, शिखर यादव, नविका सिंह, अमिना आसिम, खुशी कोहली, अनय वर्मा एवं इनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट के छात्रों में गर्विता जैन, राशि शुक्ला, व्याख्या शुक्ला, अनन्या गुप्ता, शुखी केसवानी, अधिराज श्रीवास्तव, धैर्य गुप्ता, मो0 अज्म अब्बास एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया। सभागार में उपस्थित प्यारे बच्चों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा की मेधावी बच्चों को सम्मानित होता देख रहें बच्चों के लिए ये एक प्रेरणादायक पल है क्योंकि कल वो भी अपनी मेहनत के बलबूते इस सम्मान का हिस्सा बन सकते है। मैं आज इन होनहार छात्र छात्राओं को सम्मानित करके खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं क्योंकि यही बच्चे आगे आने वाले समय में देश की कमान अपने हाथों में लेकर भारत जैसे विशाल देश के भविष्य को और बेहतर और ऊंचाईयों पर ले जाएंगे। उन्होंने आगे कहा की मै ओशा जैसे संगठनों की दिल से प्रशंसा करता हूँ क्योंकि आप सभी पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन में जो अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी और कार्य कुशलता सीखी आज आप उसे अपने संगठन के माध्यम से विद्यालय के बच्चों को सिखा रहे है। मैं समझता हूँ की इसकी आज समाज को बहुत जरूरत है। ओशा की तरफ से वरिष्ठ सदस्य संजीव मेहरोत्रा ने जिलाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य, ओशा के सम्मानित सदस्यों, सम्मानित होने वाले सभी बच्चों, अभिभावकों, दर्शक के रूप में बैठे सभी प्यारे बच्चों और अध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## टीकाकरण सत्रों की फीडिंग सुनिश्चित कराई जाये



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनता की सुविधा के दृष्टिगत जन्म प्रमाण पत्र समय से जारी कराए जाने हेतु प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। संस्थागत प्रसवों में डिस्चार्ज के समय अनिवार्य रूप से जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाये। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं, वैक्सीन आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। 10 अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन करने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को अधिक क्रियाशील बनाया जाए। जिलाधिकारी ने सीएचओ उपस्थिति एवं सीएचओ स्तर पर की जा रही ओपीडी में सुधार के निर्देश भी दिए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्रों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आभा आईडी बनाए जाने की प्रगति में सुधार किया जाये। 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्रों को नियमानुसार आयुष्मान कार्ड तत्काल जारी कराए जाए। ई-रूपी बाउचर योजना का पूर्ण सदुपयोग करने हेतु प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

## जमीन के विवाद में लाठी डंडे चले, मामला दर्ज

पुरवा, उन्नाव। जमीनी विवाद को लेकर पडोसी ने छात्र को जमकर मारा पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के मुहल्ला शीतलगंज निवासिनी निर्मला ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके दो बेटे अंकुश व अर्जुन जो विधालय मे पढते है शाम के समय घर के बाहर थे। तभी मुहल्ले के ही धरमराज व बल्ली पुत्रगण रामचरन जमीनी विवाद को लेकर पुत्रों को पहले गालियां दी। बाद में मारपीट करने लगे। जिससे अर्जुन को काफी चोटे आयी। मारपीट की घटना से बच्चो को काफी मानसिक पीडा पहुँची। दबंग मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गये। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी।

## उर्वरक खरीदने के लिए आधार-खतौनी जरूर लायें किसान

उन्नाव। कृषि निदेशक व जिला कृषि अधिकारी ने अत्यधिक यूरिया बिक्री करने वाले उर्वरक विक्रेताओं की जांच की। अनिल कुमार यादव संयुक्त कृषि निदेशक एवं शशांक चौधरी जिला कृषि अधिकारी ने जनपद में बिना खतौनी के व डायवर्शन करने वाले उर्वरक विक्रेताओं तथा औद्योगिक इकाइयों की जांच की गई। जिसमें गुरुवार को गोदरेज एग्रोवेट, फ्लेविकोंन प्राइवेट लिमिटेड औद्योगिक इकाई में अनुदानित यूरिया का प्रयोग व डायवर्सन की जांच की गई व अमरनाथ लोधी खाद भंडार हिलौली, संत कुमार एंड संस बिछिया उर्वरक विक्रेताओं द्वारा अनियमित बिक्री, बिना कृषक की खतौनी/भूमि के अनुसार संस्तुत मात्रा के हिसाब से बिक्री की गई है अथवा नहीं इसकी जांच की गई। साथ ही किसान भाइयों से अपील है कि उर्वरक के क्रय करने हेतु आधार कार्ड व खतौनी अवश्य लेकर जाए और उर्वरक के भंडारण न करे।

## पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्र की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्र की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने उनको श्रद्धांजलि समर्पित की। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्थानीय नेहरू हाल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा द्वारा की गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम भाजपाइयों द्वारा पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि की गई। अपने उद्बोधन में बोलते हुए जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्र हम सभी कार्यकताओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं एवं उनके बताएं मार्ग पर आज हम सब चल रहे हैं। उनके आशीर्वाद से आज भारतीय जनता पार्टी का परिवार फल फूल रहा है। निश्चित तौर से उन्होंने परिश्रम की पराकाष्ठा की थी जिससे हम कार्यकताओं का मार्ग सुगम हुआ। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी भारत त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता व अचिन मल्होत्रा ने भी पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्र को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए एवं सामाजिक व पार्टी सेवा के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के संयोजक नगर वन अध्यक्ष राजन गुप्ता रहे। जबकि मंच का संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष गोविंद भारती द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्राम सागर राठौर, संजय मिश्रा, इंदु सिंह नेम, इस रतन तिवारी, सुनील मिश्रा, राहुल जायसवाल, महेश शर्मा, उपेंद्र शुक्ला, ओंकार गौतम, संतोष शुक्ला, देवांश भदोरिया सहित पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## कर्मचारी को दी भावभीनी विदाई

नवाबगंज, उन्नाव। नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत महनौरा गांव स्थित जूनियर विद्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रमाशंकर दीक्षित को उनके 30 वर्षों की सेवा पूर्ण होने पर भव्य विदाई समारोह के साथ सेवानिवृत्त किया गया। विद्यालय परिवार ने उन्हें गाजे-बाजे के साथ माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके दीर्घकालीन सेवाभाव की सराहना की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गांव एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। समारोह में प्रमुख रूप से आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष



कुलदीप यादव, खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष सत्यदेव सिंह तथा सहायक शिक्षक व समाजसेवी उदयभान सिंह उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने रमाशंकर दीक्षित के अनुशासन, ईमानदारी और विद्यालय के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल विद्यालय परिसर को सजाए रखा बल्कि बच्चों के साथ भी आत्मीय संबंध बनाए। सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न हुए इस भावुक कार्यक्रम में रमाशंकर दीक्षित ने भी अपने साथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार जताया और कहा कि यह विद्यालय उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। विद्यालय परिवार ने उन्हें उपहार भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधान शिक्षिका माया चौधरी, सहायक शिक्षक प्रबल प्रताप सिंह अधिवक्ता प्रदीप यादव, समाजसेवी रमेश सिंह, सहायक शिक्षिका तोशिका, रेनू यादव, वंदना सिंह, महेश्वरी गुप्ता, माया सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अंजली सिन्हा, रुचि गुप्ता, विजय लक्ष्मी, अनुदेशक राहुल गौतम सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

## बीटीआर में टाइगर बीटल की 19 प्रजातियों का पता चला

लखीमपुर खीरी। जैव विविधता से भरपूर दुधवा बाघ अभयारण्य (बीटीआर) में टाइगर बीटल कीट की 19 प्रजातियां पाई गई हैं, जिनमें से चार प्रजातियां उत्तर प्रदेश में पहली बार मिली हैं। हाल ही में हुए एक सर्वेक्षण में इन प्रजातियों का पता चला है। तमिलनाडु में स्थित गैर सरकारी संगठन रोपालोसेरा एंड ओडोनाटा एसोसिएशन ऑफ राजपलायम (आरओएआर) द्वारा पहली बार आयोजित टाइगर बीटल इंडिया फेस्ट 2025 के तहत यह सर्वेक्षण किया गया था। टाइगर बीटल एक फुर्तीला, शिकार करने वाला कीट है जो अपने चटकीले रंगों और शिकार में फुर्ती के लिए जाना जाता है। बाघ की तरह शिकार का पीछा करने की वजह से इसे टाइगर बीटल कहा जाता है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के परियोजना अधिकारी रोहित रवि के साथ दुधवा में सर्वेक्षण करने वाले डीटीआर के क्षेत्रीय जीवविज्ञानी और आउटरीच कार्यक्रम के प्रमुख विपिन कपूर सैनी ने कहा कि दुधवा में टाइगर बीटल के दस्तावेजीकरण के लिए किया गया यह सर्वेक्षण उत्तर प्रदेश में दूसरा सर्वेक्षण था, इससे पहले 1980 में सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के परिणामस्वरूप दुधवा में टाइगर बीटल की 19 प्रजातियों का पता चला, जिनमें से चार प्रजातियां, लोफिरा मुटिगुट्टाटा , राइटिडोफैना , सिसिंडेला साइनेआ और सिलिंडेरा वेनोसा , उत्तर प्रदेश में पहले कभी नहीं मिली थीं। सैनी ने कहा कि टाइगर बीटल की खोज ने दुधवा की उल्लेखनीय जैव विविधता को उजागर करते हुए इसे भारत के प्रमुख जैव विविधता स्थलों में से एक के रूप में स्थापित किया है। सर्वेक्षण के दौरान टाइगर बीटल जैसे सबसे छोटे जीवों का भी दस्तावेजीकरण किया गया। इस खोज से प्रसन्न होकर, फील्ड डायरेक्टर डॉ. एच. राजामोहन ने कहा कि संरक्षण प्रयासों में केवल बाघ और गैंडों जैसे आकर्षक विशाल जीव ही नहीं, बल्कि अन्य छोटे जीव भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि टाइगर बीटल इंडिया फेस्ट के तहत 19 प्रजातियों की खोज, कम ज्ञात लेकिन पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण प्रजातियों के दस्तावेजीकरण और संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डीटीआर के उप निदेशक जगदीश आर. ने कहा कि टाइगर बीटल की 19 प्रजातियों के दस्तावेजीकरण से दुधवा के समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र में छिपी विविधता उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि टाइगर बीटल की खोज महज एक वैज्ञानिक घटना नहीं है, बल्कि अक्सर नजरअंदाज किए जाने वाले कीटों की ओर ध्यान आकर्षित करने का एक सहयोगात्मक प्रयास है। आरओएआर के संस्थापक निदेशक और टाइगर बीटल इंडिया फेस्ट 2025 के आयोजक वी शरण ने कहा कि वे इस आयोजन को लेकर संशय में थे, क्योंकि बहुत से वैज्ञानिक या प्रकृति पर्यवेक्षक टाइगर बीटल से परिचित नहीं थे। हालांकि, फेस्ट को मिली प्रतिक्रिया और इसके माध्यम से एकत्रित की गई जानकारी ने इसकी सफलता को उजागर किया है।

# सीतापुर में हुआ मोबाइल कोर्ट का शुभारंभ

सीतापुर। विकासखण्ड गोंदलामऊ की गोंदलामऊ ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में सीतापुर जिला जज कुलदीप सक्सेना के द्वारा मोबाइल कोर्ट का शुभारंभ किया गया। सीतापुर जिले में यह पहला स्थान है जहां पर मोबाइल कोर्ट का शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने कहा कि अब गोंदलामऊ के लोगो को न्याय पाने के लिए दूर कही कोर्ट जाने की जरूरत नहीं है। अब यही पंचायत भवन में आपकी समस्या का समाधान मोबाइल कोर्ट के द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम में ग्राम न्यायालय सीतापुर के नोडल अधिकारी एडीजे द्वितीय महेंद्र सिंह चतुर्थ, एडीजे नवम शैलेन्द्र कुमार वर्मा, एडीजे पॉक्सो कोर्ट भागीरथ वर्मा, एडीजेध्सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, सीजेएम सीतापुर राजेंद्र सिंह, ग्राम न्यायाधिकारी सिधौली तन्मय जायसवाल सिविल जज जू0 डिविजन, राम प्रसाद गौतम अध्यक्ष बार एसोसिएशन सिधौली, नीलकमल मिश्र महामंत्री, रामेंद्र कुमार अवस्थी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व महामंत्री संजय कुमार दीक्षित पूर्व महामंत्री, शिव शंकर सिंह यादव, पूर्व महामंत्री मुनेंद्र सिंह चैहान, संयुक्त मंत्री सुक्लेश राजवंशी एवं पी0डी0 बाबू नरेंद्र कुमार यादव उदय कुमार सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्तागण तथा क्षेत्र के आमजन उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश ने ललिता भवन का किया उद्घाटन

सीतापुर। नैमिषारण्य तीर्थ स्थित मे माँ ललिता देवी मंदिर प्रांगण मे बने नवनिर्मित मां ललिता देवी भवन का आज जिला न्यायाधीश ललिता देवी प्रबंध समिति अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना द्वारा लोकार्पण किया गया। प्रधान पुजारी गोपाल



शास्त्री, पुजारी लाल बिहारी शास्त्री, पुजारी भास्कर शास्त्री द्वारा वेद मंत्रो के साथ स्वर्गीय जगदंबा प्रसाद प्रधान पुजारी की स्मृति में बने। इस भवन का उद्घाटन किया इससे पूर्व पुजारी द्वारा सभी अतिथियों का अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। वहीं जिला जज ने मंदिर प्रबंधक ओमप्रकाश दीक्षित को निर्देशित करते हुए कहाँ मंदिर की साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। आने वाले श्रद्धालुओं कोई भी किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर महेंद्र सिंह एडीजे, शैलेंद्र वर्मा एडीजे, भागीरथ वर्मा एडीजे, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी एडीजे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजेंद्र सिंह सीजेएम, आलोक सिंह क्षेत्राधिकारी मिश्रिख, पंकज तिवारी थाना प्रभारी नैमिष, राजेश शुक्ला पर्यटन प्रभारी नैमिष आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में दो की मौत एक गंभीर रूप से घायल

जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। कस्बे के कठिना नदी पुल के निकट एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दो महिलाओं की मौके पर मौत हो गई। वही मोटरसाइकिल चला रहा युवक गंभीर घायल हो गया।

मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं घायल युवक को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा है। जहां पर चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के बद्दापुर निवासी पिंकू सिंह उर्फ रिंकू पुत्र कमलेश शुक्रवार सुबह 10 बजे मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी अनामिका सिंह 35 वर्ष व लखीमपुर की कोतवाली मोहम्मदी के मैनी निवासी अपनी बुआ ज्ञान देवी 48 वर्ष को लेकर अपने बीमार रिश्तेदार को देखने उरदौली कस्बा जा रहे थे। मोटरसाइकिल कठिना नदी के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहा ट्रक कंटेनर संख्या यूपी 78 डीटी 9672 ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार अनामिका सिंह और ज्ञान देवी छिटककर रोड पर जा गिरी। जिसे कंटेनर रौंदता हुआ निकल गया। जिससे दोनों महिलाओं की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वही मोटरसाइकिल चला रहा पिंकू भी ट्रक के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं घायल पिंकू को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने ट्रक को कब्जे मे लेकर चालक को हिरासत में लिया है। इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि ट्रक व चालक पुलिस हिरासत में है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# युवती की गला रेत कर हत्या

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली इलाके बीती गुरूवार शाम शौंच के लिए घर से निकली युवती का शव गांव के बाहर केले के खेत के निकट नाले में पड़ा मिला। जिसकी अज्ञात लोगों द्वारा गला रेत कर हत्या कर दी गई।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम अकरैला निवासी श्रीराम चैधरी की 24 वर्षीय सीमा चैधरी बीती गुरूवार की शाम करीब 6 बजे घर से शौच के लिए गई थी तब से वह लापता थी। जिसकी परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। सुबह जब गांव के ही राम लखन अपने केले के खेत की मेड बांधने गए तो देखा कि उनके खेत में एक युवती का शव पड़ा हुआ है जिसकी किसी ने गला रेत कर हत्या कर दी थी। राम लखन ने घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस व परिजनों को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल सहित विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम, एएसपी आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे, कोतवाल विजयेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक ऋषभ यादव, योगिता नेगी, मनोज गुप्ता सहित भारी संख्या में पुलिस बल की टीम ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह ने बताया कि घटना की जांच के लिए पांच टीमों को लगा दिया गया है जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# ग्राहक एप के माध्यम से डाक की समस्त सेवाओं का प्रयोग कर सकेंगे

उन्नाव। डाक विभाग द्वारा डाकघर की कार्यप्रणाली में अमूलचूल परिवर्तन करते हुए डाकघरों को स्मार्ट बनाया जा रहा है। इसके तहत ए०पी०टी० 2.0 (उन्नत डाक प्रोद्योगिकी) की शुरूआत की जा रही है। जिसमें ग्राहक एप के माध्यम से डाक की समस्त सेवाओं का प्रयोग कर सकेंगे। जैसे की घर बैठे बुकिंग कर सकेंगे एवं बुक की गयी डाक की पिकअप सर्विस का लाभ भी उठा सकेंगे, ग्राहक यू०पी०आई०, क्यूआर के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे।

पोस्टमैन जी०पी०एस० सुविधा के साथ ओ०टी०पी० आधारित डाक वितरण कार्य कर सकेंगे। लेन देन को सुरक्षित बनाने के लिए भी क्यूआर कोड का उपयोग होगा। ये एप्लीकेशन कानपुर (मु०) मंडल के उन्नाव जनपद एवं कानपुर देहात जनपद से सम्बंधित समस्त शहरी एवं ग्रामीण डाकघरों में दिनांक 04 अगस्त 2025 से लागू हो रही है। डिजिटल इंडिया-कैशलेस इंडिया के तहत डाकघरों में ग्राहकों को बेहतर सुविधाएँ देने तथा उनको आधुनिक बनाने के लिए ए०पी०टी० 2.0 (उन्नत डाक प्रोद्यौगिकी) की शुरूआत हो रही हैद्य इससे डाककर्मियों का काम आसान होगा, साथ ही ग्राहकों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। डाक अधीक्षक कानपुर (मु०) सर्वेश कुमार ने बताया यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि डिजिटल इंडिया जैसे इनिशिएटिव से कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए डाकघर को तैयार करने के लिए विभाग द्वारा ए०पी०टी० 2.0 (उन्नत डाक प्रद्योगिकी) को शुरू किया गया है, जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ी छलांग है।

## अब घर बैठे मिलेंगी पिकप की सुविधाएं

एपीटी 2.0 उन्नत डाक प्रद्योगिकी एप्लीकेशन का शुभारम्भ किया गया। इसे डाक विभाग में एक डिजिटल परिवर्तन माना जा रहा है। जानकार बताते है कि अब डाक विभाग की सुविधाएं अधिकाधिक लोगो को जोड़ने का काम करेंगी। घर बैठे पिकप सुविधा से कई मामलों में लोगो को आसानी होगी। लाइन की समस्या से निजात मिलेगी। घर बैठे स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री बुकिंग की सुविधा मिलेगी। पिकप की सुविधा के जरिए लोगो को आसानी होगी। एप के जरिये डाक सेवाएं, क्यूआर से भुगतान कर सकेंगे।

# त्यागी बाबा और कांवड़ियों के पहुंचने पर किया स्वागत





सीतापुर। प्रसिद्ध संत त्यागी बाबा के नेतृत्व में हजारों कांवड़ियों के शुक्रवार को लहरुपर क्षेत्र में प्रवेश करने पर जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत। क्षेत्र के ग्राम लालपुर बाजार स्थित मंडी समिति में त्यागी बाबा और कांवडियों के पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया और कांवड़ियों ने जगह-जगह लगाए गए भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया।

नगर क्षेत्र के ओंकारेश्वर मंदिर में त्यागी बाबा के पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद लिया, त्यागी बाबा के साथ चल रहे कावड़ियों को खेमकरण इंटर कॉलेज में शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के पदाधिकारीयों व सदस्यों के द्वारा स्वागत किया, इस मौके पर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने भी खेमकरण कॉलेज पहुंचकर शिवशक्ति सनातन सेवा समिति के सदस्यों से भेंट कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजित भंडारे में कांवड़ियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। कालेज परिसर में कावंड़ियों के स्वास्थ्य जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित डॉक्टरों को दिखाकर दवाइयां लीं और स्वास्थ्य कर्मियों ने कांवड़ियों के जख्मी पैरों की मरहम पट्टी की।

त्यागी बाबा के साथ चल रहे हजारों कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए रूट डायवर्जन कर भारी वाहनों का आवागमन रोक कर कांवड़ियों के आने वाले मार्ग पर किसी को भी आने जाने नहीं दिया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सुनील वर्मा, आशीष शुक्ला, पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, मनीष शुक्ला सहित शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे इस मौके पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, तहसीलदार मनीष त्रिपाठी, अपर पुलिस अधिक्षक आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे, कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह सहित तालगांव कोतवाली प्रभारी दीपक कुमार राय, तंबौर थानाध्यक्ष राकेश सिंह, सकरन थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा, इमलिया सुल्तानपुर थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया, पिसावा विरेन्द्र सिंह तोमर, सहित भारी पुलिस बल चप्पे-चप्पे मौजूद रहा। वहीं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल खेमकरण इंटर कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दिशा निर्देश जारी किए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद मजाशाह चौराहे अपने भट्टे पर पहुंचकर कांवरियों का फल और पानी की बोतल अपने हाथों से उनको वितरित कर उनका जोरदार स्वागत किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद बाजपेई के द्वारा लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में भारी संख्या में कांवरियों ने डॉक्टर को दिखाकर दवाइयां ली और स्वास्थ्य कर्मियों ने कांवरियों के जख्मी पैरों की मरहम पट्टी की शिव सेवा सनातन समिति का गठन 2016 में हुआ था 2 साल कोरोना के चलते कार्यक्रम नहीं हुआ कमेटी का यहां 9वा भंडारा किया गया है कमेटी के सचिव आशीष शुक्ला ने यह जानकारी दी।

## विधायक को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

सीतापुर। निषाद पार्टी के दर्जनों कार्यकताओं ने सिधौली विधायक आवास पहुंचकर मछुवा समुदाय की उप जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने सहित चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व्यास मुनि निषाद के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सिधौली के मोहल्ला गांधीनगर स्थित विधायक आवास पर विधायक मनीष रावत को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पार्टी के सदस्यों ने मुद्दा उठाते हुए मछुआ समुदाय की उपजातियां जैसे निषाद, केवट, मल्लाह, बिंद, कहार, कश्यप, रायकवार, धीवर, तुरहा आदि को संविधान के अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जाति में सूचीबद्ध मझवार, तूरैहा को परिभाषित करने की मांग की प्रदेश अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि इन उपजातियां का उल्लेख 1961 के जनगणना मैन्युअल एवं राष्ट्रपति अधिसूचना 10 अगस्त 1950 में पहले से ही एससी वर्ग में है। उत्तराखंड सरकार के 2013 शासन आदेश की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में विधानसभा प्रस्ताव पारित किए जाने की मांग की। जिलों में ओबीसी प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की।

संक्षेप

## किसानों को मिलेगी तोरिया बीज मिनी किट

**ललितपुर।** उप कृषि निदेशक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया है कि राज्य सहायतित निशुल्क बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम अन्तर्गत अपर कृषि निदेशक (तिलहन एवं दलहन) उ.प्र. कृषि भवन लखनऊ के पत्र संख्या- 467 दिनांक 30 जुलाई 2025 द्वारा जिले को तोरिया बीज के निरूशुल्क मिनीकिट प्राप्त हुये हैं। शासनादेश संख्या 554 दिनांक 12 मार्च 2025-1809489 दिनांक 10 जून 2025 द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों द्वारा मिनीकिट प्रदर्शन हेतु निरूशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिये ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा। लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर आवेदकों के मध्य ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा।

इसके उपरान्त चयनित कृषक को पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से निरूशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट दिया जायेगा। उक्त मिनीकिट हेतु 01 से 15 अगस्त 2025 तक पोर्टल पर कृषकों द्वारा बुकिंग की जा सकती है।

## मथुरा दर्शन कर लौट रहे दम्पत्ति का पर्स चोरी

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला नमर्दरापुरम के नेहरू वार्ड पिपरिया निवासी मनमोहन पुरोहित पुत्र राधेश्याम पुरोहित ने जीआरपी चैकी में तहरीर दी है।

बताया कि वह 30 जून 2025 को मथुरा दर्शन करने के लिए पिपरिया से मथुरा गये थे। दर्शन के बाद उनका आरक्षण 5 जुलाई 2025 को आगरा से ट्रेन संख्या 12191 के कोच संख्या एस-6 की बर्थ नं. 65, 68 व 66 पर था। बताया कि वह परिवार के साथ आगरा से पिपरिया के लिए आ रहे थे। बताया कि सभी लोग खाना-पीना खाकर अपनी-अपनी बर्थ पर सो गये।

उसकी पत्नी का लेडीज पर्स ब्लैक कलर का वर्थ नं. 65 पर सिर के नीचे रखकर सो गया। यात्रा के दौरान उसे नींद हो गयी। वह ललितपुर रेलवे स्टेशन के बाद 5 मिनिट पहले उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि सिरहाने रखा उसकी पत्नी का लेडीज पर्स नहीं था। पर्स के अंदर 16 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन जिसकी कीमत 35592 रुपय थी, जो कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। जीआरपी पुलिस ने मनमोहन पुरोहित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# छात्र-छात्राओं के पंजीकरण में त्रुटि के लिए प्रधानाचार्य होंगे जिम्मेदारः ओपी सिंह



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** शैक्षिक क्रियाकलापों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचांग के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों का सम्यक संचालन माहवार एवं तिथिवार संचालित कराये

**● डीआईओएस ने ली प्रधानाचार्यों की बैठक, दिए निर्देश**

जाने को लेकर राजकीय इण्टर कालेज सभागार में जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी0 सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यो ने प्रतिभाग किया। बैठक में डीआईओएस ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुये निर्देशित किया कि विद्यालयों में कक्षा 10 एवं 12 के बोर्ड परीक्षा शुल्क को चालान के माध्यम से जमा करना एवं चालान टेज्जरी से सत्यापित कराकर कार्यालय में जमा करायें तथा कक्षा 9 एवं 11 का पंजीकरण एवं प्रवेश निर्धारित तिथि से पूर्ण कर लें।

पंजीकरण करने से पूर्व सभी छात्र-छात्राओं का डाटा अनिवार्य रूप से मिलान जरूर करें; यदि तिथि उपरांत छात्र-छात्राओं के रजिस्टेज्शन में किसी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है तो संबंधित प्रधानाचार्य का उत्तरदायित्व माना जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के चार राजकीय इंटर कालेजों (जखौरा, माताटीला, बार एवं महरौनी) को कक्षा 10 एवं 12 के व्यक्तिगत फार्म भरने हेतु केन्द्र बनाया गया है। इंस्पायर अवार्ड योजना अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय से पांच-पांच छात्र-छात्राओं को मॉडल हेतु चिन्हित करते हुये बेवसाइट पर पंजीकरण करायें।

एनसीईआरटी की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु स्थानीय दुकानदारों से संपर्क कर विद्यालय स्तर पर बुक स्टाल लगवाया जाये। जर्जर विद्यालय भवन के आगे बोर्ड लगाकर अंकित कर दें। वृक्षारोपण के तहत वृक्षों की सुरक्षा एवं संरक्षा तथा पोषण हेतु आवश्यक कार्ययोजना अभी से तैयार कर लें। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषका दिवस मनाया जायेगा इससे पूर्व प्रतियोगिताओं हेतु तैयारी रखें। डीआईओएस ने कहा कि अपने विद्यालय के बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित जरूर करें। विद्यालयों में अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराई जाने सहित अनेकों निर्देश प्रधानायार्यों को दिये गये। इस अवसर पर समस्त राजकीय इण्टर कालेजों सहित अशासकीय इंटर कालेजों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



**ललितपुर।** विकास खण्ड तालबेहट की ग्राम पंचायत हंसारकलां में आज विधायक सदर ललितपुर रामरतन कुशवाहा ने एक जनचैपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। जनचैपाल के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने पेयजल आपूर्ति में अव्यवस्था, खस्ताहाल ग्रामीण सड़कों, विद्युत आपूर्ति में अनियमितता, पेंशन वितरण में देरी, प्रधानमंत्री आवास योजना में लंबित आवेदनों, राशन वितरण में गड़बड़ी तथा स्वास्थ्य सेवाओं की कमी जैसी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक श्री कुशवाहा ने जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण तय समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है, और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। श्री कुशवाहा ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला एवं युवा सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ मिले, यह सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान में 227 का चालान



**बांदा।** सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के उद्देश्य से परिवहन आयुक्त के निदेशों के चलते शुक्रवार को सम्भागीय परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में सम्भाग के बांदा, हमीरपुर, महोबा व चित्रकूट के प्रवर्तन अधिकारियों एवं यातायात पुलिस विभाग ने जांच के दौरान 227 वाहनों का चालान किया। शहर के महाराणा प्रताप चैराहा एवं कालु कुँआ चैराहा में बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग एवं तीन सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। इस दौरान ऐसे वाहन चालकों को जागरूक करते हुए लगभग एक हजार से अधिक लोगों से अपील की गई कि दो पहिया, चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग करने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने का भी अनुरोध किया गया। अधिकारियों ने कहा कि वाहनों की जांच का कार्य निरंतर चलता रहेगा। इस दौरान उदयवीर सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, चित्रकूटधाम बाँदा के साथ श्याम लाल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, राम सुमेर यादव, यात्री, मालकर अधिकारी, वीरेन्द्रनाथ राजभर, यात्री मालकर अधिकारी, नरेन्द्र विक्रम सिंह, यात्री, मालकर अधिकारी महोबा, दीप्ती त्रिपाठी यात्री, मालकर अधिकारी चित्रकूट, संजय नाथ मिश्रा यातायात निरीक्षक, सुनील सक्सेना सदस्य जिला दुर्घटना जांच समिति, पुलिस विभाग, यातायात आरक्षी मौजूद रहे।

## कांवड़ यात्रा 3 को, होगा भोलेनाथ का जलाभिषेक

**बांदा।** केन नदी तट से निकलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक हुई। जिसमें कावड़ साथियों से अपील की गई कि समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। 3 अगस्त को प्रातः 8 बजे से कावड़ यात्रा केन नदी के तट से पवित्र जल लेकर शोभा यात्रा के रूप में दीनदयाल नगर खुटला होते हुए छोटी बाजार, कोतवाली रोड, शंकर गुरु चैराहा से चैक बाजार होते हुए प्रकाश टॉकीज, महेश्वरी देवी, बलखंडी नाक, कैलाश पुरी होते हुए बमबेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक होगा। केन कांवड़ यात्रा में सहभागिता करने वाली महिलाएं भी कावड़ उठाकर शोभायात्रा में चलती हैं। नगर की माताओं, बहनों से अपील की गई है कि सभी कांवड़ यात्रा में सम्मिलित हों और इस धार्मिक कार्यक्रम में सहभगिता कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में संतोष गुप्ता संतु, विजय ओमर, देशराज सिंह, राम आसरे गुप्ता, कुलदीप नामदेव, राकेश गुप्ता दद्दू, प्रेम गुप्ता, प्रेम नारायण मौर्य, डॉ सुनील गुप्ता, दिलीप तिवारी और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# एडीजी जोन का रिक्रूटों से संवाद साइबर थाने की जांच



**बांदा।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन डॉ संजीव गुप्ता ने पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के साथ पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूटों

**● फरियादियों से हुए मुखातिब**

की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होने रिक्रूटों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रशिक्षण की गुणवत्ता और जरूरी आधारभूत सुविधाओं का हाल जाना। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिक्रूटों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण दिया जाए जिससे वह भविष्य में चुनौतियों का प्रभावी तरीके से सामना कर सकें। निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक ने परेड ग्राउंड, बैरक, भोजनालय, शौंचालय, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा सुविधा और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के बारे में रिक्रूटों से बातचीत की। इसके अलावा उन्होने साइबर थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने साइबर अपराधों संबंधी मामलों की समीक्षा की तथा थाने में उपलब्ध तकनीकी संसाधनों, स्टॉफ की दक्षिता और कार्य पद्धति का अवलोकन किया। साइबर अपराधों के बढ़ रहे खतरे को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि तकनीकी उपकरणों का अधिकतम उपयोग कर मामलों का त्वरित निस्तारण करें इसके बाद उन्होने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं और इनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए।

# त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक आयोजित

जिला संवाददाता




**बिजनौर।** जिला निर्वाचन जिलाधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का वृहद पुनरीक्षण-2025 की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार, उप जिलाधिकारी सदर सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, सहायक निर्वाचन अधिकारी मौजूद थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि निर्वाचक नामावलियों का वृहद पुनरीक्षण-2025 का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील है तथा राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निदेशों के अनुपालन में 18 जुलाई,2025 से निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण का कार्य शुरू हो चुका है, निर्वाचन नामावलियों का जन सामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी, 2026 निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम तिथि वार पूर्व में ही जारी किए जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नामावलियों के पुनरीक्षण के कार्य को पूरी पारदर्शिता और दक्षता के साथ पूर्ण कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करें ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि का अंदेशा न रहे। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें तथा जन सामान्य की जानकारी के लिए पंपलेट एवं पोस्टर प्रकाशित कराकर ग्रामीण स्तरीय कर्मचारियों के माध्यम से ग्राम पंचायत में वितरित करायें ताकि ग्रामवासी जागरूक होकर उक्त कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एक मतदाता केंद्र पर यथासंभव केवल एक बीएलओ की ही नियुक्ति की जाए परंतु उस मतदान केंद्र पर 3000 से अधिक मतदाता नहीं होने चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी दशा में एक बीएलओ को एक से ज्यादा मतदान केंद्र आवंटित न किए जाएं, भले ही उस मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या ही क्यों ना हो ताकि दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए सदर विधायक



**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने ग्राम पंचायत कनवारा, छावनी दरदा व ब्रम्हा डेरा में पहुंचकर अत्यधिक वर्षा से गिरे मकानों और नदी किनारे खेत के कटान का जायजा लिया। उन्होने स्थानीय प्रशासन को पिचिंग निर्माण, जल निकासी और समय पर राहत सामग्री, अन्य मूलभूत सहायता के साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी को संक्रामक बीमारियों संबंधी दवा के छिड़काव के लिए निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में चल रहे अनेक विकास कार्यों को समय पर पूरा कराने और इस दौरान क्षेत्रीय गांव के लोगों की समस्याओं को सुनकर तत्काल संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। विधायक प्रकाश द्विवेदी ने गांव के लोगों को भाजपा सरकार की चलाई जा रही अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी तथा क्षेत्रीय लोगों के साथ गांव एवं मजरों का भ्रमण कर आगामी विकास कार्यों, संपर्क मार्गों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि यदि आप लोगों को कभी भी किसी सरकारी योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो किसी भी समय मेरे खुरहण्ड आवास एवं बांदा जन संपर्क कार्यालय में मिल सकते हैं और मुझे फोन के माध्यम से भी अपनी समस्याएं बता सकते हैं। इस दौरान नगर महामंत्री संतोष राजपूत, नगर मंत्री साकेत सिंह, धीरेन्द्र सिंह गौतम, मण्डल पदाधिकारी आशीष शुक्ला, कुलदीप तिवारी, अभिषेक मिश्रा, रमेश राजपूत, अनूप तिवारी, रमन सिंह, संतोष शुक्ला, ग्राम प्रधान पप्पू यादव, कनवारा, पिपरी हरिशंकर राजपूत, लव पांडेय, चंद्रशेखर निषाद, महेश दीक्षित व भाजपा पदाधिकारी और लोग मौजूद रहे।

# भारत गौरव रत्न श्री सम्मान अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. संदीप

**ललितपुर।** संघर्ष सेवा समिति जिसके संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी ने असहाय वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की विचारधारा के साथ

**वर्ल्ड ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन कमीशन के नेशनल वॉइस प्रेसिडेंट बने**

यह समाजसेवी संगठन शुरू किया था। समय के साथ-साथ सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई, समाजसेवा का कार्यक्षेत्र भी व्यापक होता गया। लोगों को सहायता मिली तो प्रसिद्धी भी तीव्र गति से मिलती गई।

झाँसी जनपद और आसपास के क्षेत्र में डॉक्टर संदीप के समाजसेवी कार्यों को देखते हुए अब तक राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, राज्य और क्षेत्रीय स्तर के सैकड़ों अवॉर्डों से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ० संदीप के कार्यों को देखते हुए देश की राजधानी दिल्ली चाणक्यपुरी स्थित दा अशोक होटल में डॉ० संदीप को भारत गौरव रत्न श्री सम्मान अवार्ड से विभूषित किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में असम, नागालैंड और मिजोरम के पूर्व गवर्नर जदीश मुखी, दिल्ली विधानसभा सदस्य चंदन कुमार चैधरी, बॉलीवुड अभिनेत्री नुशरत भरूचा, निजाम फैमिली वीफेयर संगठन के अध्यक्ष नजफ अली खान, द रिपब्लिक ऑफ पलाऊ टू इंडिया के पदाधिकारी नीरज शर्मा, वेनेजुएला के बोलीवेरियन गणराज्य की राजदूत कैपया रोड्रिगेज गोंजालेज, मालदीव गणराज्य की उच्चायुक्त ऐशथ अजीमा, इराक गणराज्य से नजर मिरजन अल असदी, रवांडा गणराज्य के उच्चायुक्त मुंकागिरा जैकलीन, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ तिमोर-लेस्टे के राजदूत कार्लिटो नन्स, बोस्निया और हजेगोविना के सचिव आर्मिन मेसिनोविक उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित प्रभावशाली व्यक्तित्वों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के तहत भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अवार्ड है। विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रभावशाली व्यक्तित्वों को सम्मानित करने हेतु प्रतिवर्ष यह सम्मान समारोह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाता है। इस वर्ष देश भर के कुल 40 लोगों को इस सम्मान से विभूषित किया गया। इसके साथ ही डॉक्टर संदीप को वर्ल्ड ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन कमीशन के नेशनल वॉइस प्रेसिडेंट के पद पर भी नियुक्त किया गया। डॉ० संदीप का कहना है समाजसेवा किसी एक व्यक्ति विशेष के बस की बात नहीं है इसके लिए एक सशक्त संगठन की आवश्यकता होती है।

संगठन में ऐसे सहयोगियों का होना जरूरी है जो पूर्ण मनोयोग के साथ परोपकार की भावना रखते हुए समाज को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु सजगता के साथ कार्य करें। यदि आपके समक्ष कभी ऐसी स्थिति आती है कि कोई असहाय या पीड़ित व्यक्ति आपसे सहायता का अनुरोध कर रहा हो और सहयोग में आपका हाथ आगे बढ़ता है तो निश्चित रूप से आपके अंदर मानवता जीवित है।

## जिलाधिकारी का बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा, राहत के निर्देश



**बांदा।** तहसील पैलानी के बाढ़ प्रभावित सिंधनकला, नांदादेव के मजरा शंकरपुरवा एवं मरझा का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होने सिंधनकला रोड के रपटे में पानी आ जाने के कारण पुलिस अधिकारियों और ग्राम प्रधान को बैरिकेटिंग लगाकर बंद करने के साथ लोगों व बच्चों को नदी किनारे नही जाने देने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम जे0 रीभा ने नांदादेव के मजरा पैलानी डेरा से मोटरबोट के जरिए शंकरपुरवा व मरझा का हाल जाना। इस दौरान उप जिलाधिकारी को उन्होने निर्देश दिए कि बाढ़ से प्रभावित लोगों को जरूरी सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं। डीएम ने शंकरपुरवा एवं मरझा में ग्रामीणों से बात चीत करते हुए कहा कि अपने घरों में रहें तथा जल स्तर बढ़ने पर नदी के आस-पास नही जाएं। उन्होने मजरों में जल भराव देखा, घरों में पानी घुसने की स्थिति पैदा नही हुई है। उन्होने राजस्व अधिकारियों को बाढ़ से बचाव के लिए राहत कार्यों, नाव, बोट और जरूरी खाद्य सामग्री तथा अन्य व्यवस्थाएं रखने के साथ प्रभावित लोगों को सामग्री वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होने वाटर लाइफ जैकेट पर्याप्त मात्रा में बाढ़ से बचाव के लिए लोगों को उपलब्ध कराए जाने और स्थिति पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि राहत शिविर में ठहरने, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा, शौंचालय तथा जरूरी व्यवस्थाएं तत्काल कराई जाएं। इस दौरान उप जिलाधिकारी पैलानी, तहसीलदार व लोक निर्माण विभाग तथा ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## एसपी ने कजली मेला स्थल का किया निरीक्षण



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जनपदीय पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों के साथ मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यापक पुलिस प्रबंध करनेए यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मेला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से समुचित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वार्ता की और उनकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि मेला परिसर में दो दुकानों के बीच के मार्गों को पर्याप्त चौड़ा रखा जाएए ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो और ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। मेला स्थल के भीतर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर दीपक दुबेए पीआरओ पुलिस अधीक्षक विषय देव बुन्देलाए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मनीष कुमार पाण्डेयए प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विधि विभाग के जिला संयोजक बनने पर जहीर खान का भव्य स्वागत

**नगीना, बिजनौर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के नव नियुक्त जिला संयोजक जहीर अहमद खान एडवोकेट के सम्मान मे बार भवन नगीना मे एक समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके विधि विभाग के जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एडवोकेट मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

नवनियुक्त जिला संयोजक जहीर अहमद खान के सम्मान मे आयोजित समारोह मे मुख्य रूप से उपस्थित संगठन के जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विधि विभाग के संगठन को सक्रिय करने के मकसद से इसमे सक्रिय अधिवक्ताओं को शामिल किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से जिला संयोजक के पद पर जहीर अहमद खान की नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया जो संगठन को दिन प्रतिदिन मजबूत कर रहे है उन्होंने शुक्रवार 2 अगस्त को दिल्ली के विज्ञान भवन में होने वाले विधि विभाग के सम्मेलन मे अधिक से अधिक




अधिवक्ताओं से शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता मौ.आरिफ खान, पूर्व बार अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई एड., दीपक सक्सेना (पूर्व अध्यक्ष), पूर्व महासचिव निशात अहमद, मौ0 नईम, फरीद अहमद खान एडवोकेट (जिला सह संयोजक) मुख्तार अहमद, जसीम अहमद, असलूब अहमद, सरफूराही, फैसल, शफक्कत रईस आदि अधिवक्त उपस्थित थे। इस कार्यक्रम से पूर्व नगीना भ्रमण के दौरान जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल ने नगीना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता रफत नईम को विधि विभाग का ब्लॉक कोतवाली का संयोजक मनोनीत किया है

## सीएमओ कार्यालय में विश्व स्तनपान सप्ताह पर गोष्ठी आयोजित

**ललितपुर।** विश्व स्तनपान सप्ताह पर सीएमओ कार्यालय में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 से 07 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य माताओं को शिशु के जन्म से 06 माह तक केवल मां का दूध पिलाने के लिये प्रोत्साहित करना और स्तनपान के महत्व को समाज में व्यापक रूप से फैलाना है। शिशु के मानसिक व शारीरिक विकास में स्तनपान की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि मां का दूध शिशु के लिये सम्पूर्ण आहार है जो उसे कुपोषण संक्रमण और कई बीमारियों से बचाता है।

विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 की थीम है स्तनपान को प्राथमिकता दें, स्थायी सहायता प्रणालियों का निर्माण करें। डीपीएम ने बताया कि जन्म के तुरन्त बाद शिशु को पहला पीला गाढा दूध (कोलोस्ट्रम) अवश्य देना चाहिये क्योकि यह शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता रविशंकर झा ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान स्तनपान को बढावा देने के लिये प्रचार प्रसार के विभिन्न तरीकों का उपयोग किया जायेगा। इस दौरान नाजमीन खान स्टेट ट्रेनर द्वारा स्तनपान के तरीकों, सावधानियों और स्तनपान के दौरान आने वाली सामान्य समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से बताया।

## नगर पालिका कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन



**नगीना, बिजनौर।** नगर पालिका में कार्यरत सैमियल के सेवानिवृत्त होने पर नगर पालिका प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन एंव अधिशासी अधिकारी/एसडीएम ने शाल उढ़ाकर फूल मालाओं से उन्हें भाविनी विदाई दी। चेयरपर्सन ताहिरा बेगम की अध्यक्षता एवं सिद्दीक मुल्तानी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, संदीप वाल्मीकि, शाहनवाज खलील जिलाध्यक्ष चेयरमेन संघ बिजनौर, समाजसेवी हाजी तंजील आलम, सफाई नायक बिट्टू बाल्मीकि, अरविंद बाल्मीकि, रोहित कुमार व वार्ड सभासद कपिल पवार, रोहित बिश्नोई, गोपाल शर्मा, राजकुमार सैनी, रामकुमार यादव आदि ने रिटायर्ड सफाई कर्मी सैमियल के कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर चेयरपर्सन ताहिरा खलील, अधिशासी अधिकारी/एसडीएम रामाश्रय ने संयुक्त रूप से शाल उढ़ाकर और फूल माला पहनकर भाविनी विदाई दी साथ ही 6 लाख 17 हजार रुपए का चेक दिया।

इस मौके पर रोहित कुमार, महेश उर्फ द्वारा सिंह, धीरज कुमार, सोनू कुमार, नौगतराम, महेर सिंह, स्व अमित कुमार, डॉ0 राकेश कुमार सहित समस्त सफाई कर्मचारी व पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

# ट्रंप की बौखलाहट

अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकोनमी' बताया और रूस के साथ डूब जाने की बात कही। ट्रंप की यह बौखलाहट इस बात का प्रमाण है कि वे बीते छह महीनों से जिस तरह की ऊल-जलूल हरकतें कर रहे हैं, उससे अमरीका जैसे महान देश की प्रतिष्ठा को भारी धक्का तो लगा ही है लेकिन साथ ही अमरीकी अर्थव्यवस्था भी ट्रंप की हरकतों से चरमराने लगी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में अमरीका की अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। ट्रंप भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकोनमी कहते हैं जबकि भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में प्रतिष्ठित अमरीकी आर्थिक रिसर्च फर्म गोल्डमैन सैच का दावा है कि वर्ष 2075 तक भारत की अर्थव्यवस्था अमरीका से बड़ी हो जायेगी। तब भारत की अर्थव्यवस्था 52.5 ट्रिलियन डॉलर की होगी और अमरीकी अर्थव्यवस्था 51.5 ट्रिलियन डॉलर की होगी। इस तरह गोल्डमैन सैच के अनुसार 2075 तक चीन की अर्थव्यवस्था का आकार 57 ट्रिलियन डॉलर का होगा और वह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। जबकि भारत 52.5 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर और अमरीका 51.5 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरी स्थान होगा। फिलहाल इस समय बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज




गति से आगे बढ़ रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और ठीक उतनी ही तेजी के साथ अमरीका कर्ज में डूब रहा है। फिलहाल अमरीका की संघीय सरकार पर मार्च 2025 तक 36.5 ट्रिलियन डॉलर का सकल कर्ज था और यह हर साल औसतन तीन ट्रिलियन डॉलर की गति से बढ़ रहा है। यह सही है कि अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और फिलहाल वैश्विक जीडीपी के करीब-करीब एक चौथाई पर अमरीका का कब्जा है। लेकिन यह तेजी से घट भी रहा है। अगर हम जीडीपी को क्रयशक्ति के संदर्भ में देखें तो भारत की जीडीपी पीपीपी मोड पर 17 ट्रिलियन डॉलर है। नॉमिनल मोड पर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और इसका आकार 4 ट्रिलियन डॉलर है। अगले दो वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होगी। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज प्रगति के साथ ही लगभग आठ वर्ष में भारत की जीडीपी का आकार डबल हो रहा है। यही नहीं डोनॉल्ड ट्रंप ने एक तरफ भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड कहा है और दूसरी तरफ यह दबाव भी बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार में अमरीका को जो घाटा हो रहा है भारत उसे कम करे। इसके लिए ट्रंप टैरिफ बैरियर खड़े कर रहे हैं। भारत पर कृषि, डेयरी और जीएम फूड खरीदने का दबाव बना रहे हैं। अगर भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, निर्यात बढ़ रहा है, अमरीका के साथ द्विपक्षीय व्यापार में भारत को सरप्लस हासिल है, मुद्रास्फीति, विकास दर, भुगतान संतुलन, विदेशी मुद्रा भंडार और वित्तीय घाटे की स्थिति पूरी तरह दुरुस्त है, तो यह एक डेड इकोनमी के नहीं बल्कि वाइब्रेंट इकोनमी के लक्षण हैं। लेकिन अगर भारतीय अर्थव्यवस्था के यह सारे लक्षण भारत से 12 हजार किलोमीटर दूर बैठे ट्रंप को नहीं दिखता है, तो कम से कम उनको गोल्डमैन सैच की वह रिपोर्ट पढ़ लेनी चाहिए जिसमें उसने 2075 तक अमरीका से आगे निकल जाने की बात कही है। ट्रंप को अमरीकी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिज की वह रिपोर्ट भी पढ़नी चाहिए जिसमें फिच ने बताया है कि अमरीकी टैरिफ का भारत पर बहुत ही मामूली असर होगा। जबकि दूसरी एजेंसियों ने तो यहां तक कहा है कि अमरीका को नुकसान अधिक होगा। बहरहाल ट्रंप अमरीका को फिर से महान देश बनाने का वायदा करके चुनाव जीते हैं, लेकिन अब तक उनकी हरकतों से अमरीका को नुकसान ही हुआ है। इसलिए ट्रंप बौखलाए हैं और इस बौखलाहट में वह भारत के खिलाफ ऊल-जलूल टिप्पणी कर रहे हैं, जो कि उनकी हताशा, असफलता और खिसियाहट का नतीजा कहा जा सकता है।

---

### विचार

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

# कृषि आय में विलेन बनी ग्रामीण महंगाई

**नरेन्द्र शर्मा**

> भारतीय किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तो उनकी आय में वृद्धि नहीं हो रही है और दूसरी यह कि खर्च इतना बढ़ गया है कि लाभ अंतर (प्रॉफिट मार्जिन) कम होता जा रहा है। यह बात सीएसीपी द्वारा एकत्र डाटा की समीक्षा से सामने आयी है। पिछले एक दशक के दौरान लगभग सभी प्रमुख फसलों के लिए कृषि आय में वृद्धि ग्रामीण महंगाई दर की गति के अनुरूप नहीं रही है यानी उससे कम रही है।

बेचारा किसान क्या करे? उसकी हालत 'आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपैया' जैसी होकर रह गई है। उसकी आय से बहुत तेज उसका खर्च बढ़ता जा रहा है। दस में से सात फसलें ऐसी हैं जिनमें महंगाई दर उसकी आय विकास से बहुत अधिक है। किसान ने तो अब उस चुनावी वायदे को याद करना भी बंद कर दिया है, जिसके तहत उसकी आय 2022 तक दोगुनी होनी थी, आखिर उस बात को तीन साल तो बीत ही गये हैं। दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत से जो व्यापार समझौता करना चाहते हैं, उसमें उनका दबाव है कि कृषि क्षेत्र उनके देश के लिए खोल दिया जाये। गौरतलब है कि दोनों खरीफ व रबी की दस प्रमुख फसलों की समीक्षा करने से मालूम होता है कि मक्का, मूंगफली व रेपसीड/सरसों को छोड़कर शेष सात फसलों- धान, सोयाबीन, कपास, अरहर/तूर (खरीफ) और चना, गेहूं व गन्ना (रबी) की कृषि आय वृद्धि समान अवधि के दौरान ग्रामीण महंगाई दर से कम रही है।

कहने का अर्थ यह है कि भारतीय किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तो उनकी आय में वृद्धि नहीं हो रही है और दूसरी यह कि खर्च इतना बढ़ गया है कि लाभ अंतर (प्रॉफिट मार्जिन) कम होता जा रहा है। यह बात कमिशन फॉर एग्रीकल्चरल कास्ट्स एंड प्राइसिज (सीएसीपी) द्वारा एकत्र डाटा की समीक्षा से सामने आयी है। पिछले एक दशक के दौरान लगभग सभी प्रमुख फसलों के लिए कृषि आय में वृद्धि ग्रामीण महंगाई दर की गति के अनुरूप नहीं रही है यानी उससे कम रही है। डाटा से यह भी मालूम होता है कि अधिकतर फसलों के लिए प्रॉफिट मार्जिन में गिरावट आयी है। यह गणना दो मुख्य फसलों को उदाहरण के रूप में लेकर की गई।



वर्ष 2013-14 में धान के लिए निवेश लागत 25,179 रुपए प्रति हेक्टेयर थी, जबकि परिवार श्रम का मूल्य 8,452 रुपए प्रति हेक्टेयर लगाया गया, जोकि कुल 33,651 रुपए बैठा। फसल का मूल्य 53,242 रुपए प्रति हेक्टेयर था, जिसका अर्थ हुआ कि लाभ 19,611 रुपए प्रति हेक्टेयर हुआ। वर्ष 2023-24 में धान के लिए निवेश लागत व परिवार श्रम 61,314 रुपए प्रति हेक्टेयर हो गया। फसल का मूल्य 91,530 रुपए प्रति हेक्टेयर मिला और इस लिहाज से आय 30,216 रुपए प्रति हेक्टेयर हुई। हालांकि आय में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन 2013-14 और 2023-24 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर में इजाफा 65 प्रतिशत का हुआ यानी जिस हिसाब से महंगाई बढ़ी उस हिसाब से आय नहीं बढ़ी। इसके अतिरिक्त इस फसल ने प्रॉफिट मार्जिन में भी पतन देखा। 2013-14 में निवेश लागत व श्रम के हिसाब से प्रॉफिट मार्जिन 58 प्रतिशत था जो 2023-24 में गिरकर 49.3 प्रतिशत रह गया।

**विमर्श**

गौरतलब है कि प्रॉफिट मार्जिन निकालने के लिए निवेश लागत व परिवार श्रम को कुल खर्च के रूप में लिया जाता है क्योंकि यही खर्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए फामूर्ला का भी हिस्सा है। जहां धान खरीफ फसल है वहीं गेहूं मुख्यतः रबी फसल है। लेकिन एक दशक के दौरान इसकी तुलना धान से करने पर भी आय में वृद्धि व प्रॉफिट मार्जिन में सामान पैटर्न देखने को मिलता है। वर्ष 2012-13 में गेहूं के लिए निवेश लागत व परिवार श्रम का मूल्य 23,914 रुपए प्रति हेक्टेयर लगाया गया। फसल का मूल्य 53,356 रुपए प्रति हेक्टेयर था, जिसका अर्थ हुआ कि लाभ 29,442 रुपए प्रति हेक्टेयर हुआ। वर्ष 2022-23 में गेहूं के लिए निवेश लागत व परिवार श्रम 43,760 रुपए प्रति हेक्टेयर हो गया। फसल का मूल्य 88,939 रुपए प्रति हेक्टेयर मिला और इस लिहाज से आय 45,179 रुपए प्रति हेक्टेयर हुई। हालांकि आय में 53 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन 2012-13 और 2022-23 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर में इजाफा 71 प्रतिशत का हुआ यानी जिस हिसाब से महंगाई बढ़ी उस हिसाब से आय नहीं बढ़ी। इसके अतिरिक्त इस फसल ने भी प्रॉफिट मार्जिन में पतन देखा। 2012-13 में निवेश लागत व श्रम के हिसाब से प्रॉफिट मार्जिन 123 प्रतिशत था, जो 2022-23 में गिरकर 103 प्रतिशत रह गया। गन्ना व अन्य प्रमुख फसलों ने भी कुल आय में स्थिरता देखी। गन्ने से आय जो 2012-13 में 96,451 रुपए प्रति हेक्टेयर थी, वह 2022-23 में बढ़कर 1,21,668 रुपए प्रति हेक्टेयर तो अवश्य हुई, लेकिन यह 26 प्रतिशत की वृद्धि इस अवधि के दौरान बढ़ी ग्रामीण महंगाई (71 प्रतिशत) से बहुत कम है। इसके अतिरिक्त इस अवधि में प्रॉफिट मार्जिन 151 प्रतिशत से गिरकर 102 प्रतिशत रह गया।

दरअसल, उच्चतम आउटपुट के आधार पर जिन दस प्रमुख फसलों की तुलना की गई, उनमें केवल तीन ने ग्रामीण महंगाई में हुई वृद्धि के मुकाबले में दस वर्ष के दौरान अधिक आय अर्जित की। ये हैं मक्का (162 प्रतिशत) व मूंगफली (71.4 प्रतिशत) जब ग्रामीण महंगाई दर 65 प्रतिशत रही और रेपसीड व सरसों जब ग्रामीण महंगाई दर 71 प्रतिशत रही। शेष सात फसलों के लिए आय में वृद्धि ग्रामीण महंगाई दर से कम रही। चना के लिए आय 50 से 60 प्रतिशत के बीच रही, सोयाबीन व कपास के लिए 20 से 30 प्रतिशत रही और अरहर (तूर) के लिए 20 प्रतिशत से कम रही। मक्का को छोड़कर इन सभी फसलों के लिए आय स्थिर रही और प्रॉफिट मार्जिन में पतन देखने को मिला।

यह प्रति हेक्टेयर प्रॉफिट अधिकतर भारतीय किसानों की मौसमी आय के लगभग बराबर है। 2015-16 के कृषि सेंसस के अनुसार औसत लैंड होल्डिंग साइज 1.1 हेक्टेयर से भी कम है, लेकिन अधिकतर किसान (68.5 प्रतिशत) बहुत छोटे किसान हैं यानी उनके पास 1 हेक्टेयर से भी कम कृषि भूमि है। इसका अर्थ है कि उनकी मौसमी आय और भी कम होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि स्थिरता व कम कृषि आय का अंदाजा जीडीपी में कृषि के हिस्से व रोजगार में असंतुलन से लगाया जा सकता है।

जीडीपी में कृषि का योगदान मात्र 16 प्रतिशत है, लेकिन कृषि क्षेत्र में भारत के कुल कार्यबल का 40 प्रतिशत से अधिक श्रमिक लगा हुआ है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं जैसे अमेरिका में भी कृषि का जीडीपी में हिस्सा 0.9 प्रतिशत व रोजगार में 2 प्रतिशत है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं जैसे चीन का हाल भी इससे अलग नहीं है कि जीडीपी में कृषि का योगदान 6.8 प्रतिशत व कृषि में कार्यबल के 22 प्रतिशत लोग लगे हुए हैं। कुल मिलाकर तथ्य यह है कि भारत में किसानों की समस्या (और बढ़ती आत्महत्याओं) यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर बढ़ती महंगाई के कारण जिस हिसाब से कृषि लागत व परिवार श्रम में उन्हें वृद्धि करनी पड़ रही है उस हिसाब से उनकी आय में इजाफा नहीं हो रहा है और उनका प्रॉफिट मार्जिन भी निरंतर कम होता जा रहा है। इस आर्थिक तंगी के कारण वह तनाव में रहते हैं और कुछ तो कर्ज के बोझ में दबकर आत्महत्या कर लेते हैं व अपने परिवार को बेसहारा छोड़ जाते हैं। इस समस्या का हल तभी निकल सकता है जब राजनीतिक दल चुनावी वायदों- आय दोगुनी, एमएसपी की गारंटी आदि से इतर कभी संसद में भी इस विषय पर गहन चर्चा करें और कृषि विधेयक आर्डिनेंस के जरिये लाने का प्रयास न करें।

### सोशल मीडिया

स्वदेशी, स्वराज और स्व संस्कृति के प्रतीक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलकजी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने स्वराज, संस्कृति और स्वदेशी को राष्ट्र गौरव बताया। अमित शाह.



# ज्ञान का प्रवाह

### अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

# सांस दर सांस, जीवन की आस

**डॉ.माजिद अलीम**




फेफड़ा कैंसर दिवस (1 अगस्त) पर विशेष

जब तक सांसें चलती हैं, तब तक जीवन चलता है। लेकिन जब वही सांसें अचानक समय से पहले ही धीरे धीरे बिना किसी शोर शराबे के थमने लगें, तो समझिये कोई अदृश्य खतरा हमारे ऊपर मंडरा रहा है। जी हां, फेफड़ा कैंसर ऐसा ही एक घात लगाकर हमला करने वाला खतरनाक रोग है, जो अकसर बिना किसी शुरूआती चेतावनी या लक्षण के हमें धर दबोचता है। जब तक हम इसके हमले को समझ पाते हैं, तब तक काफी देर हो चुकी होती है। इसलिए हर साल 1 अगस्त को विश्व फेफड़ा कैंसर दिवस मनाया जाता है ताकि दुनियाभर के लोग इस बीमारी के प्रति जागरूक रहें और जब यह दबे पांव आकर हमला करे, तो इसके हमला करते ही हम इसे पहचान लें। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि हमारे देश में जहां तमाम कोशिशों के बावजूद आज भी 28-29 करोड़ लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं, फिर चाहे वो सिगरेट के रूप में हो, खैनी के रूप में हो, गुटखा के रूप में हो या कोई और रूप। तंबाकू के इस विविध रूप से इस्तेमाल के कारण हर साल भारत में फेफड़ा कैंसर से 70 हजार लोगों की मौत हो जाती है और इससे कई गुना ज्यादा लोग लंबे समय के लिए इससे अपाहिज हो जाते हैं।



फेफड़ा कैंसर को पहचानने में देर न हो, इसलिए हर साल फेफड़ा दिवस मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत पहली बार साल 2012 में अमेरिकन कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजीशियन और इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग कैंसर के संयुक्त प्रयास से हुई थी। इस दिन लोगों को फेफड़े के कैंसर के लक्षणों, उसके कारण और रोकथाम के प्रति सचेत किया जाता है। लोगों को तंबाकू सेवन के खतरों को बताया जाता है। इस दिन के विभिन्न कार्यक्रमों में समझाया जाता है कि फेफड़ा कैंसर या लंग कैंसर में शुरूआती जांच का कितना महत्व है। क्योंकि अगर समय रहते इस भयावह कैंसर की पहचान कर ली जाए, तो जान बचायी जा सकती है। इस दिन कैंसर से जूझ रहे मरीजों और उनके परिवारजनों को भावनात्मक सहारा देने के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं तथा अस्पतालों व विभिन्न एनजीओ द्वारा सीटी स्कैन व एक्सरे के जरिये लंग कैंसर के जांच हेतु मुफ्त शिविरों का आयोजन होता है।

युवाओं को इस दिन विशेषकर सोशल मीडिया और स्कूल, कॉलेजों में समझाया जाता है कि सिगरेट, बीड़ी केवल एक लत नहीं बल्कि मौत का न्यौता हैं। कैंसर से जूझ चुके या जूझ रहे मरीजों की प्रेरक कहानियों को साझा किया जाता है तथा डॉक्टर, वैज्ञानिक और विभिन्न तरह के समाजसेवी इस दिन मिलकर जन जागरूकता फैलाने के लिए सेमिनार या ऑनलाइन बेबिनार में हिस्सा लेते हैं। लंग कैंसर से दो दो हाथ करने के लिए इस दिन हर साल की किसी विशेष थीम के आधार पर इस कैंसर के खतरों को आगाह करने वाले भावों को रेखांकित किया जाता है। इस साल की थीम है- 'सांस दर सांस एकजुट हों और फेफड़ा कैंसर को हराएं'। इस थीम की तीन मुख्य बातें हैं। पहली- सांसों की अहमियत को समझें, क्योंकि फेफड़ा कैंसर उन्हें चुपचाप खत्म कर देता है। दूसरी- जल्दी पहचानें, जी हां, अगर फेफड़ा कैंसर की पहचान में देर हो गई तो फिर इससे बचाव मुश्किल हो जाता है और तीसरी- सामूहिक जिम्मेदारी, फेफड़ा कैंसर को अगर हमेशा के लिए इंसानी बस्तियों से दूर करना है, तो परिवार, समाज और नीति निमार्ताओं को मिलकर काम करना होगा।

सवाल है जब स्वास्थ्य के प्रति लोगों में हाल के सालों में जबर्दस्त जागरूकता देखने को मिली है, तो फिर फेफड़ा कैंसर क्यों दिनोंदिन पहले से कहीं ज्यादा खौफनाक बनकर उभरा है? आखिर फेफड़ा कैंसर के प्रति लोग क्यों जागरूक नहीं हो रहे? दरअसल आजादी के बाद से ही लगातार प्रयास करने के बावजूद हमारे यहां तंबाकू के सेवन में कमी नहीं आ रही। हर साल विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाये जाने के बावजूद, आजतक हमारे देश में इस तंबाकू के शिकार होकर लाखों, लाख लोगों के मौत के घाट उतर जाने के बावजूद, लोग तंबाकू के नशे को नहीं छोड़ पा रहे। इसी कारण फेफड़ा कैंसर हर गुजरते दिन के साथ भयावह होता जा रहा है। इस करेले में नीम चढ़ी बात यह है कि हमारे यहां बढ़ते प्रदूषण और घरेलू धुएं के कारण भी फेफड़ा कैंसर लगातार बद से बदतर होता जा रहा है। हालांकि पिछले एक दशक में रसोई गैस के इस्तेमाल का चलन गांवों और कस्बों में भी खूब बढ़ा है। फिर भी तंबाकू का सेवन, वायु प्रदूषण और घरेलू धुएं के कारण हर साल देशभर में हजारों फेफड़ा कैंसर के मरीजों के मरने के बावजूद इस दिशा में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो रही।

दरअसल फेफड़ा कैंसर की सबसे आम वजह तंबाकू है और तंबाकू सेवन पर लगातार किये जा रहे प्रचार के बावजूद, भारत तंबाकू का दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा उपभोग करने वाला देश है। यही कारण है कि हमारे यहां करोड़ों लोग हर पल बीड़ी, सिगरेट, खैनी और गुटखे की चंगुल में फंसे होते हैं और अब देश के ज्यादातर शहरों में वायु प्रदूषण भी इसकी एक बड़ी वजह बन गया है। आज दिल्ली, कानपुर सहित देश का कोई ऐसा बड़ा शहर नहीं है, जो पूरी तरह से या उसके कुछ हिस्से विशेष वायु प्रदूषण की चपेट में न हों। पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म कण हमारे फेफड़ों में जाकर जमा होते हैं और उन्हें असमय ही मृत बना देते हैं। इस कारण देश में फेफड़ा कैंसर के पीड़ितों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि पिछले कुछ सालों में खासकर उज्ज्वला जैसी योजनाओं के बाद गांवों में रसोईघरों से उठने वाले धुएं में कमी आयी है। बावजूद इसके अभी भी करोड़ों महिलाएं हर दिन खाना बनाने की कवायद के चलते गोबर व कोयले के गाढ़े धुएं से दो चार होतीं हैं। इसलिए फेफड़ा कैंसर से संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी नहीं आ रही बल्कि दिनोंदिन बढ़ोत्तरी ही हो रही है।

हालांकि अगर शुरूआती दौर में पता चल जाए कि हमें फेफड़े का कैंसर है, तो ऐसी दर्जनों दवाएं हैं, जिनके इस्तेमाल से फेफड़ा कैंसर के शुरूआती लक्षणों को टाला जा सकता है। शुरूआत में शरीर में घुसपैठ बना रहे फेफड़ा कैंसर की प्रमुख गतिविधियों में शामिल है- तेजी से वजन घटना, रह-रहकर खांसी आना, सांस फूलना। अगर हम शुरूआत में ही इन लक्षणों को पकड़ लें और संबंधित मरीज को इसके बचाव की सुविधाएं दे सकें तो काफी हद तक फेफड़ा कैंसर के मरीजों को बचाया जा सकता है। अगर बचाना संभव न भी हो तो उन्हें देर तक जिंदा रखा जा सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं फेफड़ा कैंसर बाकी कैंसरों के मुकाबले समय से पहचाना जाना बहुत जरूरी है। अगर ऐसा कर लिया जाए तो सर्जरी, कीमोथैरेपी और इम्यूनोथैरेपी जैसे विकल्पों के जरिये फेफड़ा कैंसर पीड़ितों को बचाया जा सकता है। पहले फेफड़ा कैंसर का इलाज काफी पीड़ादायक प्रक्रिया थी, लेकिन आज नई तकनीकों जैसे स्कैन, मिनिमल इन्वेसिव सर्जरी और टारगेटेड थैरेपी के जरिये इसका सटीक इलाज किया जा सकता है, साथ ही यह पहले से कम पीड़ादायक भी हुआ है। अगर मरीज ध्यान से समय रहते इससे बचाव में लग जाए, तो बचा भी जा सकता है और इसके बावजूद लंबा जीया जा सकता है। अतः फेफड़ा कैंसर की स्थिति में समय रहते सजगता बहुत जरूरी है।

**फेफड़ा कैंसर से बचने के उपाय-**

- धूम्रपान छोड़ें और दूसरों को भी जो आपके दायरे में हों, उन्हें छोड़ने को प्रेरित करें।
- हर साल अपने फेफड़ों की सामान्य जांच कराएं, खासकर अगर 40 साल या इसके ऊपर के हैं।
- प्रदूषण से बचने की कोशिश करें। मास्क पहनें, इंडोर एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें।
- फेफड़ों के कैंसर संबंधित सरकारी योजनाओं और सहायता समूहों से जुड़ें।
- सांस संबंधी किसी भी लक्षण को नजरअंदाज न करें। ऐसा करना इसलिए जरूरी है, क्योंकि सांसों को खोने से पहले उनको संजोने और बचाने के यही तरीके हैं।

## आप की बात

### भारत का व्यापार घाटा

द्विपक्षीय व्यापार हमेशा समृद्धि का कारण होता है लेकिन चीन के साथ बढ़ता व्यापार गंभीर चिंता का विषय है इसलिए देशवासियों को सस्ते के चक्कर में पड़ने के बजाय चीन से सतर्क रहना चाहिए और अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए चाहे भले ही अधिक कीमत चुकानी पड़े। चीन भारत का परम्परागत दुश्मन देश है और उसे दुश्मन मानकर हमेशा सतर्क रहना चाहिए। चीन बार-बार भारत को धोखा देता है इसलिए उससे व्यापार बढ़ाने के बजाय देश को अपनी सैन्य शक्ति मजबूत करनी चाहिए। चीन बलपूर्वक एलएसी को बदलने की मंशा पाले है लेकिन भारत हमेशा सीमा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना चाहता है। चीन इसे भारत की कमजोरी समझता है और वह सीमा विवाद को निपटाने के बजाय लटकाता रहता है।

**दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.**

### रोजगार के मौके बढ़ायें

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कमी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इसलिए सरकार को बुनियादी विकास करना चाहिए।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## अमेरिकी टैरिफ पर पीएम की चुप्पी देश की संप्रभुता को गिरवी रखने के समान

**अयोध्या।** भारतीय निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ के विरुद्ध शुक्रवार को वामदलों व संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने कडा प्रतिवाद करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंप कर मामले में हस्तक्षेप करने और 25 प्रतिशत टैरिफ को रद्द कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि महज रूस और ईरान से व्यापार करने के कारण दण्डस्वरुप अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने हमारे निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। इसका कडा विरोध करने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार ने चुप्पी साध लिया है। ट्रम्प की यह कार्यवाही और मोदी की चुप्पी देश को अमेरिकी गुलामी की ओर धकेलने की कोशिश है। आगे कहा गया कि अमेरिका द्वारा प्रवासी भारतीयों को अपमानित करने का मामला हो, भारत-पाक मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप का मामला हो अथवा निर्यात पर भारी टैरिफ का मामला हो मोदी सरकार ने कभी खुलकर तो कभी चुप रहकर अमेरिकी कार्यवाहियों का समर्थन कर अमेरिका के समक्ष घुटना टेक दिया है और देश की संप्रभुता को अमेरिका के सामने गिरवी रख दिया है।

# राजकीय लाइब्रेरी का होगा सुंदरीकरण बच्चों के लिए एक हाल बनाया जायेगा

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। योगी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और कदम बढ़ाते हुए तहसील तिराहे के समीप स्थित राजकीय लाइब्रेरी के सुंदरीकरण का फैसला किया है। इस परियोजना के तहत लाइब्रेरी को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिल सके। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रस्ताव शासन को भेजा है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। राजकीय लाइब्रेरी के सुंदरीकरण का डिजाइन प्रख्यात आर्किटेक्ट द्वारा तैयार किया गया है। इस डिजाइन में लाइब्रेरी के बाहरी और आंतरिक हिस्सों को पूरी तरह से नया रूप देने की योजना है। लाइब्रेरी में बच्चों के लिए एक समर्पित अध्ययन कक्ष बनाया जाएगा, जो उनकी पढ़ाई की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा। इसके अलावा, डिजिटल कॉम्पोनेंट रूम की स्थापना भी की जाएगी, जहां विद्यार्थी आधुनिक तकनीक का उपयोग कर डिजिटल संसाधनों से पढ़ाई कर सकेंगे। लाइब्रेरी में एक ऑफिस रूम भी बनाया जाएगा, जो प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद करेगा।

- डिजिटल कॉम्पोनेंट रूम की होगी स्थापना, ऑफिस रूम भी होगा
- इंटीरियर, आउटर, बाथरूम में की होगी अच्छी फैसिलिटी
- अयोध्या विकास प्राधिकरण ने शासन को भेजा प्रस्ताव




परियोजना के तहत लाइब्रेरी के इंटीरियर और बाहरी हिस्सों को नया स्वरूप दिया जाएगा। आधुनिक डिजाइन के साथ-साथ बाथरूम और अन्य सुविधाओं को भी उन्नत किया जाएगा। विद्यार्थियों और पाठकों के लिए आरामदायक और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लाइब्रेरी में बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और वेंटिलेशन को भी बेहतर बनाया जाएगा, ताकि पाठक बिना किसी असुविधा के लंबे समय तक पढ़ाई कर सकें। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर लिया है। प्राधिकरण ने शासन को प्रस्ताव भेजकर लाइब्रेरी के सुंदरीकरण के लिए आवश्यक बजट और संसाधनों की मांग की है। इस परियोजना को लागू करने के लिए स्थानीय प्रशासन और विशेषज्ञों की एक टीम गठित की गई है, जो डिजाइन और निर्माण कार्य की निगरानी करेगी।

योगी सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। अयोध्या में राजकीय लाइब्रेरी का सुंदरीकरण इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का मानना है कि शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिलेंगे और वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया की इस परियोजना से न केवल स्थानीय विद्यार्थियों को लाभ होगा, बल्कि अयोध्या में आने वाले पर्यटकों और शोधकताओं को भी एक आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी।

## बीकापुर विधानसभा में टिल्लू की दावेदारी से बढ़ा सियासी पारा

**सोहावल-अयोध्या।** अपनी साफ सुथरी छवि और कार्यकर्ताओं के लिये समर्पित रहने की पहचान रखने वाले भाजपा नेता और जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने भी बीकापुर विधानसभा से अपनी दावेदारी ठोकी है। अपने जनसंपर्क अभियान को रफ्तार देने की कड़ी में शुक्रवार को सोहावल तहसील परिसर में एक चाय पर चर्चा आयोजित की और संकेत दिया कि 2027 का चुनाव इनके लिए अहम है।

लगभग दो दर्जन सोहावल के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचे टिल्लू ने कहा बीकापुर विधान सभा हमारी दशकों से कर्म भूमि रही है।

जनता के बीच हमने काम किया है। पिछले चुनाव में हमें इंतजार करने को कहा गया था। दल के बड़े नेताओं का आशीर्वाद मिला है इस लिए आगामी चुनाव को लेकर हमारे चुनाव जनसंपर्क का अभियान पूरे विधान सभा क्षेत्र में चल पड़ा है। चुनाव चर्चा में मौजूद रहे लोगों में मोहन लाल गुप्ता, राम सिंह, राम गणेश वर्मा, ओम प्रकाश सिंह, बेद गुप्ता, फरीद अहमद, संतराम, बलदेव सिंह, रामानंद यादव आदि रहे।

## मंदिर मजीठा धाम में पूर्व कैबिनेट मंत्री ने की पूजा - अर्चना




**बाराबंकी।** श्री नाग देवता मंदिर मजीठा धाम बहुत ही पौराणिक स्थल है यहां की मान्यता है। जो भी व्यक्ति यहां आकर दूध और चावल अर्पण करता है उसके जीवन की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। उक्त बात पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने पौराणिक नाग देवता मंदिर मजीठा धाम में नाग देवता की पूजा अर्चना करने के उपरांत श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए कहीं। दर्शन पूजन के उपरांत श्री नाग देवता मंदिर मेला समिति के पदाधिकारियों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री को चित्र, अंगवस्त्र मंदिर में अर्पित मटकी प्रसाद स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर सपा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप सिंह, धीरेन्द्र कुमार वर्मा, अविरल सिंह, देवकीनन्दन वर्मा, वीरेंद्र प्रधान, सानु सिंह राठौर, गिरजा शंकर, अशोक वर्मा, राम सुमिरन वर्मा मौजूद रहे।

## डॉ.प्रशान्त श्रीवास्तव ने नीट परीक्षा में 72 वां स्थान प्राप्त देवरिया जिले का बढ़ाया मान



**देवरिया।** डॉ. प्रशान्त श्रीवास्तव ने नीट सुपर स्पेशलिटी की राष्ट्रीय परीक्षा में परचम लहराया। राष्ट्रीय स्तर पर हुई इस परीक्षा में 72वां स्थान प्राप्त कर लखनऊ के प्रतिष्ठित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में पल्मोनरी मेडिसिन और क्रिटिकल केयर में डीएम कोर्स में प्रवेश लिया और देवरिया जिले का मान बढ़ाया। देवरिया जिला में जीवन मार्ग सोफिया कालेज से दसवीं पास कर शिक्षा प्राप्त की। पिता श्री राकेश श्रीवास्तव सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया देवरिया से एलडीएम अधिकारी पद से सेवानिवृत्त है। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने ने जिले में सोशल कार्यो एवं बैंकिंग ट्रेनिंग में देवरिया जिले व प्रदेश में अपना योगदान देते रहे हैं। इनके बड़े सुपुत्र शुभम श्रीवास्तव ने केजीएमयू लखनऊ से डॉक्टरी की पढ़ाई पढ़ कर अब बीएचयू में फैकल्टी आथोपेडिक सर्जन के रूप में सेवा दे रहे हैं। डॉ शुभम श्रीवास्तव ने भी सरस्वती विद्यामंदिर से 12 तक की शिक्षा प्राप्त की।

## सरकारी योजनाओं से वंचित बुजुर्ग दंपति, न तो मिला आवास न उज्ज्वला योजना का लाभ



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** विकास खंड पूरेडलई के ग्राम सुखीपुर मजरे लतपुरवा में एक बुजुर्ग दंपति वीराना पत्नी रामपाल सरकारी योजनाओं से वंचित होकर मिट्टी की जर्जर दीवारों और ऊपर तने तिरपाल के नीचे रहती हैं। तो वही बारिश के मौसम में इस परिवार की परेशानी और बढ़ जाती है। रामपाल ने बताया कि उनके पास रहने के लिए एक छत नहीं है। उन्होंने ग्राम प्रधान से कई बार मदद मांगी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्राम प्रधान सतीश चैहान की राजनीति के चलते इस गरीब परिवार को न तो पक्का घर, न शौचालय और न ही उज्ज्वला योजना का लाभ मिला। जबकि परिवार पात्र होने के बावजूद सरकारी योजनाओं से वंचित है। इस मामले के सम्बन्ध मे जानकारी लेने पर पूरेडलई के एडीओ पंचायत योगेंद्र प्रताप सिंह से संपर्क नहीं हो पाया।

# कांग्रेसियों ने मनायी कमला नेहरू की जयंती

**अयोध्या।** महान स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेविका एवं भारत की प्रथम प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की माता कमला नेहरू की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन, रकाबगंज में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने की एवं संचालन महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कमला नेहरू जी के देशप्रेम, त्याग और संघर्षमय जीवन को याद करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कमला नेहरू जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, महिला सशक्तिकरण और स्वाधीनता संग्राम के लिए समर्पित था। उन्होंने अपने पति पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ-साथ स्वयं भी ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ कई आंदोलनों में भाग लिया और जेल गईं ।ह्न पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ने कहा ह्नकमला नेहरू जैसी महिलाएं भारत की आत्मा हैं। उन्होंने उस समय महिलाओं को राजनीति और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने की प्रेरणा दी जब महिलाओं का सार्वजनिक जीवन में आना भी कठिन था ।ह्न

पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा तथा जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा ह्नकमला नेहरू जी की सोच आज भी प्रासंगिक है। उनका त्याग, सेवा और सामाजिक चेतना आज की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करती है। हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

# पुरानी पेंशन के लिए शिक्षकों व कर्मचारियों ने निकाला रोष मार्च

**अयोध्या।** ऑल टीचर्स एम्पलाई वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली और एनपीएस/यूपीएस तथा निजीकरण के विरोध में कई संगठनों के समर्थन के साथ भारी बारिश के बीच गांधी पार्क से सिविल लाइन रिकाबगंज से लेकर रोष मार्च के तहत जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौपा ।इससे पूर्व गांधी पार्क में भारी संख्या में इकट्ठा होकर राज्य/केन्द्र सरकार से पुरानी पेंशन बहाली के लिए जबरदस्त नारेबाजी किया,जिसमें जनपद के हजारों शिक्षक व कर्मचारी शामिल रहे ।प्रमुख रूप से शिक्षणेत्तर संघ ,राजकीय नर्सेज संघ ,पीडब्ल्यूडी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, कर्मचारी एसोसिएशन ,सिंचाई कर्मचारी संघ, विद्युत कर्मचारी संघ ,सफाई कर्मचारी संघ, पी.एस.पी एस.ए. संघ सहित तमाम शिक्षक व कर्मचारी संगठन शामिल रहे।

- एनपीएस, यूपीएस व निजीकरण के विरोध में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन
- निजीकरण रोकने और पुरानी पेंशन बहाली की रखी मांग



इस रोष मार्च में शामिल सदस्यों ने कहा कि 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन नहीं दी जा रही है और सरकार कई विभागों का निजीकरण करने की तैयारी कर रही है जिसका अटेवा विरोध दर्ज करा रहा है पुरानी पेंशन बहाली होने तक अटेवा शिक्षकों व कर्मचारियों की लड़ाई लड़ता रहेगा,अटेवा के जिला संयोजक विजय प्रताप सिंह ने कहा 2005 के बाद से नियुक्त कर्मचारियों के लिए पेंशन बंद कर दी गई और सरकार द्वारा लाई गई यू.पी.एस.का कोई स्थायित्व नहीं है पुरानी पेंशन बहाली तक अटेवा का संघर्ष जारी रहेगा,जनपद महामंत्री उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि पेंशन शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए जीवन भर की पूंजी होती है शिक्षक / कर्मचारी पूरा जीवन सेवा में लगा देते हैं उसके बाद बुढ़ापे में पेंशन न मिलने से शिक्षक व कर्मचारी दर-दर भटकने को मजबूर होंगे ।अटेवा के कोषाध्यक्ष राम शौक राजभर ने कहा कि सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करना ही होगा नहीं तो अटेवा पूरे देश में आंदोलन करने को मजबूर होगा,जिला प्रभारी हृदयाराम ने कहा कि पुरानी पेंशन शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए अत्यंत आवश्यक है इसलिए सरकार को गंभीरता से विचार करके जल्द ही पुरानी पेंशन बहाल करना चाहिए,नर्सेज संघ की पूनम गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा शेयर बाजार पर आधारित यूनिफाइड पेंशन प्रणाली/एनपीएस को समाप्त करके पुरानी पेंशन प्रणाली को बहाल करना चाहिए तथा निजीकरण पर भी रोक लगानी चाहिए। कार्यक्रम में संगठन के अंजनी कुमार ओझा, हेमलता, शिवेंद्र सिंह सुनील प्रियदर्शी, राकेश शिव बहादुर पंकज यादव पीएसपीएसए पाठक, सभाजीत वर्मा , अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अपराध निरोधक समिति ने की नवागत जिलाधिकारी से भेंटवार्ता, बुके भेंटकर किया सम्मानित

जिला संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति टीम बहराइच के द्वारा नवागत जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट की गई।

इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने नवागत जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी को समिति की पुस्तक सेवा पथ दर्पण, बुके व शुभकामना संदेश भेंट कर उन्हें जनपद आगमन की बधाई प्रेषित करते हुए समिति के कार्य योजनाओं, उद्देश्य एवं नीतियों के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर मुख्य रूप से समिति पदाधिकारी जिला संरक्षक एसपी मिश्रा,कसौधन, विजिटर जिला कारागार बहराइच केशव कुमार मौर्य, जिला संयोजक संतोष मिश्रा, जिला संगठन मंत्री मुन्ना लाल कश्यप, तहसील नानपारा उपाध्यक्ष श्याम कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

- नवागत डीएम को भेंट की समिति की पुस्तक सेवा पथ दर्पण



# कृषि विवि में तीन वैज्ञानिक संवाद शुरू

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हॉल में तीन दिवसीय अधिकारी-वैज्ञानिक संवाद का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने की। कुलपति ने उद्घाटन सत्र में वैज्ञानिकों को सीड चेन बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुरानी प्रजातियों को जलवायु परिवर्तन के अनुरूप जीन सुधार या अन्य जैविक परिवर्तन कर पुनः बीज उत्पादन में लाना जरूरी है। साथ ही राज्य स्तर पर अनुमोदित प्रजातियों को केंद्र स्तर पर अनुमोदित कराकर पूरे देश में उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने फार्मों पर बाउंड्री निर्माण की आवश्यकता भी बताई।




अपर निदेशक कृषि विस्तार ने बताया कि प्रदेश 725 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादित कर रहा है। उन्होंने पोषण सुधार के लिए बायो फोर्टीफाइड प्रजातियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। निदेशक बीज प्रमाणीकरण उत्तर प्रदेश ने बीज प्रमाणीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्यूआर कोड के माध्यम से पोर्टल पर बीज की पूर्ण जानकारी उपलब्ध हो रही है। इससे किसान बीजों के उत्पादन से लेकर परीक्षण तक की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। निदेशक प्रसार डॉ. राम बटुक सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर नवीन प्रजातियों के बीज उत्पादित कर जिलों के किसानों को दिए जा रहे हैं। इससे बीज दर रिप्लेसमेंट बढ़ रहा है। कृषि विभाग से आए कृषि उप निदेशक डॉ. पी.के. कनौजिया और जिला कृषि अधिकारी ओ.पी. मिश्रा ने अन्य अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण किया। इनमें सूक्ष्म जीव फर्टिलाइजर प्रयोगशाला, मशरूम एवं स्पान उत्पादन इकाई, पशु न्यूट्रिशन प्रयोगशाला, डेरी, प्राकृतिक खेती उत्पादन फार्म और मछली उत्पादन फार्म शामिल थे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, परियोजनाओं के मुख्य अन्वेषक एवं अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों और राहत केंद्र का निरीक्षण



**बाराबंकी।** विकास खण्ड सूरतगंज, तहसील रामनगर के अन्तर्गत हेतमापुर धाम व सुन्दरनगर व अन्य की सुरक्षा हेतु परक्यूपाइन स्टड तथा स्क्रीनिंग द्वारा बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य की परियोजना लागत 209.06 लाख का प्रभारी मंत्री/कारागारम राज्यमंत्री सुरेश राही ने निरीक्षण किया। परियोजना के अन्तर्गत 15 मीटर लम्बाई के, 45 मीटर के अन्तराल पर 11 अदद परक्यूपाइड स्टड एवं उनके मध्य 03 रो में परक्यूपाइड लगाने तथा 3 स्थानों पर 5 रो में परक्यूपाइड स्क्रीनिंग द्वारा स्पिल को बन्द करने एवं उनके मध्य व अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम में 3 रो में परक्यूपाइड लगाने के कार्य का प्राविधान है। निरीक्षण के उपरान्त प्रभारी मंत्री ने क्षेत्रीय ग्रामीणों से परियोजना के सम्बन्ध में एंव समस्याओ के बारे मे जानकारी लेते हुये सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामनगर गुंजिता अग्रवाल, बाढ़ कार्यखण्ड के अधिशासी अभियन्ता शशिकान्त सिंह समेत सिंचाई एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों मौजूद रहे।

## हैदर उबैद खान ने शूटिंग प्रतियोगिता में कास्य पदक जीतकर बढ़ाया क्षेत्र का मान



जिला संवाददाता

**सोहावल-अयोध्या।** नई दिल्ली में आयोजित 28वीं उत्तर प्रदेश प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर के छोटे भाई परवेज खान उर्फ उबैद खान के पुत्र हैदर उबैद खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कास्य पदक (ब्रान्ज मेडल) जीतकर न केवल क्षेत्र का नाम रोशन किया, बल्कि उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में अपनी जगह भी सुनिश्चित की। हैदर की इस सफलता ने समूचे अयोध्या जनपद के युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, क्षेत्रवासियों और समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं में खुशी की लहर है। हाजी फिरोज खान ने हैदर की इस जीत को मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग का नतीजा बताया और कहा कि आज का युवा खेल के क्षेत्र में भी अपने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन कर रहा है, यह गर्व का विषय है ।हैदर उदित खान की सफलता पर सवाल ब्लाक प्रमुख फिरदौस खान, सपा जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, जिला पंचायत प्रतिनिध अजय रावत, अशोक पासी, शोएब खान, कृष्ण कुमार पटेल, जय सिंह यादव, मेराज खान, दयानन्द पासी, खुर्शीद खान, शफीक अहमद अल्लन, मिर्जा बब्लू , आजाद सिद्दीकी, बाबुल सिंह, एहशात खान, अनुभव प्रजापति, पप्पू पासी, दया शंकर भारती, रामू चैहान, सलमान खान आदि ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# स्थानान्तरित डीएम मोनिका रानी को दी गयी भावभीनी विदाई

जिला संवाददाता

**बहराइच 01 अगस्त।** जनपद में 02 वर्ष से अधिक अवधि तक सफल कार्यकाल के उपरान्त विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा के पद पर स्थानान्तरित होने पर निवर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी व अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर तहसील नानपारा में उपजिलाधिकारी न्यायिक के पद पर तैनात संजय कुमार के सेवा निवृत्त होने पर बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की गरिमामययी उपस्थिति में निवर्तमान जिलाधिकारी को जिले के अधिकारियों कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, संभ्रान्त व गणमान्यजनों, बुद्धजीवियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।



उल्लेखनीय है कि 20 मई 2023 को जिले का कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त अपनी कार्यशैली से निवर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी लोगों के बीच लोकप्रिय रही। कार्यकाल के दौरान ह्नसेवा से संतृप्तिकरणह्न अभियान के सफल आयोजन के लिए पीएम एवार्ड से भी सम्मानित की गयी। निवर्तमान जिलाधिकारी के कार्यकाल में जनपद में कई उल्लेखनीय कार्यो का गौरव प्राप्त हुआ है।

विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि जनपद बहराइच की यादें उनके साथ सदा रहेंगी। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाले जिले में कार्य करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

मोनिका रानी ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि जनपद बहराइच शीघ्र ही आकांक्षात्मक जनपद की श्रेणी से बाहर आकर प्रदेश के अग्रणी जिलों में अपना नाम स्थापित करेगा। उन्होनें कहा कि सभी के सहयोग से जनपद को इस अवधि में कई उपलब्धियां प्राप्त हुई है। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निवर्तमान जिलाधिकारी की कार्यशैली के कारण जिले के विकास को उचाई पर ले जाने की सराहना करते हुए कहा कि निवर्तमान जिलाधिकारी के जनपद विकास के विजन को आगे बढ़ाया जायेगा।

उन्होनें सेवानिवृत्त हुए एसडीएम संजय कुमार के सुखमय जीवन के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि श्री कुमार ने अपने कार्यकाल में मानवीय संवेदना के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन किया है जो बहुत ही सराहनीय है। विदाई समारोह को मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, एसडीएम महसी अलोक कुमार, कैसरगंज अखिलेश सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अमिता, डीडीओ राज कुमार, अधिशाषी अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार, एआईजी स्टाम्प शीलभद्र चन्द्र, सीवीओ डॉ राजेश उपाध्याय, आयुष चिकित्साधिकारी डॉ पीयूष नायक, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, डीडीसी राजस्व अजय शर्मा, बीडीओ अजय प्रताप सिंह, ईओ बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने निवर्तमान जिलाधिकारी व सेवानिवृत्त एसडीएम के व्यक्तित्व एवं कृतत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 7 बाल श्रमिकों का किया सुरक्षित रेस्क्यू



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/ नोडल अधिकारी ए0एच0टी0यू0 के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बालश्रम रेस्क्यू अभियान चलाया गया जिसमें थाना एएचटी जनपद बहराइच से निरीक्षक चन्द्रेश कुमार मय टीम, श्रम विभाग अधिकारी श्री सूरज तिवारी व एनजीओ के साथ थाना फखरपुर में अभियान चलाकर छोटे बड़े प्रतिष्ठान, कारखाने, उद्योगों, दुकानों, निर्माण स्थलों आदि क्षेत्र के निर्माण में बालश्रम/भिक्षावृत्ति, एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतर्गत संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाकर थाना फखरपुर क्षेत्र से 07 नाबालिग बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया गया एवं नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग की टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को इस संबंध में जागरूक किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए, ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

संक्षेप

## किशोरी अगवा के मामले में तीन पर दर्ज केस

**कादीपुर, सुलतानपुर।** एक किशोरी को अगवा करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी (17) को 25 जुलाई को ग्यारह बजे दिन में तीन युवक बहला फुसलाकर भगा ले गए। परिजनों ने काफी खोजबीन की किंतु किशोरी का पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि पिता की गुरुवार को दी गई तहरीर पर कोतवाली क्षेत्र के पोखरदहा गांव के शनी एवं जितेंद्र उर्फ कल्लू तथा सौरभ पता अज्ञात के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

## डॉ. नूतन ने ऑल इंडिया 411 रैंक किया हासिल



**लंभुआ, सुलतानपुर।** लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर सही दिशा में किया गया परिश्रम हमेशा सफलता दिलाता है। आज के युवाओं को भी ऐसा ही करना चाहिए। उक्त विचार अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया 411 रैंक लाने वाली डॉ नूतन ने व्यक्त किया। लंभुआ तहसील क्षेत्र के घरवासपुर निवासी चुन्नू लाल की पुत्री डॉ नूतन सरोज ने अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा वर्ष 2025 में ऑल इंडिया रैंक 411 तथा कैटेगरी रैंक 17 प्राप्त किया। प्रवेश परीक्षा में उत्तम रिजल्ट आने पर क्षेत्र वासियों ने खुशी जाहिर की। डॉ नूतन ने कहा कि ईमानदारी से किया गया प्रयत्न कभी जाया नहीं जाता, सफलता निश्चित तौर पर मिलती है। युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सिर्फ अपने लक्ष्य पर ध्यान देते हुए परिश्रम करें लक्ष्य अवश्य हासिल होगा।

## पुलिस के बजाय एसडीएम पर जताया भरोसा

**लालगंज, रायबरेली।** गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में मृत पायल वाजपेई के परिजनों और गांव वालों ने मुआवजे की मांग पर सातनपुर गांव के सामने शुक्रवार को दोपहर बाद साढ़े 3बजे के करीब शव रखकर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन के हांथ -पांव फूल गए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह मौके पर भारी फोर्स लेकर के पहुंचे और परिजनो को मनाने में लग गए लेकिन घर वाले नगद मुवायजे की मांग पर अड़े रहे। मृतक पायल वाजपेई के घर वाले ट्रक मालिक को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे लेकिन ट्रक मालिक के द्वारा मोबाइल स्विच ऑफ कर लिए जाने के चलते पुलिस उसको नहीं तलाश कर पाई और धरना प्रदर्शन चला रहा। हालांकि इसी बीच पुलिस ने यातायात का डायवर्जन कर दिया जिससे सभी साधन हाईवे से जाने लगे। गांव वालों ने कोई हल न निकलते देख शव को ले जाकर के राष्ट्रीय राजमार्ग लालगंज कानपुर पर बीच सड़क में ले जाकर रख दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित हो जाने से प्रशासन में हड़कंप मच गया और कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई लेकिन पुलिस हाईवे खुलवा नहीं पाई। करीब 6 बजे जब एसडीएम मिथलेश त्रिपाठी और सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और परिजनों से वार्ता कर अपनी मांग को लिखित में देने को कहा।

# लंबित प्रकरणों को लेकर राज्य सूचना आयुक्त ने की समीक्षा

### अधिकारियों को समयबद्ध सूचना उपलब्ध कराने के दिये कड़े निर्देश



**सुलतानपुर (वीओएल)।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जन सूचना अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों और जन सूचना अधिकारियों ने भाग लिया।

राज्य सूचना आयुक्त ने अफसरों को आरटीआई अधिनियम की महत्वपूर्ण धाराओं, सूचना प्रदान करने की समयसीमा, दण्ड प्रावधानों और गोपनीय सूचनाओं से जुड़ी सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपवाद स्वरूप सूचनाएं, जैसे- राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेशी संबंध, मंत्रिमंडलीय विचार-विमर्श, तृतीय पक्ष की निजी जानकारी आदि, प्रदान नहीं की जा सकतीं। राज्य सूचना आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सूचना देने के प्रति संवेदनशील रहें और तय समय में आवेदकों को उचित सूचना उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मांगी गई सूचना विस्तृत हो और उसमें अतिरिक्त शुल्क देना हो, तो 30 दिनों के भीतर ही आवेदक से शुल्क लिया जाए, अन्यथा नियम विरुद्ध समझा जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित मामलों की समीक्षा की गई, जिसमें ग्राम विकास के 20, पंचायती राज के 11, गृह विभाग के 6 प्रकरण शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन सभी मामले निस्तारित हो चुके हैं और ऑफलाइन प्रकरणों का भी समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। श्री सिंह ने बिजेथुआ महाबीरन धाम के पर्यटन विकास प्रस्ताव की जानकारी ली और निर्देश दिया कि प्रस्ताव शीघ्र राज्य सरकार को भेजा जाए। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी, एसडीएम लम्भुआ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**आयुक्त ने मांगा बिजेथुआ महाबीरन विकास कार्यों का ब्यौरा:** राज्य सूचना आयुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान बिजेथुआ महाबीरन धाम में पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का विस्तृत ब्यौरा मांगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटन विकास से जुड़ा प्रस्ताव राज्य सरकार को शीघ्र क्रियान्वयन हेतु भेजा जाए। आयुक्त ने कहा कि जनहित और विकास से जुड़े मुद्दों में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिजेथुआ महाबीरन क्षेत्र का धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व है, इसलिए इसके समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाए।

## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर बिजली विभाग को फटकार

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जनपद के हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों एंव निर्माणाधीन विकास कार्यों की जून माह की समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जहाँ खाद्य एवं रसद ,वाणिज्य कर,समाज कल्याण, प्रोबेशन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजना आदि संचालित योजनाओं में रैंकिंग संतोषजनक पाई गई। वहीं माध्यमिक शिक्षा सहित अन्य अवशेष विभागों की रैंकिंग संतोषजनक न पाये जाने पर अधिकारियों को दायित्व के साथ कार्य करके लक्ष्यों को पूरा करने की डीएम ने चेतावनी दी है। साथ ही कहा कि उदासीन अधिकारियों की वजह से यदि रैंकिंग खराब होगी, तो उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी

**डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड, विकास व निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न**

वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जिले में जो भी निर्माणाधीन विकास कार्य कराए जा रहे है, वे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, निर्माण कार्यों को समय-सीमा के अन्दर पूरा करायें। निर्माणाधीन विकास कार्यों के निर्माण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व जो शर्तें होती है उनका पालन करें। यदि गुणवत्ता में कमी पायी गई, तो सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों व अभियंताओं पर कार्रवाई होगी। जनता के हित में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर जन-जन को लाभान्वित किया जाए। प्रतिदिन सभी अधिकारी आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड पर अंकित प्रगति स्वयं देखें। इस दौरान यदि उन्हें कोई भी समस्या या शिकायत लम्बित पायी जाती है, तो तत्काल निराकरण भी करें। जिन विभागीय अधिकारियों के प्रगति के आंकड़ों में यदि अन्तर है, तो वे अपने विभाग से सम्बन्धित उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाकर आंकड़ों को दुरुस्त करा लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह और परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बार एसोसिएशन होगा मजबूत



**सुलतानपुर (वीओएल)।** वरिष्ठ अधिवक्ता राघवेन्द्र प्रताप सिंह बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व दिनेश दूबे महासचिव निर्वाचित हुए। शुक्रवार को भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, समाजसेवी हनुमान त्रिपाठी व सोहगौली के डॉ संजय प्रधान ने दीवानी पहुंचकर राघवेन्द्र प्रताप सिंह की शानदार जीत पर उन्हें और बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह को फूल माला पहनाकर बधाई दी। बधाई देते हुए विजय सिंह रघुवंशी ने कहा कि वह प्रखर अधिवक्ता है। उनके सरल, सहज और सर्वसुलभ स्वभाव के कारण उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बार एसोसिएशन मजबूत होगा और अधिवक्ताओं के लिए और कल्याणकारी कार्य होंगे। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को भी बधाई दी गई। ? इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष काशी प्रसाद शुक्ला, धीरु सिंह, मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता मुस्ताक अहमद, संगीता गुप्ता, सुभद्रा श्रेष्ठ, सुमन शुक्ला, प्रिया सिन्हा, मानवेन्द्र सिंह थौरी, अशोक कुमार सिंह, राजेन्द्र सिंह, इन्द्र बहादुर सिंह एवं धीरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## महिला की गला रेतकर हत्या : लापता थी 24 घंटे से, खेत में मिला शव

**अमेठी ,जामों।** जामों थाना क्षेत्र के पूरबगौरा फत्ते का पुरवा गांव में शुक्रवार सुबह एक 50 वर्षीय महिला की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई है। मृतका की पहचान इलायची पत्नी महंगू मंगता के रूप में हुई है, जो गुरुवार देर शाम से लापता थी। शुक्रवार सुबह उसका खून से सना शव गांव से करीब 500 मीटर दूर खेत में मिला। परिजनों के अनुसार, इलायची गुरुवार को बाजार गई थी। लेकिन रात तक घर नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद शुक्रवार की सुबह उसका शव खेत में मिला, जबकि उसके चप्पल शव से करीब 100 मीटर दूर पड़े मिले। महिला के गले पर धारदार हथियार से हमला किया गया है, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर एसपी अपर्णा रजत कौशिक, सीओ सहित पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। एसपी ने कहा कि हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश की जा रही है। फॉरेंसिक जांच और ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। इस सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## फांसी के फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

**गौरीगंज, अमेठी।** शुक्रवार को दोपहर कमरे के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका किशोरी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे जय सिंह का पुरवा वार्ड नंबर 4 का है जहां के रहने वाले नंदलाल कनौजिया शुक्रवार को दोपहर घर के पास ही स्थित एक दुकान पर बैठे थे और घर में उनकी 16 वर्षीय बेटी अंतिमा कनौजिया अकेले थी। कुछ देर बाद जब नंदलाल घर पहुंचे तो बेटी का शव कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका देखा इसके बाद उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। नंदलाल की आवाज सुन बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुँचे और शव को उतारकर जिला अस्पताल ले गए जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गौरीगंज पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जांच में जुट गई है। पूरे मामले पर गौरीगंज कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि जिला अस्पताल के मेमो के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। लड़की ने फांसी क्यों लगाई इसकी जांच की जा रही है।

## अमेठी में मत्स्य पालकों के लिए खुशखबरी उच्च गुणवत्ता का मत्स्य बीज उपलब्ध

**अमेठी।** जनपद में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम भोजपुर, विकासखंड भादर स्थित मत्स्य बीज विकास निगम की हैचरी से उच्च गुणवत्ता का मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के ऐसे मत्स्य पालक जो तालाबों या अन्य जल स्त्रोतों में मत्स्य पालन की योजना बना रहे हैं, वे सीधे हैचरी से संपर्क कर मत्स्य बीज प्राप्त कर सकते हैं। यह बीज वैज्ञानिक पद्धति से तैयार किया गया है, जिससे मछलियों की वृद्धि दर बेहतर होती है और उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी संभव होती है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्करों के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्करों को पैर में गोली लगी और मौके से पुलिस ने तीन पशु तस्कर गिरफ्तार कर लिए। गुरूवार की देररात ट्रक से कुछ पशु तस्कर मुडिला बाजार की तरफ से कादीपुर की ओर आ रहे थे। मझगवां गांव के पास मुखबिर के सूचना पर पहुंची पुलिस एवं एसओजी टीम ने घेराबंदी कर ली। घेराबंदी करने पर तस्करों ने पुलिस पर फायर कर दिया, किंतु पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में मुजफ्फरनगर के नई मंडी कब्रिस्तान वाली गली के रहने वाले मो. नावेद के दाहिने पैर में गोली लगी। वहीं पर मुजफ्फरनगर जिले के जसोई थाने के तितावी के रहने वाले साहिल के बाएं पैर में गोली लगी। जिसे दोनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां उनका उपचार कराया गया। पुलिस ने मौके से कोतवाली क्षेत्र के बीरी हाजीपुर गांव के सुशील उपाध्याय सहित दोनों घायलों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तस्करों के पास से दो तमंचे एवं दो खोखा बरामद किया है।

# सदर विधायक ने 53 निर्धन लाभार्थियों को दिलाया मुख्यमंत्री राहत कोष से लाभ



**रायबरेली।** सेवा को परम धर्म मानते हुए रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने जुलाई में मुख्यमंत्री राहत कोष से 53 निर्धन लाभार्थियों को इलाज के लिए कुल ?98,13,400 की सहायता राशि दिलाई। इस पहल से क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता मिली, जिससे उनके जीवन में नई उम्मीद जगी।

सीएम राहत कोष उप्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत गंभीर बीमारियों से जूझ रहे गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है। सदर विधायक अदिति सिंह ने इस कोष के माध्यम से रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र के 53 परिवारों को आर्थिक सहायता पहुंचाई। यह राशि गंभीर रोगों जैसे कैंसर, हृदय रोग, किडनी रोग और अन्य जटिल बीमारियों के इलाज के लिए प्रदान की गई। लाभार्थियों में वे लोग शामिल हैं जो आर्थिक तंगी के कारण इलाज कराने में असमर्थ थे। विधायक अदिति सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से हम उन परिवारों तक मदद पहुंचा रहे हैं, जो आर्थिक संकट के कारण अपने प्रियजनों का इलाज नहीं करा पाते। यह हमारा कर्तव्य है कि हम समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री राहत कोष के अलावा, प्रदेश सरकार ने अन्य योजनाओं जैसे जन आरोग्य योजना, मातृ शिशु कल्याण योजना, और निशुल्क दवा वितरण योजना के माध्यम से गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाया है। इन योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है, विशेष रूप से उन लोगों तक जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। जिंदगी की उम्मीद मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने विधायक अदिति सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। एक लाभार्थी राकेश कुमार ने बताया, मेरे गंभीर बीमारी थी, और हमारे पास इलाज के लिए पैसे नहीं थे। विधायक जी और सरकार की मदद से हमें सहायता मिली, जिससे इलाज संभव हो सका। यह हमारे लिए नई जिंदगी की तरह है। रायबरेली सदर में विकास का नया दौर सदर विधायक अदिति सिंह के नेतृत्व में रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को गति मिल रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा, शिक्षा, सड़क, बिजली, और स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।

# पुरानी पेंशन को लेकर शिक्षक, कर्मचारी संगठनों ने भरी हुंकार




**अमेठी।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जिले के विभिन्न शिक्षक और कर्मचारी संगठन शुक्रवार को एक बार फिर सड़क पर उतरे। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के देश व्यापी आह्वान के अन्तर्गत जिला मुख्यालय गौरीगंज में रणांजय इंटर कालेज के मैदान से जिलाधिकारी कार्यालय तक रोष मार्च निकाला गया। रोष मार्च में पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने के साथ योगी सरकार की ओर से परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने के निर्णय से नौनिहालों की शिक्षा में उत्पन्न कठिनाईयों का उल्लेख करते हुए इस फैसले को वापस लेने और निजीकरण को बंद करने की जोरदार मांग दोहराई गई।

अटेवा और एन एम ओ पी एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी आंदोलन में अमेठी के शिक्षक और कर्मचारी उत्साह के साथ शामिल हुए। अटेवा के जिला अध्यक्ष मंजीत यादव और महासचिव अजय कुमार मौर्य की अगुवाई में आयोजित रोष मार्च में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ,पी पी एस एस, शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन और महिला शिक्षक संघ आदि संगठनों के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। पुरानी पेंशन बहाल करो,बहाल करो--यू पी एस/एन पी एस मुदार्बाद-,ओ पी एस जिन्दाबाद - हमें नई तुम्हें पुरानी, नहीं चलेगी यह मनमानी--, पुरानी पेंशन दे न सकी जो वह सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है --,, तख्त बदल दो ताज बदल दो बेईमानों का राज बदल दो--अभी तो ये अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है -, निजीकरण बंद करो --आदि नारे लगाते हुए रोष मार्च जामों मोड से जिलाधिकारी कार्यालय तक निकाला गया। जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित दो अलग-अलग ज्ञापन दिये गये। मंजीत यादव,अजय कुमार मौर्य और देवांशु सिंह के साथ रमाकांत मौर्य, महेंद्र प्रताप मिश्र, संजीव कुमार, श्री राम सोनी, सुनील कुमार मौर्य , गुरुचरण गौतम आदि शिक्षक नेताओं ने जमकर नारे लगवाए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयराम कनौजिया, संजीव भारती, कपिलेश यादव, अरविंद त्रिपाठी, सैयद अली वाकर,मो असगर,राम अंजोर प्रजापति, सुनील कुमार मौर्य, त्रिभुवन दत्त, रमाशंकर यादव,काली सहाय यादव, फूलचंद, नेहा सिंह, अर्पित मिश्र, महेंद्र प्रताप सिंह, तैय्यब खान आदि मौजूद रहे।

अटेवा की जिला कमेटी के कई पदाधिकारी रोष मार्च में नहीं दिखाई दिए। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के समूह का नेतृत्व संजय कनौजिया ने किया।

पुरानी पेंशन हमारी बुढ़ापे की लाठी है। जब तक सरकार इसे वापस नहीं करती, अटेवा का संघर्ष जारी रहेगा। हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है।

एन एम ओ पी एस,/अटेवा ही देश का एक मात्र संगठन है जो पुरानी पेंशन की लड़ाई को बिना झुके, बिना रुके पूरी ताकत के साथ ईमानदारी से लड रहा है। कुछ संगठनो के लीडर स्वार्थ सिद्धि और सरकार की चाटुकारिता में लगे हुए हैं। इन्हीं लोगों ने लड़ाई को कमजोर किया है। नये शिक्षकों और कर्मचारियों को अपने भावी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इनसे सावधान रहना है। युवा शक्ति को इधर उधर के कामों को छोड़ कर पुरानी पेंशन के आंदोलन में आगे की भूमिका में रहना चाहिए। पुरानी पेंशन की लड़ाई निर्णायक दौर में है। यदि सरकार हमें पुरानी पेंशन नहीं देती तो हमें देश की राजनीति को बदलने की तैयारी करनी होगी। संघर्ष का सफर चाहे जितना लम्बा हो, विजय कुमार बंधु जी के नेतृत्व में पुरानी पेंशन की लड़ाई जरूर जीती जाएगी।

## पुरानी पेंशन बहाली व विद्यालय युग्मन के विरोध में अटेवा ने निकाला रोष मार्च




**सुलतानपुर (वीओएल)।** अटेवा पेंशन बहाली मंच सुलतानपुर के बैनर तले शुक्रवार को तिकोनिया पार्क में एक विशाल सभा आयोजित की गई, जिसमें पुरानी पेंशन बहाली, एनपीएस-यूपीएस और निजीकरण के विरोध में जिलेभर से हजारों शिक्षक व कर्मचारी शामिल हुए। सभा के उपरांत एक जोरदार रोष मार्च भी निकाला गया। सभा का संचालन अटेवा जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा ने किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ से राजेन्द्र पांडेय, दिनेश उपाध्याय, कृष्ण कुमार सिंह, जूनियर शिक्षक संघ से रणधीर सिंह, देवेंद्र तिवारी, फार्मासिस्ट संघ के लक्ष्मण स्वरूप, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से अशोक सिंह और जेबज के वैभव सिंह सहित अटेवा के सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने सरकार की नीतियों पर गहरी नाराजगी जताई। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की और विद्यालय युग्मन तथा समायोजन प्रक्रिया का पुरजोर विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने शिक्षक-कर्मचारियों की भावनाओं की अनदेखी की, तो यह आंदोलन और उग्र होगा। सभा के बाद तिकोनिया पार्क से शुरू होकर रोष मार्च डाकखाना चैराहा, गंदा नाला रोड, जिला अस्पताल, बस अड्डा व आजाद मूर्ति होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा। कार्यक्रम का समापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर किया गया। यह जानकारी अटेवा जिला मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर सिंह ने दी।

## 10 अगस्त तक पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनआई संस्थान में सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने दी। प्रो. सिंह ने बताया कि स्वायत्तशासी व्यवस्था के अंतर्गत आयोजित होने वाली इस प्रवेश परीक्षा के लिए पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 अगस्त 2025 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अब संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 10 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य ने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना न भूलें।

## 10 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**हरचंदपुर रायबरेली।** क्षेत्र के गोझारी मजरे प्यारेपुर में एक 10 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। बच्चा घर की कोठारी से जानवरों के लिए भूसा लेने गया था, जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन बेसुध बच्चे को लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सब इंस्पेक्टर चक्रधर पांडेय ने बताया कि उन्हें 10 वर्षीय नैतिक की मौत की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगा संघर्ष



**रायबरेली।** एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आवाह्न एवं अटेवा के प्रदेशीय आवाह्न पर शिक्षकों, कर्मचारियों और पंचायत कर्मियों ने रोष मार्च निकाला। अटेवा पेंशन बचाओ मंच की तरफ से निकाला गया मार्च विकास भवन, डिग्री कॉलेज चैराहा, अग्निशमन दफ्तर, पुलिस ऑफिस होते हुए कलेक्टर दफ्तर पहुँचा। शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारियों ने प्रतिभाग कर पुरानी पेंशन की बहाली न होने, बढ़ते निजीकरण और विद्यालय मर्जर के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया।

जिला संयोजक व अध्यक्ष इरफान अहमद, मण्डलीय मंत्री व जिला संयोजिका सरला वर्मा ने कहा देश भर में लगभग 01 करोड़ शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी नई पेंशन व्यवस्था के दायरे में आते हैं और वे निरन्तर पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। क्योंकि पुरानी पेंशन व्यवस्था ही वास्तव में सामाजिक सुरक्षा है और पुरानी पेंशन व्यवस्था ही शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी, प्रदेश व देश के हित में है। अब तो नई पेंशन व्यवस्था के दुष्परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं, जिसके अन्तर्गत सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक, कर्मचारियों, अधिकारियों को महज एक हजार के रूप में पेंशन प्राप्त हो रहे हैं जिससे उनका जीवन-यापन करना बद से बदतर होता जा रहा है। पुरानी पेंशन की बहाली तक यह संघर्ष अनवरत चलता रहेगा। सह संयोजक विक्रम सिंह चैहान ने कहा सरकारी संस्थानों का निजीकरण प्रदेश के नौजवानों और प्रदेश के लिए अफसोस जनक है। इससे पूंजीवाद बढ़ रहा है, सरकारी संस्थानों में रोजगार के अवसर समाप्त हो रहे हैं और निजीकरण की तेज रफ्तार से देश-प्रदेश का निम्न एवं मध्यम वर्ग रोजगार के अवसरों से वंचित होता जा रहा है। एक अक्टूबर को गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सोशल मीडिया कैंपेन चलाया जाएगा तथा 25 नवंबर को ओपीएस संवैधानिक अधिकार रैली दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इन तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन सरकार से माँग करता है कि लाखों लाख शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों की महत्वपूर्ण मांग बुढ़ापे की लाठी रूपी पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने एवं निजीकरण समाप्त करने की महान करे। आज के कार्यक्रम में जिला अस्पताल से राजकुमार सिंह, उमाशंकर, संदीप कुमार सिंह, सुशील कुमार मौर्य, प्रीति जायसवाल, सरिता नागेन्द्र, प्रियंबदा पाण्डेय, अविनाश यादव, दिलीप पाल, योगेन्द्र कुमार गुप्ता, राजेन्द्र यादव, शत्रुघ्न कुमार, आशुतोष यादव, प्रकाश चन्द्र यादव, हनी गुलाटी, साधना शर्मा, अरविन्द मौर्य, अनीता मौर्या, मिथिलेश भास्कर, डॉ. दिनकर त्रिपाठी, राघवेंद्र यादव, महेन्द्र यादव, महेन्द्र बाजपेई, संजय मधेशिया, धर्मेन्द्र शर्मा, हरिकेश, श्रीकान्त, मो.राशिद, अनुराग मिश्रा, राजकुमार, समर बहादुर आदि सैकड़ों शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शारदा कार्यक्रम की हुई शुरुआत, अब आउट ऑफ स्कूल बच्चों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

**सुलतानपुर।** उप्र सरकार ने बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से शारदा कार्यक्रम की शुरूआत कर दी है। इस विशेष प्रशिक्षण योजना का उद्देश्य 7 से 14 वर्ष के उन बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत जनपद सुलतानपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान कर उन्हें उपयुक्त कक्षा में दाखिला दिलाया जाएगा। साथ ही, उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि वे नियमित पढ़ाई में पीछे न रहें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जिन क्षेत्रों में 5 या अधिक आउट ऑफ स्कूल बच्चे मौजूद हैं, वहां की विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा विशेष प्रशिक्षकों का चयन किया जाना है प्रशिक्षक के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक या योग्य वॉलंटियर की नियुक्ति की जाएगी। यदि सेवानिवृत्त शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, तो स्नातक $ डीएलएड/बीटीसी/बीएडयोग्यताधारी वॉलंटियर को प्राथमिकता दी जाएगी। चयन के लिए आवश्यक शर्तेंरू ग्राम पंचायत का निवासी होना अनिवार्य आयु 21 से 45 वर्ष के बीच (1 जुलाई 2025 के अनुसार) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक $ डीएलएड/बीटीसी/बीएड प्रशिक्षकों को 4000 प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। कार्यक्रम की अवधि एक अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। आवेदन फार्म उपलब्ध है। स्थानीय विद्यालयों में,पंचायत भवनों में, आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल शिक्षक भी नामित किया गया है जो इस कार्यक्रम के संचालन, निगरानी और बच्चों की शैक्षिक प्रगति की जिम्मेदारी संभालेंगे।

संक्षेप

## सिम्स हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क हेल्थ कैम्प

**मथुरा।** सिटी इन्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, सिम्स हॉस्पिटल ने चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज के नेतृत्व में विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय, मथुरा में यूपीपीसीएल कर्मचारियों, पेंशनर्स एवं उनके आश्रितों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस हेल्थ कैम्प में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. एस.के. गुप्ता, वरिष्ठ किडनी विशेषज्ञ डॉ. आशीष शर्मा, वरिष्ठ हड्डीरोग विशेषज्ञ डॉ. ए.के. पाठक, कैंसर सर्जन डॉ. यशस्वी चैधरी और फिजिशियन डॉ. विनय तिवारी ने 150 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य का निःशुल्क परीक्षण किया। हेल्थ कैम्प में ज्यादातर घुटने के दर्द, रीढ़ की हड्डी का दर्द, किडनी में दिक्कत, डायबिटीज, बुखार की समस्या, हिड्डयों मे दर्द, ब्लड प्रेशर, साँस फूलना, चलने में दिक्कत आदि समस्या से पीड़ित कर्मचारी देखे गये। इस अवसर पर मथुरा विद्युत वितरण मंडल के अधीक्षण अभियंता विजय मोहन खेड़ा, गौरव कुमार, राजीव तिवारी, शिवनारायण अरोड़ा, अनिल पाल, विद्युत पेंशनर परिषद मथुरा के अध्यक्ष मुकेश कुमार चतुर्वेदी, सुरेश सक्सैना, रमेश शर्मा, पुनीत चैधरी, विभोर चतुर्वेदी, रितेश शर्मा, अभिषेक चतुर्वेदी, गजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# 48 घंटे में चांदी लूट का खुलासा

## मुठभेड़ में एक बदमाश ढेर, दूसरा गंभीर, 82 किलो चांदी की ईंट बरामद



**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो रोज पूर्व 75 किलो चांदी की सनसनीखेज लूट की घटना में पुलिस और एसओजी की टीम ने देर रात मुठभेड़ में एक बदमाश को मार गिराया है, जबकि दूसरा गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने लूटी गई चांदी, दो बोलेरो गाड़ियां और हथियार भी बरामद किए हैं। मथुरा पुलिस की इस त्वरित साहसिक कार्यवाही से जनपद के व्यापारियों में भारी प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है। बदमाशों की घेराबंदी करने के लिए एसएसपी श्लोक कुमार ने 8 टीम बनाई थी। टीम ने 48 घंटे में ही घटना का खुलासा कर दिया।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी सिटी, एसपी क्राइम और सीओ रिफाइनरी ने बताया कि फ्रेंडस विहार कालोनी पंजाबी पेच डैपियर नगर निवासी सरार्फा व्यापारी गौरव सोनी पुत्र हरिओम और भाई कन्हैया सोनी अपने ड्राइवर साबिर खान के साथ आगरा गये थे। यहां से चांदी लेकर शाम को लोट रहे थे। जैसे ही वे फरह के पास हिंदुस्तान कॉलेज के निकट पहुंचे, एक बोलेरो और बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने हथियार दिखाकर कार रुकवाई, ड्राइवर को बाहर खींचा और दोनों भाइयों को अगवा कर लिया। फिर चांदी लूटकर अछनेरा रोड की ओर भागे। रास्ते में पुलिस की गश्त देख उन्होंने व्यापारियों को उतार दिया और हाईवे की ओर भाग निकले। तीन घंटे बाद उनकी स्विफ्ट डिजायर भीम नगर क्षेत्र में लावारिस हालत में मिली थी। फरह थाना क्षेत्र में हुई इस लूट की घटना ने पूरे इलाके में खलबली मचा दी थी। घटना के बाद मथुरा पुलिस और एसओजी की आठ टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई थीं। गुरुवार देर रात आगरा-बार्डर पर ग्वालियर बाईपास पुल के नीचे पुलिस को मुखबिर से कुछ बदमाशों के मूवमेंट की सूचना मिली। इस पर घेराबंदी शुरू कर दी गई। पुलिस ने बिना नंबर की एक संदिग्ध बोलेरो को रुकवाया। लुटेरों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ में आगरा के गांव धाना तेहरा निवासी के पदम सिंह उर्फ राहुल पुत्र राम भगेसी और नीरज पुत्र मुंशी लाल घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में नीरज को आगरा एसएन मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान नीरज ने दम तोड़ दिया। घायल बदमाश राहुल ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने कारोबारी की रेकी नमक मंडी से की थी। किक्रेट सट्टेबाजी में रुपए हार गए थे। इस वजह से उन पर उधार हो गया था। इसके बाद कुल 6 लोगों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि घटना में पार लुटेरों में ब्रजमोहन रैपुरिया का ड्राइवर रोहित, लव बघेल, भोला उर्फ राजकुमार निवासी धाना तेहरा आगरा, केपी उर्फ केन्द्रपाल निवासी हसेला अछनेरा आगरा फरार है। जिनको दबोचने के लिये पुलिस की आधा दर्जन टीम लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से बिना नंबर की एक बोलेरो, 82 किलो से अधिक चांदी की ईंट, अवैध असलाह बरामद किया है। सराफा कारोबारी की लूटी हुई एक करोड़ रुपये की चांदी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस लुटेरों के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर सराफा कारोबारियों से हुई इस दुस्साहसिक वारदात के बाद कारोबारियों में आक्रोश था। लगातार उनके द्वारा पुलिस पर लगातार इनकी गिरफ्तारी के लिए दबाव बनाया जा रहा था। आज सुबह जैसे ही लूट के शिकार भाइयों को घटना के दोषियों से मुठभेड़ की जानकारी मिली। तो वे एसएसपी कार्यालय पहुंचे और पुलिस कार्रवाई पर खुशी जाहिर की। इपुलिस के अनुसार चांदी लूट की घटना में आधा दर्जन बदमाश शामिल थे।

## जल प्लावित ग्राम महरौली-जानू में डीएम ने किया निरीक्षण

**मथुरा।** वर्षा ऋतु के दृष्टिगत हो रहे जलभराव के संबंध में ग्राम महरौली एवं जानू का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सी पी सिंह ने ग्रामवासियों से वार्ता की तथा विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने खेतों में हो रहे जलभराव का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों सचिवों तथा लेखपालों को निर्देश दिए कि खेतों में पंप लगाकर पानी निकालने का कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि समन्वय स्थापित करते हुए जलभराव की समस्या का निराकरण करे। ग्रामवासियों द्वारा जलभराव की समस्या के निराकरण के विभिन्न उपाय जिलाधिकारी से साझा किए । जिलाधिकारी ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना तथा लेखपाल व सचिव को निर्देश दिए कि विभिन्न पुलिया एवं नालों की सफाई कराए।

जिलाधिकारी ने लेखपाल एवं सचिव से ग्राम में क्षतिग्रस्त मकानों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मकानों के परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए। प्रभावित परिवारों की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए।

जिलाधिकारी ने लेखपाल, सचिव तथा उप जिलाधिकारी गोवर्धन को निर्देश दिए कि सभी क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे कराए।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने कदंब का पौधा लगाकर अपना जन्म दिवस मनाया



**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर टूंडला तहसील के समीप स्थित आवासीय क्षेत्र में कदंब का पौधा लगाकर जन्म दिवस मनाया, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर स्थिति हर अवसर पर प्रकृति से जुड़े रहना चाहिए व प्रकृति को संरक्षित करने का कार्य करना चाहिए। वहां उपस्थित पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का माला पटका पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। व भारतीय परंपरा के अनुसार मिष्ठान वितरण कर जन्म दिवस मनाया। कार्यक्रम में कल्लू सिंह वीरेन्द्र प्रताप सिंह सचिन जैन, शशांक प्रताप सिंह संजय चौहान यदुवेन्द्र सिंह योगेंद्र सिंह कमलेंद्र सिंह साधु सिंह चौधरी नितेश शर्मा, डॉ मोहन सिंह जादौन, शौर्य प्रताप सिंह पंकज यादव जुबीन भारद्वाज, धार्मिक शर्मा रामतीर्थ चक, भवानी सिंह लोकेंद्र पौनिया विकास वाल्मीकि आदि कार्यकर्ता व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## स्कूल से लौटते समय छात्रा को घर में बंद कर धमकाया

**टूंडला।** स्कूल में साथी छात्रा से कहासुनी होने पर अपने घर वापस आ रही छात्रा को साथी छात्रा के माता पिता ने रास्ते में पड़ने वाले अपने घर में बुलाकर रेप कराने की धमकी दी, जिस पर पीड़ित छात्रा की मां ने थाना टूंडला में अपनी पुत्री की साथी छात्रा के परिजनों के विरूद लिखित शिकायत दर्ज कराई है। कंपनी बाग रेलवे कॉलोनी निवासी आरती बघेल पत्नी झझन सिंह ने थाना टूंडला पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री वैष्णवी बघेल व बेटा 13वर्षीय कृष्ण प्रताप क्राइस्ट द किंग स्कूल में पढ़ते हैं, बेटी कक्षा 9 की छात्रा हैं, 31.07.25 को बेटी की क्लास में पढ़ने वाली छात्रा अनन्या सिंह से उसकी कहासुनी हो गई जिस पर टीचर ने दोनों को डांटफटकार कर समझा दिया। दूसरे दिन मेरी बेटी स्कूल से घर आ रही थी तो स्कूल के पास ही रास्ते में छात्रा अनन्या का घर पड़ता है, जहां उसके माता पिता ने उसे रोक लिया और अपने घर के अंदर ले गए और कमरे में बंद कर दिया और धमकी दी कि तेरी हिम्मत कैसे हुई हमारी बेटी से कुछ कहने की हम तेरे हाथ पैर तुड़वाकर तेरा रेप करा देंगे दोनों बच्चे किसी तरह चीख पुकार कर वहां से भाग आए और मुझे पूरी बात बताई, जिस पर मैने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी उसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराने आई हूं। तहरीर मिलने पर थाना पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है।

## गोस्वामी समाज व व्यापारी वर्ग का प्रदर्शन जारी



**मथुरा।** वृंदावन के प्रसिद्ध बांकेबिहारी कॉरिडोर विरोध और सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश के खिलाफ गोस्वामी समाज और स्थानीय व्यापारियों का विरोध 64वें दिन भी अनवरत जारी रहा३ शुक्रवार को बांके बिहारी मंदिर के गेट नंबर एक पर गोस्वामी समाज और व्यापारी समाज की महिलाओं ने केलिमाल के पद का पाठ किया और सरकार के ह्लतुगलकी फरमानह्व के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया।

नीलम गोस्वामी ने कहा, ह्लसरकार अपनी हठधर्मिता पर अड़ी है और जबरन इस फरमान को हम पर थोपना चाहती है. हम इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे. हम शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे हैं, लेकिन सरकार इसे उग्र करना चाहती है. जरूरत पड़ी तो हमारा प्रदर्शन उग्र होगा और तब तक जारी रहेगा जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतींह्व। श्यामा गोस्वामी ने बताया, ह्लहमें विरोध करते हुए 64 दिन हो गए, लेकिन न कोई अधिकारी हमसे मिला, न सरकार ने हमारी सुध ली. हमारा विरोध तब तक नहीं रुकेगा, जब तक कुंज गलियों को उजाड़ने वाला यह फरमान वापस नहीं लिया जाता. हम अपने प्राण ठाकुर जी के समक्ष त्याग देंगे, लेकिन बांके बिहारी से दूर नहीं जाएंगेह्व। शिवानी गोस्वामी ने कहा, ह्लसरकार जबरन इस राक्षस रूपी कॉरिडोर और अध्यादेश को हम पर थोप रही है. हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे हमें अपने प्राण ही क्यों न त्यागने पड़ेंह्व। स्थानीय लोगों ने सरकार और ब्रज तीर्थ विकास परिषद पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि हमें अपने ठाकुर बांकेबिहारी पर पूरा विश्वास है, वे हमारे साथ अन्याय नहीं होने देंगे. ब्रज तीर्थ विकास परिषद विकास के लिए नहीं, विनाश के लिए बनी है, जो ब्रज की कुंज गलियों को उजाड़ने का काम कर रही है। अगर विकास करना ही है, तो ब्रज की मूल समस्याओं जैसे तंग गलियों, भीड़ प्रबंधन और बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दो. ब्रज के सांस्कृतिक स्वरूप को बिगाड़ने की बजाय उसका संरक्षण करो. एक स्थानीय ने सवाल उठाया, ह्लब्रज तीर्थ विकास परिषद में एक भी ब्रजवासी अधिकारी क्यों नहीं है? जब तक इसमें ब्रजवासी नहीं होंगे, ब्रज का दर्द उन्हें कैसे समझ आएगा? इसका नाम ब्रज तीर्थ विकास परिषद नहीं, ब्रज विनाश परिषद होना चाहिएह्व।

# संस्कृति बिगेस्ट एवर मेगा जॉब फेयर में मिली नौकरी, खिले चेहरे



**मथुरा।** संस्कृति विवि द्वारा आयोजित संस्कृति बिगेस्ट एवर मेगा जॉब फेयर में पहले ही दिन 75 विद्यार्थियों ने नौकरी हासिल कर ली। महत्वपूर्ण पक्ष यह रहा कि इन विद्यार्थियों को कई जगह प्रयास करने के बाद भी अभी तक नौकरी हासिल नहीं हो सकी थी। नौकरी हासिल करते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता और प्रति कुलाधिपति राजेश गुप्ता की सोच उस समय फलीभूत होती नजर आई जब संस्कृति बिगेस्ट एवर मेगा जॉब फेयर में पहले ही दिन 75 बच्चों के चेहरे नौकरी पाकर खिल उठे। बताते चलें कि संस्कृति विवि के कुलाधिपति और प्रति कुलाधिपति के पास बहुत से ऐसे नौकरी पाने से वंचित रह गए विद्यार्थियों के मामले सामने आ रहे थे। इसी स्थिति को देखकर उनके मन में एक ऐसा बड़ा जॉब फेयर लगाने का विचार आया जिसके द्वारा ऐसे सभी विद्यार्थियों को एक बार फिर से मौका दिया जा सके। बहुत सी बार ऐसा देखने में आया है कि किन्ही परिस्थितियों के कारण विद्यार्थी इंटरव्यू में सफलता हासिल करने से चूक जाते हैं जबकि वे योग्य होते हैं। इसलिए जरूरी है कि उन्हें ये अवसर मिलने चाहिए। संस्कृति बिगेस्ट एवर मेगा जॉब फेयर को संचालित कर रही संस्कृति विवि के विद्यार्थियों की टीम ने बताया कि जॉब फेयर में भाग लेने के लिए लगभग डेढ़ हजार से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। संस्कृति विवि में इस मेगा जाब फेयर के लिए विवि के विभिन्न ब्लाक में कंपनियों के लिए 25 डेस्क बनाए गए थे, जहां विद्यार्थियों ने अपने इंटरव्यू दिए। जिसमें से पहले दिन चार सौ से अधिक विद्यार्थियों के इंटरव्यू प्रसिद्ध कंपनियों के अधिकारियों ने लिए हैं। इन कंपनियों में मिल्कमोर, लैंसकार्ट, टेक महिंद्रा, टेलीपरफोरमैन्स, आरके ग्रुप, न्यूएलनबरी वर्क्स, जॉब सीकर, याकोहोमा, हल्दीराम ने आज हुए इंटरव्यू के बाद लगभग 75 विद्यार्थियों को नौकरी के लिए चयनित किया है। बताया गया कुछ कंपनियों ने आज इंटरव्यू के रिजल्ट कल के दिन घोषित करने की बात की है। इस हिसाब से चयनित विद्यार्थियों की संख्या में और इजाफा हो सकता है। वहीं जॉब फेयर में नौकरी पाने वाले विद्यार्थियों ने संस्कृति विवि को धन्यवाद देते हुए कहा कि एक ही जगह इतनी सारी कंपनियों में नौकरी के सीधे इंटरव्यू का मौका मिलना हम लोगों के लिए बहुत बड़ा मौका था।

## एसएसपी ने ली परेड की सलामी, लगवायी दौड़ करवाई टोलीबार ड्रिल की कार्यवाही

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई, साथ ही उन्होंने आरटीसी प्रशिक्षणरत रिक्रूटों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई व अनुशासन एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही करवाई। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड़ की सलामी ग्रहण कर परेड़ में उपस्थित कर्मचारीगण का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की टोलीवार कार्यवाही करवाई तथा आरटीसी प्रशिक्षणरत रिक्रूटों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिये दौड़ लगवाई गयी साथ ही प्रशिक्षरत रिक्रूटों को बिनुयादी प्रशिक्षण की विशेषताओं के सम्बन्ध में ब्रीफ किया गया। परेड़ के पश्चात उन्होंने परिवहन शाखा रेडियो शाखा, बैरक, भोजनालय कैंटीन आटा चक्की, लाइब्रेरी आरटीसी कम्प्यूटर लैब क्वार्टर गार्द आर्म्स वर्क शॉप स्टोर, डीएफएमडी कक्ष कैश कार्यालय आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर पुलिस लाइन प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## बिहार से ट्रक में छिपाकर हरियाणा ले जा रहे 50 लाख की अफीम पोस्त सहित 2 गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम व एएनटीएफ यूनिट आगरा की संयुक्त कार्यवाही में ट्रक में छुपाकर 120 किलोग्राम मादक पदार्थ अफीम डोडा पोस्त जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए की बरामदगी के साथ तस्करी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को ए.एन.टी.एफ यूनिट आगरा जोन आगरा एवं थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर बिहार से डोडा पोस्त लादकर हरियाणा ले जा रहे अन्तराजीय गैंग के दो सदस्यों मुसलम खाँन पुत्र अब्दुल हई निवासी ग्राम डाडका थाना होडल जिला पलवल हरियाणा व बलराम कुमार पुत्र सिताराम निवासी ग्राम हरनाही थाना बाराचट्टी जिला गया बिहार को डौली बिल्डिग मैटेरियल के सामने एनएच-2 थाना रसूलपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 120 कि.ग्रा डोडा पोस्त तथा एक ट्रक तथा मादक पदार्थ को छिपाने मे प्रयोग किये जा रहे कार्बन के बोरियों को पकडने मे सफलता प्राप्त की है, अपर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मादक पदार्थ इस गैंग के लीडर ज्ञानी द्वारा गया बिहार से लादा गया था जिसे गैंग के मुख्य सदस्य असलम निवासी पलवल हरियाणा को दिया जाना था जो फुटकर मे बिक्री करता है। इनसे जो बरामदगी हुई है उसमें तस्करी में प्रयुक्त ट्रक कीमत 20 लाख रुपए व मादक पदार्थ अफीम डोडा पोस्त अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए कुल 70 लाख रुपए का माल बरामद किया गया है, पकडे गये अभियुक्तगण के तार अन्तराजीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग से जुडे होना पाया गया है।

# धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास से बढ़ेगी पर्यटनों की संख्या

- मुख्यमंत्री ने पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आगरा तथा फिरोजबाद जनपदों की 28 परियोजनाओं के लिए 23.75 करोड़ रुपए की धनराशि की अनुमोदित

जिला संवाददाता (vol)



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री ने पर्यटन स्थलों के विकास के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में समस्त मंडलों के अंतर्गत आने वाले जनपदों के लिए विभिन्न पर्यटन विकास संबंधी योजनाएं अनुमोदित की गई हैं। इन नई परियोजनाओं की अनुमानित लागत 359 करोड़ 85 लाख रुपए है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वित करने के लिए भूमि का चयन डीपीआर तैयार करने, स्थलीय निरीक्षण आदि के लिए संबंधित जनपदों में टैक्निकल टीम भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास योजना के तहत आगरा फिरोजाबाद में 28 परियोजनाएं अनुमोदित की गयी है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने दी है, उन्होंने बताया कि आगरा ग्रामीण फतेहपुर सीकरी फतेहाबाद के लिए एक एक करोड़ रुपए आगरा दक्षिण के लिए 02 करोड़ रुपए, आगरा खैरागढ़, आगरा उत्तर, आगरा कैंट तथा आगरा उत्तर के लिए क्रमशः 01 करोड़, 02 करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी है। इसके तहत इटौरा के कैला माता मंदिर शीतला कुंड धाम मंदिर सती माता मंदिर पृथ्वी नाथ महोदव मंदिर बाबा दीनदयाल धाम मंदिर नाथ संप्रदाय के प्राचीन मंदिर, पर्यटन कार्यालय के पुराने भवन का क्षीणोद्वार तथा आगरा उत्तर स्थित गुरू का ताल गुरूद्वारा आदि के पर्यटन विकास कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आगे बताया कि आगरा मंडल के अंतर्गत आने वाले फिरोजाबाद टूण्डला के गोगा जी काली मंदिर के पर्यटन विकास के लिए एक करोड़ रुपए, फिरोजाबाद स्थिल पसीने वाले हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए एक करोड़ रुपए, शिकोहाबाद के बह्मदेव, शिवजी तथा बजरंगबली मंदिर के पर्यटन विकास के लिए दो करोड़ रुपए शिकोहाबाद के आवगंगा मंदिर के लिए 50 लाख रुपए, टूण्डला नारखी शिव मंदिर हेतु एक करोड़ रुपए, टूण्डला के शिव मंदिर के लिए 1.50 करोड़ रुपए, टूण्डला के ही राधा कृष्ण मंदिर के लिए 1.5 करोड़ रुपए की धनराशि अनुमोदित की गई है। टूण्डला के काली माता मंदिर के लिए 02 करोड़ रुपए सिरसागंज के लिए 1.5 करोड़ रुपए, सिरसागंज के हनुमान मंदिर के लिए 02 करोड़, सिरसागंज के जायमई माता मंदिर के लिए 02 करोड़ रुपए सिरसागंज के राम कृष्ण धाम मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए अंबेडकर पार्क के पर्यटन विकास के लिए 01 करोड़ रुपए, रामकंठ आश्रम के लिए 1.5 करोड़ रुपए राधा कृष्ण मंदिर के लिए 1.25 करोड़ रुपए, वेद उपवन पार्क के निर्माण के लिए 01 करोड़ रुपए, नीमकरौली बाबा की जन्मस्थली के विकास के लिए 01 करोड़ रुपए, आर्यगुरूकुल महाविद्यालय के लिए 50 लाख रुपए तथा फिरोजाबाद में ग्लास म्यूजियम में क्यूरेशन का कार्य हेतु 50 लाख रुपए की धनराशि अनुमोदित की गई है।

## यमुना में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न

**मथुरा।** श्री परशुराम शोभायात्रा समिति (रजि.) द्वारा 1 अगस्त 2025 को यमुना नदी में तैराकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता यमुनापार स्थित हंसारानी घाट से प्रारंभ होकर स्वामी घाट, यमुना किनारा तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा सीटी बजाकर एवं मनोज शमा, गजेंद्र शर्मा ने झंडी दिखाकर तैराकियों को रवाना किया। वहीं समिति केअध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा ने बताया प्रतियोगिता में नगर एवं आसपास के कई युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जलक्रीड़ा के प्रति अपना कौशल प्रदर्शित किया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक रूप से सक्रिय बनाना, जल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और परंपरागत खेलों को प्रोत्साहन देना था। वहीं उन्होंने बताया प्रतियोगिता में 51 युवकों ने भागीदारी की जिसमें प्रथम पुरस्कार सोनू द्वितीय पुरस्कार मोहन सिंह तृतीय पुरस्कार करतार सिंह को दिया गया। वहीं समिति के सचिव गौरव शर्मा ने बताया समिति द्वारा प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार भी प्रदान किए गए। वहीं उन्होंने बताया श्री परशुराम शोभायात्रा समिति का प्रयास हमेशा रहा है कि युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा में प्रेरित किया जाए।

तैराकी प्रतियोगिता जैसे आयोजन युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और आत्मबल का विकास भी करते हैं। यमुना जैसी पावन धारा में यह आयोजन कराना, हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का एक प्रयास है। आज के युवाओं में जल सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और भारतीय परंपराओं के प्रति जो चेतना जग रही है, वह भविष्य के लिए आशा का संकेत है।

## जयसिंहपुरा बस स्टेशन पर छह इलेक्ट्रिक बसों का कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ

मथुरा। तीर्थ स्थल बृज की भूमि मथुरा के जयसिंहपुरा बस स्टेशन से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की 6 इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चैधरी द्वारा किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चैधरी, माननीय महापौर विनोद अग्रवाल, माननीय विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह एवं एमएलसी योगेश नौहवार द्वारा हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया गया। मुख्यमंत्री एवं माननीय परिवहन मंत्री द्वारा परिवहन निगम को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रदेश की जनता को सुगम यात्रा का लाभ मिल रहा है। ये इलेक्ट्रिक बसें बहुत ही आरामदायक है तथा वातानुकूलित है। उक्त बसे लो फ्लोर है। इन बसों का संचालन मथुरा -बरसाना आगरा, मथुरा आगरा फिरोजाबाद एवं मथुरा नोएडा मार्ग पर अभी किया जा रहा है। परिवहन निगम प्रदेश की जनता को सुदृढ़ सेवाएं तथा सुगम यात्रा कराने हेतु कटिबद्ध है। वो कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी द्वारा अपने संबोधन में परिवहन निगम द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई और आशीर्वाद देकर मथुरा की जनता को इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ कर तोहफा दिया गया। इस अवसर पर मुख्यालय लखनऊ से आए प्रधान प्रबंधक संचालन अनिल कुमार एवं प्रधान प्रबंधक एमआईएस अमरनाथ सहाय, क्षेत्रीय प्रबंधक आगरा ब्रह्म प्रकाश अग्रवाल, सेवा प्रबंधक आगरा तुलाराम वर्मा, सक्षेप्र मथुरा मदन मोहन शर्मा, सक्षेप्र ताज राजेश यादव, सक्षेप्र फोर्ट श्रीमती शशि रानी, सक्षेप्र फाउंड्री नगर दिनेश यादव, सक्षेप्र बाह सहेनदर सिंह, सक्षेप्र वित्त रविकांत मल्ल, सहायक अभियंता नवनीत गोयल, वरिष्ठ लेखाकार संतोष अग्रवाल और क्षेत्र के अन्य उपाधि कारी एवं कर्मचारी तथा इलैक्ट्रिक बस निमार्ता कंपनी स्विच मोबिलिटी के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कल्लोल बोस एवं कंपनी के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संस्कृति मेगा जॉब फेयर में पहले ही दिन उमड़ी छात्रों की भीड़



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा बहुप्रतीक्षित मेगा जाब फेयर के पहले ही दिन समय से पूर्व ही देश के दूर दराज क्षेत्रों से रोजगार पाने का सपना लिये विद्यार्थियों का आगमन होने लगा। संस्कृति विवि के प्लेसमेंट सेल की देखरेख में जॉब फेयर को मैनेज कर रही विद्यार्थियों की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ रोजगार पाने की आशा में आ रहे विद्यार्थियों को उनसे संबंधित विभाग में पहुंचाने में जुटी थी। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विवि प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को एक दिन पहले ही अंजाम दे दिया था। अपने आप में अभूतपूर्व यह वृहद रोजगार मेला अपनी सोच के अनुरूप विद्यार्थियों को उनके सपनों की उड़ान भरने में मील का पत्थर बनता नजर आ रहा है।

संस्कृति बिगेस्ट एवर मेगा जॉब फेयर को संचालित कर रही विद्यार्थियों की टीम ने बताया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के द्वारा कराए गए रजिस्ट्रेशनों को देखकर हम लोगों को अनुमान था कि हमें एक बड़ी चुनौती का सामना करना है। ये चुनौती थी अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए हमारी टीम ने दर्जनों मीटिंग कीं। बारीक से बारीक परिस्थितियों को संभालने के लिए पहले से ही तैयारी कर ली। इसका हमें फायदा तब नजर आया जब विद्यार्थियों ने व्यवस्थाओं की सराहना की। जहां दिक्कत आती वहीं संस्कृति प्लेसमेंट सेल के अधिकारी हमें सलाह, सहयोग और निर्देश देने के लिए मौजूद थे। वे हमारे साथ तैयारियों में रात-दिन जुटे भी रहे। सुबह नौ बजे से शुरू होने वाले इस मेगा जाब फेयर में अपनी किस्मत अजमाने विद्यार्थी समय से पहले ही आना शुरू हो गए थे। संस्कृति विवि के प्लेसमेंट सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जॉब फेयर में भाग लेने के लिए 31 जुलाई को शाम पांच बजे तक डेढ़ हजार से अधिक विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन करा चुके थे। बताते चलें कि इस मेगा जॉब फेयर के माध्यम से संस्कृति विवि द्वारा देशभर के नौकरी से वंचित रह गए नौजवानों को रोजगार का एक बड़ा मौका दिया जा रहा है। इसके लिए विवि प्रशासन ने लगभग सभी प्लेटफार्म पर इस जाब फेयर की जानकारी प्रचारित की। इतना ही नहीं कालेजों में, इंस्टीट्यूट में और रोजगार कार्यालयों में भी इस जॉब फेयर की जानकारी साझा की है। संस्कृति विवि ने एक समग्र और सर्व कल्याण की भावना के तहत देशभर के सभी पासआउट विद्यार्थियों, जो अभी तक नौकरी पाने से वंचित रह गए हैं इस जॉब फेयर में आमंत्रित किया है। उद्योग विभाग के स्थानीय अधिकारियों द्वारा भी इस अवसर का लाभ उठाने में रुचि दिखाई है।

## विद्या भारती ब्रज प्रांत की प्रचार विभाग की कार्यशाला हाथरस में सम्पन्न

मथुरा। विद्या भारती ब्रज प्रदेश से सम्बद्ध भारतीय शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश, भारतीय शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं भारतीय श्री विद्या परिषद द्वारा संयुक्त रूप से संचालित 12 जनपदों के विद्यालयों के प्रचार प्रमुखों की एक दिवसीय कार्यशाला सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लेवर कॉलोनी, हाथरस में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या भारती ब्रज प्रदेश के संगठन मंत्री हरी शंकर, प्रदेश निरीक्षक यशवीर सिंह एवं शैक्षिक प्रमुख डॉ. राकेश सारस्वत ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेन्द्र नाथ शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया तथा विद्यालय प्रबंधक मनोज कुमार अग्निहोत्री ने सभी अतिथियों का शॉल पहनाकर एवं पुष्प देकर स्वागत किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से प्रचार विभाग की भूमिका, सोशल मीडिया की आवश्यकता, लेखन-कौशल, डिजिटल बुलेटिन निर्माण, संवाद संप्रेषण एवं तकनीकी पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य अतिथि हरी शंकर, संगठन मंत्री, विद्या भारती ब्रज प्रदेश ने कहा कि प्रचार विभाग वर्तमान समय की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता है। प्रत्येक विद्यालय को सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हुए प्रेरणादायक समाचारों के माध्यम से अपनी पहचान बनानी चाहिए। प्रचार प्रमुखों को योजना के अनुसार नियमित कार्य करते हुए विद्यालय की छवि समाज के समक्ष प्रस्तुत करनी चाहिए। डॉ. राकेश सारस्वत, शैक्षिक प्रमुख, विद्या भारती ब्रज प्रदेश ने कहा कि लेखन, संप्रेषण, प्रस्तुतीकरण एवं समाज से संवाद एक प्रचार प्रमुख के लिए आवश्यक गुण हैं।

## संक्षेप

### सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड7 आउट-ऑफ-स्टॉक हुआ

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज कहा कि गैलेक्सी जेड फोल्ड7के लिए अभूतपूर्व मांगदेखी जा रही है, और यह स्मार्टफोन देश के कुछ चुनिंदा बाजारों में 'आउट-ऑफ-स्टॉक' हो गया है। कंपनी नोएडा में अपनी उत्पादन फैक्ट्री में इसमांग को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। सैमसंग इंडिया ने पहले घोषणा की थी कि उसने भारत में केवल 48 घंटों में अपनी सातवीं पीढ़ी के फोल्डेबल्स - गैलेक्सी जेड फोल्ड7, गैलेक्सी जेड फ्लिप7 और गैलेक्सी जेड फ्लिप7 एफई के लिए रिकॉर्ड 210,000 प्री-ऑर्डर्स प्राप्त किए हैं, जो भारत में फोल्डेबल फॉर्म फैक्टर के तेजी से मुख्यधारा में आने का संकेत देता है।हम भारत के टेक-सेवी उपभोक्ताओं का धन्यवाद करना चाहेंगे जिन्होंने गैलेक्सी जेड फोल?ड7 को ब्लॉकबस्टर शुरूआत दी। हमें पता है कि देश के कईबाजारों में भारी मांग के कारण कमी का सामना करना पड़ रहा है।

### सेंटर फ्रेश और यूगॉव की इंडिया ओवरथिंकिंग रिपोर्ट जारी

नई दिल्ली।सेंटर फ्रेश और यूगॉव के एक नए राष्ट्रीय अध्ययन ने खुलासा किया है कि ओवरथिंकिंग अब भारतीयों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है सिर्फ संकट के समय ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा के छोटे-छोटे फैसलों में भी वे ओवरथिंकिंग कर रहे हैं। पहली बार सामने आई इस सेंटर फ्रेश इंडिया ओवरथिंकिंग रिपोर्ट के अनुसार, 81प्रतिशत भारतीय रोजाना तीन घंटे से ज्यादा समय ओवरथिंकिंग में बिताते हैं जबकि हर चार में से एक व्यक्ति मानता है कि यह उसकी लगातार बनी रहने वाली आदत है। चाहे मैसेज का जवाब देना हो, खाने का चुनाव करना हो, या इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालनी हो, आंकड़े बताते हैं कि पीढ़ियों और क्षेत्रों से परे यह दोबारा सोचने की आदत हर जगह मौजूद है। सेंटर फ्रेश इंडिया ओवरथिंकिंग रिपोर्ट के जरिए हमारा उद्देश्य यह समझना था कि आज की हाइपर-कनेक्टेड दुनिया में ओवरथिंकिंग कैसे सामने आती है और इसके नतीजे आंखें खोल देने वाले हैं।

### टोयोटो ने जुलाई 2025 में बेचीं 32,575 गाड़ियां

बंगलुरू।टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपने बिक्री प्रदर्शन की घोषणा की है। जुलाई में हमने 32,575 गाड़ियां बेचकर 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। लगातार मिल रही ग्राहक प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि हम उनकी जरूरतों को कितनी गंभीरता से लेते हैं। हम आगे भी बेहतरीन उत्पादों और सेवाओं के जरिए बाजार में अपनी स्थिति को और मजबूत करते रहेंगे।हमें विश्वास है कि यही आगे की हमारी प्रगति का आधार बनेंगे।

### किसानों के हितों की रक्षा करेगी सरकार

नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में किसानों के हितों की रक्षा करेगी। मेघालय अनानास महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद चौहान ने संवाददाताओं से कहा, हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि देश का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कृषि और डेयरी क्षेत्र की रक्षा की जाएगी। हम कोई भी निर्णय लेते समय देश के हित को ध्यान में रखते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके साथ ही उन्होंने रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने का ऐलान भी किया। भारत ने इससे पहले किए गए किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है। कृषि क्षेत्र भारत के लिए राजनीतिक रूप से संवेदनशील है, क्योंकि लगभग 70 करोड़ लोग आजीविका के लिए इस पर निर्भर हैं।

### ट्रंप ने कनाडा से आने वाले सामानों पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़ाकर किया 35 प्रतिशत

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से अमेरिकी आयात पर शुल्क दर को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया है। यह शुल्क शुक्रवार से प्रभावी होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की ओर से बृहस्पतिवार देर रात की गई घोषणा में कहा गया कि कनाडा तस्करों, खुलेआम घूम रहे अपराधियों की गिरफ्तारी और अवैध मादक पदार्थों की जब्ती की दिशा में अधिक कदम उठाने में विफल रहा है।

# सेंसेक्स में 586 अंकों की गिरावट




मुंबई। अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 586 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में भी 203 अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी सरकार के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ऐलान के बाद वैश्विक व्यापार में गतिरोध की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 585.67 अंक यानी 0.72 प्रतिशत गिरकर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 690.01 अंक तक टूटकर 80,495.57 के निचले स्तर तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 203 अंक यानी 0.82 प्रतिशत गिरकर 24,565.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर 4.43 प्रतिशत टूट गया। कंपनी ने अप्रैल-जून 2025 तिमाही के शुद्ध लाभ में 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, जिससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इसके अलावा टाटा स्टील, मारुति, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, भारती एयरटेल और टेक महिंद्रा के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी का रुझान देखने को मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को एक सरकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें भारत समेत लगभग 70 देशों से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की घोषणा की गई। यह नया शुल्क सात अगस्त से प्रभावी होगा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 5,588.91 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। इस बीच, ब्रेंट क्रूड वायदा 0.39 प्रतिशत गिरकर 71.42 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बृहस्पतिवार को भी सेंसेक्स 296.28 अंक गिरकर 81,185.58 अंक और निफ्टी 86.70 अंक घटकर 24,786.35 अंक पर बंद हुआ था।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे चढ़कर 87.53 पर बंद



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और संभवतः आरबीआई के हस्तक्षेप के कारण शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 87.53 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए सिरे से शुल्क लगाने के कारण वैश्विक व्यापार परिदृश्य में व्यापक व्यवधान की चिंताओं के चलते रुपये पर दवाब बना हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने से जोखिम न लेने की भावना मजबूत हुई और रुपये के गिरने की आशंका बढ़ गईं। ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से सामान खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने का ऐलान किया था। शुल्क लागू करने की तारीख एक अगस्त थी, लेकिन इसे बढ़ाकर सात अगस्त कर दिया गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.60 पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया ने 87.20 के ऊपरी स्तर को छूआ। अंत में रुपया 12 पैसे बढ़कर 87.53 (अस्थायी) पर बंद हुआ था। रुपया बृहस्पतिवार को अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर से 15 पैसे की बढ़त के साथ 87.65 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका से मिले-जुले और सकारात्मक आर्थिक आंकड़ों ने डॉलर को सहारा दिया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और आरबीआई के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर हस्तक्षेप की खबरों ने रुपये के शुरुआती नुकसान को कम कर दिया। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत बढ़कर 100.23 पर पहुंच गया। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 0.31 प्रतिशत गिरकर 71.48 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। हमारा अनुमान है कि रुपया कमजोर रहेगा। घरेलू बाजार कमजोर रहा। व्यापार समझौते पर जारी अनिश्चितता के चलते बाजार की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है।

# बिजली खपत जुलाई में 2.6 प्रतिशत बढ़कर 153.63 अरब यूनिट पर

नयी दिल्ली। देश में बिजली की खपत जुलाई में सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 153.63 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण देश के कई हिस्सों में भारी बारिश के बीच एयर कंडीशनर, कूलर जैसे उपकरणों का कम उपयोग था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल जुलाई में बिजली की खपत 149.65 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों का मानना है कि सक्रिय मानसून के कारण देश भर में हुई भारी बारिश ने जुलाई में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग को भी प्रभावित किया। जुलाई में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति थोड़ी कम होकर लगभग 220.59 गीगावाट रही, जो पिछले साल जुलाई में लगभग 226.63 गीगावाट थी। एक दिन में बिजली की सर्वाधिक मांग पिछले साल मई में लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। इससे पहले सर्वकालिक उच्चतम बिजली मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी। सरकारी अनुमानों के अनुसार, 2025 की गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 277 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद थी। हालांकि, इस गर्मी के मौसम (अप्रैल से) के दौरान, जून में बिजली की अधिकतम मांग रिकॉर्ड 242.77 गीगावाट रही।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर बढ़ा



मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 25 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 2.703 अरब डॉलर बढ़कर 698.192 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.183 अरब डॉलर घटकर 695.489 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 25 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.316 अरब डॉलर बढ़कर 588.926 अरब डॉलर हो गया। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.206 करोड़ डॉलर बढ़कर 85.704 अरब डॉलर हो गया। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.6 अरब डॉलर बढ़कर 18.809 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 5.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.753 अरब डॉलर हो गया।

# सोने में 400 रुपये और चांदी में 2,500 रुपये की गिरावट

नयी दिल्ली। स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 400 रुपये टूटकर 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 300 रुपये गिरकर 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा, जबकि पिछले सत्र में यह 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नरमी के चलते सोने में गिरावट रही। उन बाजारों में इसकी कीमत 3,290 डॉलर प्रति औंस के आसपास थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण (जिंस और मुद्रा) विभाग के उपाध्यक्ष, जतिन त्रिवेदी ने कहा कि यह गिरावट अमेरिकी फेडरलरिजर्व के लगातार आक्रामक रुख और निकट भविष्य में ब्याज दर में कटौती के कोई संकेत नहीं मिलने के दबाव के बीच आई है। इससे सुरक्षित निवेश के लिए सर्राफा की बाजार धारणा कमजोर हुई है। सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और शुक्रवार को यह 2,500 रुपये गिरकर।,09,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही।

# भारत का ईंधन निर्यात ट्रंप के शुल्क दायरे से बाहर



नयी दिल्ली। भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले डीजल और विमान ईंधन जैसे पेट्रोलियम उत्पादों को आयात शुल्क से छूट दी गई है। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अभी यह संकेत नहीं दिया है कि रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार को रोकने के लिए वह कौन सा जुर्माना लगाने की योजना बना रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को मौजूदा व्यापार बाधाओं पर चिंता जताते हुए भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने साथ ही कहा कि रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा संबंधों के कारण भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। बाद में उन्होंने जिस सरकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, वह केवल अमेरिका आने वाले भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लागू करता है। इसमें ऐसे उत्पादों की भी सूची है, जिस पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इनमें तैयार दवा उत्पाद (टैबलेट, इंजेक्शन और सिरप), औषधि निर्माण में उपयोग होने वाला कच्चा माल, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीटी सामान (सेमीकंडक्टर, स्मार्टफोन, एसएसडी और कंप्यूटर) और पेट्रोलियम उत्पाद (कच्चा तेल, एलएनजी, परिष्कृत ईंधन, बिजली और कोयला) शामिल हैं। कार्यकारी आदेश में रूसी व्यापार के लिए लगाए जाने वाले किसी भी जुर्माने का भी संकेत नहीं है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को 48.6 लाख टन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया था, जिसकी कीमत चार अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अमेरिका को ईंधन का सबसे बड़ा निर्यातक है। विश्लेषकों ने कहा कि ईंधन निर्यात छूट सूची में बने रहने से भारत और रिलायंस जैसी कंपनियों के लिए कारोबार सामान्य रूप से चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर रूस से तेल आयात के लिए भारत पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाता है, तो यह राहत की बात होगी। फिलहाल, अमेरिकी प्रशासन ने किसी जुर्माने का संकेत नहीं दिया है। भारत ऐतिहासिक रूप से अपना अधिकांश तेल इराक और सऊदी अरब सहित पश्चिम एशिया से खरीदता रहा है, लेकिन फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमला करने के बाद हालात बदल गए। भारत ने छूट पर उपलब्ध रूसी तेल को खरीदना शुरू कर दिया।

# सकल जीएसटी संग्रह 7.5 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये पर




नयी दिल्ली। सकल जीएसटी संग्रह जुलाई में 7.5 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से घरेलू राजस्व में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है।

पिछले साल जुलाई में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.82 लाख करोड़ रुपये था। जून में यह 1.84 लाख करोड़ रुपये था। सकल घरेलू राजस्व 6.7 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से कर प्राप्ति 9.5 प्रतिशत बढ़कर 52,712 करोड़ रुपये रही। जीएसटी रिफंड सालाना आधार पर 66.8 प्रतिशत बढ़कर 27,147 करोड़ रुपये हो गया। जुलाई, 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत बढ़कर 1.69 लाख करोड़ रुपये रहा। कुछ वैश्विक दबावों और अस्थायी गिरावट के बावजूद, समग्र रुझान स्थिर उपभोग प्रतिरूप और अर्थव्यवस्था के निरंतर वृद्धि को बताता है। सरकार की समय पर रिफंड प्रक्रिया भी कंपनियों के लिए एक बड़ी मदद है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उनके पास आवश्यक कार्यशील पूंजी उपलब्ध है।

## पेज एक का शेष

### सुबोध हत्याकांड

बढ़ा कि उग्र प्रदर्शनकारियों ने चिंगरावठी चौकी और वहां खड़े माल बरामदगी के वाहनों में आग लगा दी थी। उग्र भीड़ को शांत करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। बलवे में तत्कालीन स्याना कोतवाल सुबोध कुमार सिंह व गांव चिंगरावठी निवासी युवक सुमित कुमार की गोली लगने से मौत हो गई थी। सभी पर राजद्रोह की धाराएं लगाई गई थी लेकिन इसमें दोष सिद्ध नहीं हुआ। पुलिस ने मामले में चार दिसंबर 2018 को कई नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। 44 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एफआईआर में हिंसा में मारे गए युवक सुमित कुमार को भी आरोपी बनाया था। मामले की जांच के लिए बाद में एसआईटी गठित की गई। एसआईटी ने जांच पूरी कर आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी। प्रशांत नट, डेविड, राहुल, जॉनी और लोकेंद्र उर्फ मामा को हत्या का आरोपी बनाया गया था। योगेश राज समेत अन्य सभी पर जानलेवा हमला, डकैती, आगजनी, बलवा, धमकी देने समेत आईपीसी की 14 धाराएं लगाई गई थीं। सभी आरोपियों पर राजद्रोह की धारा भी लगाई गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान पांच आरोपी चंद्रपाल, अजय उर्फ दीवला, कुलदीप, आशीष उर्फ छोटे व ओमेंद्र की मृत्यु हो गई। एक आरोपी की पत्रावली पृथक कर बाल न्यायालय भेज दी गई थी, उसका मामला अभी तक विचाराधीन है।

### नौ सितंबर

पश्चिम बंगाल में बशीरहाट रिक्त है, जबकि 245 सदस्यीय राज्यसभा में पांच सीट खाली हैं। राज्यसभा में पांच खाली सीट में से चार जम्मू-कश्मीर से और एक पंजाब से है। लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 542 सदस्यों में से 293 का समर्थन प्राप्त है। सत्तारूढ़ गठबंधन को राज्यसभा (प्रभावी सदस्य संख्या 240) में 129 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है, बशर्ते कि मनोनीत सदस्य राजग उम्मीदवार के समर्थन में मतदान करें। सत्तारूढ़ गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने वाले व्यक्ति का भारत का नागरिक होना जरूरी है, उसकी आयु 35 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए और वह राज्यसभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के लिए पात्र होना चाहिए।

### सीएम योगी

परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वाराणसी पहुंच चुके हैं।

### प्लास्टिक

है। इसमें गोबर आधारित बायोगैस से ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ जैविक, प्राकृतिक खेती, ग्रामीण रोजगार और गोशालाओं की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जाएगी। गो-सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि इस योजना की तकनीकी सलाहकार डॉ. शुचि वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर (बायोटेक्नोलॉजी), रामजस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय हैं। इन्होंने गोबर से बायोप्लास्टिक निर्माण की प्रभावी तकनीक विकसित की है। आयोग में उन्होंने अपने किए गए शोधों पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किया। इस योजना से लाखों ग्रामीण युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं ग्रामीण महिलाओं को लघु उद्यम के अवसर भी मिलेंगे। इन नवाचारों के जरिए प्रदेश सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा और गांवों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में यह कदम बेहद अहम साबित होगा। गोवंश संरक्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अभिनव पहल से न केवल प्लास्टिक प्रदूषण पर अंकुश लगेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक आदर्श राज्य के रूप में स्थापित होगा।

### बाराबंकी मंदिर

मंदिर का दौरा किया, पूजा-अर्चना की और मंदिर परिसर तथा आसपास के मेला मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। गोमती नदी घाट पर एसडीएम विश्वकर्मा ने घाट पर बैरिकेडिंग करने के आदेश दिए।

मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरि, प्रबंधक विनोद गिरि और पुजारी अतुल गोस्वामी के साथ संयुक्त निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आगामी सोमवार के लिए मंदिर परिसर और उसके आसपास सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। इसके अतिरिक्त, दो एम्बुलेंस की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तड़के बंदरों द्वारा तोड़ा गया एक बिजली का तार टिन शेड पर गिरने से मंदिर में मची भगदड़ में दो लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए थे। तार गिरने से टिन शेड में करंट फैल गया था जिससे मंदिर परिसर में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई।

### अनिल अंबानी

के लिए कहा गया है। पिछले सप्ताह संघीय एजेंसी ने 50 कंपनियों के 35 परिसरों और अनिल के व्यापारिक समूह के अधिकारियों समेत 25 लोगों के परिसरों पर छापे मारे थे। 24 जुलाई को शुरू हुई यह छापेमारी तीन दिन तक जारी रही थी। यह कार्वाई रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर (आर इन्फ्रा) समेत अनिल अंबानी की कई समूह कंपनियों द्वारा कथित वित्तीय अनियमितताओं और 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के सामूहिक ज्ञ्ण को किसी और काम में इस्तेमाल करने के लिए की गई। सेबी की एक रिपोर्ट के आधार पर, एजेंसी ने पाया कि आर इंफ्रा ने सीएलई नामक एक कंपनी के माध्यम से रिलायंस समूह की कंपनियों में इंटर-कॉर्पोरेट डिपॉजिट( आईसीडी) के रूप में धनराशिै हस्तांतरितै की। आरोप है कि आर इंफ्रा ने शेयरधारकों और ऑडिट पैनल की मंजूरी से बचने के लिए सीएलई को अपनीं संबंधित पार्टी के रूप में प्रकट नहीं किया। रिलायंस समूह के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 10,000 करोड़ रुपये की राशि किसी अज्ञात पक्ष को कथित रूप से हस्तांतरित करने का आरोप 10 साल पुराना मामला है। प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में बताया था कि उसका बकाया केवल 6,500 करोड़ रुपये के आसपास है। बयान में कहा गया है कि रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर (आर इन्फ्रा) ने लगभग छह महीने पहले, 9 फरवरी, 2025 को इस मामले का सार्वजनिक रूप से खुलासा किया था। प्रवक्ता ने कहा, उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा आयोजित और बंबई उच्च न्यायालय में दायर अनिवार्य मध्यस्थता कार्यवाही के माध्यम से, रिलायंस इंफ्रा ने 6,500 करोड़ रुपये के अपने पूरे बकाये की वसूली के लिए एक समझौता किया। कंपनी ने कहा कि अनिल अंबानी तीन साल (मार्च 2022) से अधिक समय से आर इन्फ्रा के बोर्ड में नहीं हैं। ईडी 2017-2019 के बीच अंबानी की समूह कंपनियों को यस बैंक से मिले लगभग 3,000 करोड़ रुपये कैं अवैधे ज्ञ्ण को दूसरे कामों में इस्तेमाल करने के आरोपों की भी जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पाया है कि ज्ञ्ण दिए जाने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रवर्तकों ने अपने प्रतिष्ठानों में धनै प्राप्तै किया था। एजेंसीै रिश्वतै और इस गठजोड़ की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय इन कंपनियों को यस बैंक की ओर से ज्ञ्ण देने से जुड़ी मंजूरियों मैं घोर उल्लंघनौं के आरोपों की भी जांच कर रहा है। इसमें पिछली तारीख के ज्ञ्ण अनुमोदन ज्ञापन और बैंक की ज्ञ्ण नीति का उल्लंघन करते हुए बिना किसी उचित जांचाज्ञ्ण विश्लेषण के प्रस्तावित निवेश जैसे आरोप शामिल हैं।

### ड्यूटी से

ब्रजेश पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने तीनों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। वहीं, लंबे समय से गैरहाजिर कन्नौज राजकीय मेडिकल कॉलेज के सहायक आचार्य, आर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ. अवनीश कुमार सिंह को भी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। मैनपुरी के किशनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात दन्तशल्यक डॉ. राखी सोनी बिना सक्षम स्तर से अवकाश स्वीकृत कराये अनधिकृत रूप से तैनाती स्थल से अनुपस्थित हैं। प्रयागराज के डिप्टी सीएमओ डॉ. आनन्द सिंह को एवं मथुरा के छाता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात डॉ. अशोक कुमार द्वारा गंभीर रूप से घायल रोगी के इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगे। तीनों डॉक्टरों की जांच कराई गई। प्राथमिक जांच में इन डॉक्टर को दोषी पाया गया है। इन्हें आरोप-पत्र देकर उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिये गये हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. डीसी श्रीवास्तव पर ओपीडी का समय पर संचालन न करने के गंभीर आरोप लगे हैं। उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

### राज्य की

में तेजी लाई जाए। इसके साथ ही, कांवड़ यात्रा जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों के दौरान भीड़ प्रबंधन और यातायात सुगमता के लिए वैकल्पिक मार्गों की सुनियोजित योजना बनाई जाए। शहरी विकास को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि द्रुतगामी ड्रेनेज व्यवस्था, सौंदर्यीकृत पार्कों का निर्माण और मानसून के बाद गड्ढामुक्त सड़कों का विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे शहरी जीवन अधिक सुविधाजनक और सुंदर बने। राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देते हुए ऋषिकेश और किच्छा में प्रस्तावित एम्स सैटेलाइट सेंटरों की निगरानी के लिए दो नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में दो-दो गांवों को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने की घोषणा की। यह गांव सामाजिक, पर्यावरणीय और भौतिक विकास के आदर्श मॉडल के रूप में उभरेंगे।बैठक में विधायक विनोद चमोली, प्रेमचंद अग्रवाल, मदन कौशिक, बृज भूषण गैरोला और प्रदीप बत्रा ने अपने क्षेत्रों में जलभराव, यातायात, सीवरेज, सौंदर्यीकरण और पार्किंग जैसी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इन मामलों पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, एलएल फैनई, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, विभागीय सचिव, विभिन्न विभागाध्यक्ष और संबंधित जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल रहे, जिससे योजनाओं की क्रियान्वयन प्रक्रिया को संस्थागत मजबूती मिली।

### यूपी के

पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक नाबालिग लड़की घायल हो गई। उन्होंने कहा कि मैनपुरी निवासी छह लोग आज दोपहर कार से आगरा में अपने रिश्तेदारों के यहां एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद छिबरामऊ (कन्नौज) जा रहे थे। दोपहर करीब 12.40 बजे बेवर पुलिस थाना के नगला ताल के पास जीटी रोड पर तेज गति के कारण चालक कार पर से नियंत्रण खो बैठा और कार डिवाइडर से टकराकर दूसरी तरफ जा गिरी। डिवाइडर पार करने के बाद कार एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक लड़की आराध्या (11) गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे इलाज के लिए सैफई स्थित पीजीआई ले जाया गया। एसपी ने बताया कि दुर्घटना में मृत पांच लोगों की पहचान कार चला रहे दीपक चौहान (35), उनकी पत्नी पूजा (33), आठ साल की बेटी आशी, भांजी अनी (सात) और बहन सुजाता (30) के रूप में हुई है।




# भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाये

## रूट और कृष्णा के बीच इस दौरान तीखी नोकझोंक भी हुई

लंदन। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने शुक्रवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन दोपहर के सत्र में आठ ओवरों के शानदार स्पैल में तीन विकेट चटकाकर भारत को वापसी कराई जिससे चाय तक इंग्लैंड का स्कोर सात विकेट पर 215 रन हो गया। क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध नहीं थे और इंग्लैंड अब भी पहली पारी के हिसाब से भारत से नौ रन पीछे है। सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दूसरे सत्र में तीन तीन विकेट झटके।

इंग्लैंड ने मुख्य बल्लेबाज जो रूट (29 रन), जाक क्रॉली (64 रन), कार्यवाहक कप्तान ओली पोप (22 रन) और जैकब बेथेल (छह रन) के विकेट गंवा दिए। रूट और कृष्णा के बीच इस दौरान तीखी नोकझोंक भी हुई।

शुरुआती सत्र में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन जुटाए। लेकिन भारतीय तेज गेंदबाजों ने ब्रेक के बाद लेंथ हासिल करते हुए वापसी की। कृष्णा की गेंद पर क्रॉली ने पुल शॉट लगाने में गलती की और मिडविकेट पर कैच आउट हो गए। पिच से तेज गेंदबाजों को लगातार मदद मिल रही है। सिराज ने पोप और रूट को पगबाधा आउट किया। फिर एक इनस्विंग यॉर्कर से बेथेल को भी पगबाधा आउट किया। सिराज लगातार कोशिश करते रहे और उन्हें इसका फल भी मिला। एक बार फिर उन्होंने दिखाया कि वे कार्यभार प्रबंधन में विश्वास नहीं रखते। कृष्णा भी प्रभावशाली रहे। उन्होंने चाय सत्र के अंतिम ओवर में जैमी स्मिथ और जैमी ओवरटन के विकेट झटके। भारत को खेल के पहले आधे घंटे में पहली पारी में 224 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज क्रॉली और बेन डकेट ने मेहमान टीम के तेज गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। डकेट (43 रन) और क्रॉली ने मर्जी से चौके जड़े जिससे इंग्लैंड लंच ब्रेक तक एक विकेट पर 109 रन बना चुका था। आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तिकड़ी के पास इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों के लिए कोई रणनीति नहीं दिख रही थी। पर भारत को लंच से 15 मिनट पहले डकेट का विकेट मिलने से राहत मिली। आकाश दीप की गेंद पर एक और रिवर्स हिट लगाने की कोशिश में डकेट विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। इस तरह इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने महज 77 गेंद में 92 रन बना लिए। क्रॉली ने 12 चौके से पांच सिराज की गेंदों पर लगाए। उन्होंने आकाश दीप की गेंद पर थर्ड मैन पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। डकेट ने इच्छानुसार शॉट लगाए। उन्होंने आकाश दीप की गेंद पर रिवर्स स्कूप शॉट लगाया और इसके बाद सिराज की गेंद पर रैंप ऑफ पर छक्का जड़ दिया। डकेट के आउट होने के बाद पोप क्रीज पर उतरे। उन्होंने कवर ड्राइव शॉट्स लगाकर शुरुआत की। वहीं दिन की शुरूआत छह विकेट पर 204 रन से शुरू करने वाले भारत ने पहले 30 मिनट में 20 रन के अंदर बाकी के चार विकेट गंवा दिए। करुण नायर (109 गेंद में 57 रन) और वाशिंगटन सुंदर (26 रन) जल्दी आउट हो गए जिसके बाद एटकिंसन ने पुछल्ले बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। इंग्लैंड के लिए एटकिंसन ने पांच जबकि जोस टंग ने तीन विकेट चटकाये। बारिश के कारण पहले दिन 64 ओवर का ही खेल संभव हो पाया। भारत ने 153 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद नायर (नाबाद 52 रन, 98 गेंद, सात चौके) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 19 रन) ने सातवें विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को वापसी दिलाने का प्रयास किया। भारत के लिए पहले दो सत्र की तरह तीसरे सत्र में भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक छोर पर टिककर खेल रहे साई सुदर्शन (38) टंग की शानदार आउटस्विंगर पर विकेटकीपर जेमी स्मिथ के हाथों लपके गए जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 101 रन हो गया।





# बुमराह को टीम से रिलीज किया गया, एशिया कप में खेलने पर संदेह



लंदन/नयी दिल्ली। भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तीन टेस्ट का कोटा पूरा करने के बाद शुक्रवार को टीम से फारिग (रिलीज) कर दिया गया।

इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट के हितधारकों ने उनके अगले अंतरराष्ट्रीय मैच में भागीदारी पर चर्चा शुरू कर दी है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर 31 वर्षीय बुमराह ने तीन मैचों में 119.4 ओवर फेंके और 14 विकेट लिए। बीसीसीआई ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया, जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से फारिग कर दिया गया। बुमराह ने इस श्रृंखला में दो बार (हेडिंग्ले में पहले टेस्ट और लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट) पांच-पांच विकेट लिए। उन्होंने मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में अपने करियर में पहली बार एक पारी में 100 से अधिक रन दिए। बुमराह के नाम अब 48 टेस्ट में 219 विकेट हैं। भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे से पहले ही चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने बताया था कि बुमराह अपने कार्यभार प्रबंधन (चोट और थकान से बचाने के लिए) के तहत पांच में से तीन टेस्ट मैच ही खेलेंगे। भारत को अपना अगला अंतरराष्ट्रीय मैच एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में खेलना है। अगर बुमराह इस टूर्नामेंट में खेलते हैं तो यह हैरानी की बात होगी क्योंकि यूएई में होने वाले इस टूर्नामेंट के खत्म होने के एक सप्ताह से भी कम समय के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ अगली टेस्ट श्रृंखला शुरू हो जाएगी। एशिया कप 29 सितंबर को खत्म होगा और वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगा। इसके बाद दूसरा मैच 10 से 14 अक्टूबर तक नयी दिल्ली में खेला जाएगा। फिर नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैच हैं। भारतीय टीम के चयन प्रक्रिया की समझ रखने वाले एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि यह एक मुश्किल फैसला होगा लेकिन बुमराह को टेस्ट क्रिकेट पसंद है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक दांव पर हैं। जहां तक टी20 का सवाल है, वह जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला खेल सकते हैं, जो टी20 वर्ल्ड की तैयारियों के लिए अहम होगा। उन्होंने ने कहा कि बुमराह अगर एशिया कप खेलते हैं और मान लीजिए कि भारत फाइनल में पहुंच जाता है तो अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका खेलना काफी मुश्किल होगा। सवाल यह उठता है कि क्या हमें वेस्टइंडीज के खिलाफ बुमराह की जरूरत है या वह एक महीने के ब्रेक के बाद एशिया कप खेलें और फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलें। यह फैसला अजीत अगरकर और गौतम गंभीर को लेना होगा। भारत को अगले साल घरेलू सरजमीं पर टी20 विश्व कप खेलना है और ऐसे में बुमराह के आगामी कुछ समय में एकदिवसीय प्रारूप में खेलने की संभावना काफी कम है।

**संक्षेप**

### भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए जमील

नयी दिल्ली। खालिद जमील को शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया और इस तरह से वह पिछले 13 वर्षों में प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाले पहले भारतीय बन गए। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के प्रभारी 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने इस पद के लिए चुना। भारतीय टीम का कोच बनने की दौड़ में जमील के अलावा भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और और स्लोवाकिया के मुख्य कोच रह चुके स्टीफन टारकोविच शामिल थे। अपने जमाने के दिग्गज स्ट्राइकर आईएम विजयन की अगुवाई वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने कार्यकारी समिति के अंतिम निर्णय के लिए तीन उम्मीदवारों को चुना था। जमील स्पेन के मनोलो मार्केज़ का स्थान लेंगे, जो भारत के हाल में खराब प्रदर्शन के बाद अपने पद से हट गए थे। राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच का पद संभालने वाले अंतिम भारतीय सावियो मेडेइरा थे, जो 2011 से 2012 तक इस पद पर रहे। जमील की नई भूमिका में पहला काम सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप होगा, जो 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में खेला जाएगा।

### वोक्स की चोट गंभीर लग रही है: एटकिंसन

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने कहा कि उनके साथी ऑलराउंडर क्रिस वोक्स की चोट अच्छी नहीं लग रही है जो भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन कंधे की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए थे। गुरुवार को मैच के पहले दिन करुण नायर के शॉट पर बाउंड्री बचाने के प्रयास में वोक्स चोटिल हो गए थे और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा था। वोक्स जब मैदान से बाहर गए तो उनका बायां हाथ स्वेटर में लिपटा हुआ था और वह दर्द से कराह रहे थे। एटकिंसन ने बारिश से प्रभावित पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं जानता, लेकिन यह बहुत अच्छा नहीं लग रहा है। यह बहुत निराशाजनक है। यह श्रृंखला का आखिरी मैच है और जब कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है तो अच्छा नहीं लगता है। मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा। वोक्स ने मौजूदा टेस्ट में अब तक 14 ओवर गेंदबाजी की है और 46 रन देकर केएल राहुल का महत्वपूर्ण विकेट लिया है। वोक्स की चोट ने इंग्लैंड की चिंता बढ़ा दी है जिसे कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिल रही हैं, जिनमें कप्तान बेन स्टोक्स भी शामिल हैं।

# मैंने कभी धोखा नहीं दिया, तलाक के बाद आत्महत्या के विचार भी आये थे : चहल



नयी दिल्ली। भारत के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने धनश्री वर्मा से तलाक के बाद मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के साथ अपने संघर्ष के बारे में खुल कर बात की है, जिसमें उन्होंने खुलासा किया है कि उन्होंने कभी किसी को धोखा नहीं दिया और जिंदगी के इस उथल-पुथल भरे दौर में उनके मन में आत्महत्या के विचार भी आए थे।

चहल ने राज शामानी पॉडकास्ट पर अपने निजी जीवन के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर बात की और कहा कि तलाक का फैसला अचानक नहीं लिया गया था, बल्कि कुछ समय से इस पर विचार किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि तलाक के बाद मुझे धोखेबाज़ कहा गया। लेकिन मैंने जि़ंदगी में कभी किसी को धोखा नहीं दिया। मैं बेहद वफ़ादार रहा हूं। शायद मैं दूसरों से ज्यादा वफादार हूं। अपने प्रियजनों के लिए मैंने हमेशा दिल से सोचा है। इस 34 वर्षीय क्रिकेटर ने कहा कि तलाक के बाद वह भावनात्मक रूप से टूट चुके थे। चहल ने कहा, मेरे मन में आत्महत्या के विचार आते थे। मैं अपनी जि़ंदगी से उब चुका था। मैं दिन में कई बार रोता था और बस दो घंटे सोता था। ऐसा 40 दिन से भी अधिक समय तक चला। मुझे घबराहट और अवसाद के दौरे पड़ते थे। सिर्फ़ मेरे करीबी लोग ही जानते थे कि मैं किस दौर से गुज़र रहा था। चहल ने यह भी बताया कि उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लेने पर विचार किया था क्योंकि मानसिक तनाव के कारण वह ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने तलाक के फैसले पर पहुंचने के संबंध में कहा कि दोनों पक्षों की बढ़ती व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं ने इसमें अहम भूमिका निभाई। चहल ने कहा कि ऐसा कुछ समय से चल रहा था। हमने तय किया कि जब तक हम पूरी तरह आश्वस्त नहीं हो जाते, हम सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहेंगे। सोशल मीडिया पर हम एक सामान्य जोड़े की तरह दिखते थे, लेकिन समस्याएं बढ़ती जा रही थी। एक रिश्ते में समझौते की ज़रूरत होती है। अगर दोनों लोग हमेशा व्यस्त रहते हैं, तो दूरी आना स्वाभाविक है। चहल ने उस दौरान फैली अफवाहों का खंडन किया और कहा कि नकारात्मक विचारों ने उन्हें अंदर तक प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ़ इसलिए कि आप किसी के साथ देखे जाते हैं, लोग उससे आपको जोड़ना शुरू कर देते हैं। मेरी दो बहनें हैं। मैं महिलाओं का सम्मान करना जानता हूं। इस लेग स्पिनर ने उस बात का भी जिक्र किया जब उन्होंने अदालत में पेशी के दौरान अपने शुगर डैडी स्वयं बनें लिखी टी-शर्ट पहनी थी। उन्होंने कहाकि मैं कोई ड्रामा नहीं चाहता था, लेकिन दूसरी तरफ़ से कुछ हुआ।

# मन्नेपल्ली मकाऊ ओपन से सात्विक और चिराग बाहर



मकाऊ। भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उदीयमान तरुण मन्नेपल्ली ने कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज करके शुक्रवार को मकाऊओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय मन्नेपल्ली ने 87वें स्थान पर काबिज चीन के हू झे को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से हराया। वहीं राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन दूसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के शुआन चेन झू को 21 . 14, 18 . 21, 21 . 14 से मात दी। अब लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त अल्वी फरहान से होगा जबकि मन्नेपल्ली की टक्कर मलेशिया के जस्टिन होह से होगी। मन्नेपल्ली ने पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के चूंग होन जियान और हेकल मुहम्मद से 14 . 21, 21 . 13, 20 . 22 से हारकर बाहर हो गई। चार साल पहले पुलेला गोपीचंद अकादमी से जुड़ने वाले मन्नेपल्ली ने पिछले दौर में हांगकांग के शीर्ष वरीयता प्राप्त ली चेउक यिउ को हराया था। राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले मन्नेपल्ली पहले गेम में एक समय 4-7 से पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने 12-9 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने 15-11 से लगातार छह अंक बनाकर गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में हू ने ज़ोरदार खेल दिखाया और 6-2 से आगे होने के बाद दबदबा बनाए रखा और अपनी बढ़त को 15-6 तक पहुंचाकर जल्द ही गेम अपने नाम कर दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में मन्नेपल्ली ने 5-0 की बढ़त बना ली और 19-15 तक अपनी बढ़त बनाए रखी। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद तीन अंक गंवा दिए। मन्नेपल्ली ने हालांकि धैर्य बनाए रखा और हू के बैकहैंड कॉर्नर पर सटीक पुश लगाकर जीत पक्की की और जश्न में अपनी बाहें ऊपर उठा लीं। मन्नेपल्ली ने आठ साल की उम्र में तेलंगाना के खम्मम में बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। दसवीं कक्षा के बाद वह हैदराबाद आ गए थे। लक्ष्य को विश्व रैंकिंग में 77वें स्थान पर काबिज चेन को हराने में काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने पहले गेम में अच्छा प्रदर्शन करके 9 . 4 और फिर 15 . 8 की बढत बना ली। इसके बाद चेन ने दूसरे गेम में शानदार वापसी करके मुकाबले को निर्णायक गेम तक खिंचा। लक्ष्य ने तीसरे गेम में फिर दबाव बनाया और 7 . । की बढत बनाने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# कार्यभार को देखकर बुमराह को चुनिंदा मैच खेलने का पूरा अधिकार : डोइशे



लंदन। जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड में पांच में से तीन टेस्ट ही खेलने का निर्णय लिया और भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे के अनुसार टीम प्रबंधन को उनके कार्यभार को देखते हुए इस फैसले का सम्मान करना सही लगा। बुमराह ने हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेला लेकिन एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे। इसके बाद लॉडर्स और ओल्ड टैफर्ड में उन्होंने खेला। निर्णायक पांचवें टेस्ट से पहले बुमराह पर फैसला लेने के लिये भारतीय कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ने ऐन मौके तक इंतजार किया।

पांचवें टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद मीडिया से बातचीत में डोइशे ने कहा कि बुमराह जैसे खिलाड़ी को बाहर रखने का फैसला हमेशा कठिन होता है। उन्होंने कहा कि बुमराह का मसला पेचीदा है। हम चाहते थे कि वह खेले लेकिन उसके कार्यभार को देखते हुए हमें लगा कि उसे टीम में शामिल करना सही नहीं होगा। उसने काफी ओवर फेंके हैं। मुझे पता है कि ऐसा लगता नहीं क्योंकि उसने तीन ही टेस्ट खेले और मैनचेस्टर में एक ही पारी में गेंदबाजी की। डोइशे ने आगे कहा कि लेकिन उसका कार्यभार देखें तो उसने काफी ओवर डाले हैं। उसने दौरे से पहले ही कह दिया था कि वह तीन ही टेस्ट खेलेगा और हमें लगा कि उसके फैसले का सम्मान करना चाहिये। ओवल की हरी भरी पिच पर बुमराह काफी उपयोगी साबित होते। क्या वह चोटों से भरे अतीत के कारण अपनी मर्जी से मैच चुन रहे हैं। यह पूछने पर डोइशे ने कहा कि यह कहना सही नहीं होगा। उसने कहा था कि वह तीन ही मैच खेलेगा और उसने हम पर छोड़ दिया कि वह तीन मैच कौन से होंगे। हमने स्थिति को संभालने की कोशिश की है, यह आदर्श नहीं है, मुझे लगता है कि उन खिलाड़ियों पर ध्यान देना ज़रूरी है जो नहीं खेल रहे हैं, खासकर जब आपके पास 18 खिलाड़ी हों। उन्हें बताना जरूरी है कि हम सभी फ़ैसले सद्भावना से टीम के सर्वोत्तम हित में ले रहे हैं और इसी वजह से जो खिलाड़ी नहीं खेले हैं, वे शानदार रहे हैं।

# श्रेयस, गायकवाड़, जायसवाल की मौजूदगी वाली पश्चिम क्षेत्र की अगुवाई करेंगे शारदुल



मुंबई। भारत और मुंबई के हरफनमौला शारदुल ठाकुर दलीप ट्रॉफी में सितारों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम अगुवाई करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम दलीप ट्रॉफी में अपने मैच सितंबर में खेलेगी। पश्चिम क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम में भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान और श्रेयस अय्यर समेत मुंबई के कुल सात खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

रुतुराज गायकवाड़ मध्यक्रम को मजबूत करेंगे जबकि सौराष्ट्र के हार्विक देसाई और महाराष्ट्र के सौरभ नवले विकेटकीपर होंगे। मुंबई के मुशीर खान सहित सात अन्य खिलाड़ियों को स्टैंडबाय (वैकल्पिक) खिलाड़ियों की सूची में रखा गया है। टीम में हालांकि अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा जैसे अनुभवी बल्लेबाजों को शामिल नहीं किया गया है। इस साल दिलीप ट्रॉफी की छह टीमों के बीच क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो रही है। पिछले कुछ साल से इसका आयोजन भारत ए, बी, सी और डी टीमों के साथ होता था। जब यह टूर्नामेंट ए, बी, सी और डी प्रारूप में खेला जाता था, तो सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता टीमों का चयन करते थे, लेकिन अब टीमों का चयन संबंधित क्षेत्रीय चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी का पिछली बार 2023-24 जब क्षेत्रीय प्रारूप में आयोजन हुआ था तब दक्षिण क्षेत्र इसका विजेता बना था। टूर्नामेंट का आगाज 28 सितंबर से होगा। इसके क्वार्टर फाइनल मैचों में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र, जबकि मध्य क्षेत्र का सामना पूर्वोत्तर क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है। पश्चिम क्षेत्र की टीम का चयन मुंबई के संजय पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने किया। इस समिति में बड़ौदा के प्रयाण दवे, महाराष्ट्र के अक्षय दारेकर, सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के संदीप मनियार और गुजरात क्रिकेट संघ के कीरत दमानी भी शामिल है। मुंबई क्रिकेट संघ के सचिव अभय हडप बैठक के संयोजक थे। **पश्चिम क्षेत्र की टीम:** शारदुल ठाकुर (कप्तान, मुंबई), यशस्वी जायसवाल (मुंबई), आर्या देसाई (गुजरात), हार्विक देसाई (विकेटकीपर, सौराष्ट्र), श्रेयस अय्यर (मुंबई), सरफराज खान (मुंबई), रुतुराज गायकवाड़ (महाराष्ट्र), जयमीत पटेल (गुजरात), मनन हिंगराजिया (गुजरात), सौरभ नवाले (विकेटकीपर, गुजरात), शम्स मुलानी (मुंबई), तनुश कोटियान (मुंबई), धर्मेंद्रसिंह जडेजा (सौराष्ट्र), तुषार देशपांडे (मुंबई), अर्जन नगवासवाला (गुजरात)।

# पहले अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण से साहिल जाधव को विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद

**एजेंसी**



कोलकाता। उभरते हुए भारतीय कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने हाल में विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में पदार्पण करते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता और अब उन्हें उम्मीद है कि विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करने का उनका सपना अब साकार हो पाएगा।

महाराष्ट्र के 24 वर्षीय जाधव 2024 और 2025 दोनों में तीरंदाजी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने से चूक गए थे। पुणे में 2025 विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल में वह छठे स्थान पर रहकर कट से चूक गए थे। लेकिन जाधव ने डब्ल्यूयूजी के सेमीफाइनल में दो बार के एशिया कप स्वर्ण पदक विजेता कुशल दलाल को हराया और फिर फाइनल में ब्रिटेन के अजय स्कॉट को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जाधव ने भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में पीटीआई से बातचीत में कहा, यह मेरे लिए एक अद्भुत पल था। उन्होंने कहा कि इस जीत ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है और विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के मेरे सपने को और मजबूत किया है। पोडियम पर झंडा फहराते देखना एक ऐसा पल है जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। जाधव ने डब्ल्यूयूजी में टीम रजत पदक भी जीता।

# प्रतिभाशाली युवा भविष्य को आकार दें

## देश तकनीकी क्षेत्र में सुपरपावर बनने की राह पर: राष्ट्रपति



रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को देश के प्रतिभाशाली युवाओं से अपनी तकनीकी शिक्षा का उपयोग समाज की भलाई के लिए करने का आह्वान किया और आग्रह किया कि वे अपनी उपलब्धियों को केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित ना रखें। झारखंड में धनबाद स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-भारतीय खनि विद्यापीठ (आईआईटी-आईएसएम) के 45वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते समय राष्ट्रपति ने कहा कि देश तकनीकी क्षेत्र में सुपरपावर बनने की दिशा में अग्रसर है।

इस मौके पर उन्होंने संस्थान पर विशेष लिफाफे सहित एक विशेष डाक टिकट जारी किया जो संस्थान के 100 गौरवशाली वर्षों की याद दिलाएगा। मुर्मू ने कहा कि प्रतिभाशाली युवा मस्तिष्क को भारत के भविष्य को आकार देना चाहिए और सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। एक न्यायपूर्ण भारत, एक हरित भारत के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें जहां विकास पर्यावरण और प्रकृति की कीमत पर ना हो। भविष्य में आप जो भी करें, उसमें आपकी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ आपकी सहानुभूति, उत्कृष्टता और नैतिकता भी झलकनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि केवल नवाचार ही नहीं, बल्कि करुणा से प्रेरित नवाचार दुनिया को बेहतर बनाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एक तकनीकी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार और स्टार्टअप पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसके विशाल मानव संसाधन हैं। तकनीकी शिक्षा तक बढ़ती पहुंच और डिजिटल कौशल का प्रसार देश को एक तकनीकी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। भारत की शिक्षा प्रणाली को और अधिक व्यावहारिक, नवाचार-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाने से देश के युवाओं की प्रतिभा को सही दिशा मिलेगी और वे वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ सकेंगे। मुर्मू ने कहा कि देश और दुनिया जलवायु परिवर्तन और संसाधनों की कमी से लेकर डिजिटल व्यवधान और सामाजिक असमानता तक कई जटिल और तेजी से बदलती चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में आईआईटी-आईएसएम जैसे संस्थान का मार्गदर्शन और भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आईआईटी-आईएसएम से नए और स्थायी समाधान खोजने में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए अनुसंधान एवं विकास और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के साथ-साथ पेटेंट संस्कृति को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। मुर्मू ने कहा कि विद्यार्थियों में समग्र सोच विकसित करने और जटिल समस्याओं के रचनात्मक समाधान खोजने के लिए, शिक्षा में अंतरविषय दृष्टिकोण अपनाना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने ज्ञान को व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित ना रखें, बल्कि इसे सार्वजनिक भलाई का माध्यम बनाएं। उन्होंने आदिवासी विकास उत्कृष्टता केंद्र जैसी पहलों के माध्यम से आदिवासी युवाओं और वंचित महिलाओं को सशक्त करने के लिए आईआईटी-आईएसएम के प्रयासों की सराहना की। दीक्षांत समारोह के दौरान मुर्मू ने कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले बी.टेक स्नातक प्रियांशु शर्मा को राष्ट्रपति स्वर्ण पदक प्रदान किया। वर्ष 2024-25 बैच के कुल 1,880 छात्रों को विभिन्न विषयों में उपाधि (1,055 स्नातक और 711 स्नातकोत्तर) प्रदान की गईं। कुल 37 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 35 को रजत पदक प्राप्त हुए।

# अमित शाह 29 को असम का दौरा करेंगे नवनिर्मित राजभवन का करेंगे उद्घाटन



गुवाहाटी। असम में नवनिर्मित राजभवन का उद्घाटन करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अगस्त को राज्य के दौरे पर आयेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

शर्मा ने कहा कि नये राजभवन का उद्घाटन करने के बाद शाह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नवनिर्वाचित पंचायत सदस्यों के एक सम्मेलन में शामिल होंगे। शाह शाम को नयी दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले असम के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री गोलाप बोर्बोरा के जन्म शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे। बोर्बोरा को 1975 में आपातकाल के दौरान तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार का विरोध करने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया था और उन्होंने 18 महीने तिहाड़ जेल में बिताये थे। तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद 1977 में वे जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बने थे और पार्टी को 53 सीट के साथ जीत दिलायी तथा 1978 में सर्वसम्मति से असम के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री चुने गए थे। हालांकि उनकी सरकार केवल 18 महीने तक चली। वह 1968 से 1974 तक राज्यसभा सदस्य भी रहे। शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री शाह पंचायत सम्मेलन में प्रत्येक पंचायत में एक सहकारी समिति स्थापित करने की योजना की भी शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि शाह युवाओं को सहकारी समितियां स्थापित करने और खाली जमीन पर डेयरी और कृषि गतिविधियां शुरू करने के लिए प्रेरित करेंगे। शर्मा ने कहा कि समितियां सरकार से एक निश्चित राशि पर खाली जमीन किराये पर ले सकती हैं और ये गतिविधियां शुरू कर सकती हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अतिक्रमणकारी आमतौर पर खाली जमीन पर बस जाते हैं, इसलिए हम उपयोगी गतिविधियों के लिए सहकारी समितियों की स्थापना को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

## संक्षेप

### यवत में व्हाट्सएप पोस्ट को लेकर भड़की हिंसा

पुणे। पुणे की दौंड तहसील के यवत में दूसरे समुदाय के युवक द्वारा सोशल मीडिया पर कथित तौर पर आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड किए जाने से गुस्साई भीड़ ने शुक्रवार दोपहर तोड़फोड़ और आगजनी की। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया गया, जबकि एक बेकरी को क्षति पहुंचाई गई। उन्होंने बताया कि उग्र लोगों के बड़ी संख्या में सड़क पर उतर जाने के कारण स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। अधिकारियों ने बताया कि गांव में इस समय भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है, जबकि शांति एवं व्यवस्था बहाल हो गई है। पुलिस अधीक्षक (पुणे देहात) संदीप सिंह गिल ने बताया कि गांव के बाहर से आये युवक ने सोशल मीडिया मंच व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक पोस्ट की थी और उसे हिरासत में ले लिया गया है। गिल ने कहा, सूचना मिलते ही हमने युवक को हिरासत में ले लिया और कार्वाई की प्रक्रिया शुरू हो गई। हालांकि, तब तक पोस्ट प्रसारित हो गई और पहले से ही कुछ घटनाओं के कारण तनावग्रस्त गांव में और भी तनाव फैल गया। भीड़ ने दूसरे समुदाय के सदस्यों की इमारतों में तोड़फोड़ की। गांव के दोनों समुदायों के लोग कुछ ऐसे लोगों का विरोध कर रहे हैं।

# सीडीएल के प्रमाणपत्र के बिना कोई रेबीज टीका नहीं खरीदा: नड्डा



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि केरल चिकित्सा सेवा निगम (केएमएससीएल) ने केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला (सीडीएल) से बैच रिलीज प्रमाणपत्र के बिना रेबीज टीके या अश्व (इक्वाइन) रेबीज रोधी इम्युनोग्लोबुलिन का कोई भी बैच न तो खरीदा है और न ही वितरित किया है।

वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या केएमएससीएल को रेबीज रोधी वैक्सीन की आपूर्ति करने वाले निर्माताओं ने पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सीडीएल से अनिवार्य परीक्षण करवाए हैं। नड्डा ने कहा कि केरल चिकित्सा सेवा निगम (केएमएससीएल) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, निविदा वर्ष 2016-17 से उनके द्वारा खरीदे और वितरित किए गए सभी रेबीज टीके और अश्व रेबीज रोधी इम्युनोग्लोबुलिन ने निविदा की शर्तों के अनुसार, कसौली स्थित केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला (सीडीएल) से बैच रिलीज प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया है। नड्डा ने कहा, केएमएससीएल ने सीडीएल से बैच रिलीज प्रमाणपत्र के बिना रेबीज टीके या इक्वाइन रेबीज रोधी इम्यूनोग्लोबुलिन का कोई भी बैच न तो खरीदा है।

# शाह से सीएम साय ने की नक्सल विरोधी अभियानों पर चर्चा



नयी दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर राज्य के समग्र विकास से संबंधित प्रमुख मुद्दों और माओवादी चुनौतियों का मुकाबला करने की रणनीतियों पर चर्चा की।

यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को माओवाद विरोधी अभियानों पर अपनी उपलब्धियों और आगे की रूपरेखा से अवगत कराया। साय ने बताया कि राज्य ने पिछले डेढ़ वर्षों में नक्सल विरोधी अभियानों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 से अब तक 33 बड़ी मुठभेड़ों में शीर्ष नेताओं सहित कुल 445 माओवादियों को मार गिराया गया है। इसके अलावा 1,554 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया और 1,588 ने आत्मसमर्पण किया है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राज्य एक व्यापक एकीकृत विकास और सुरक्षा नीति के तहत काम कर रहा है जिसका उद्देश्य माओवादी प्रभाव को जड़ से खत्म करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बस्तर और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा तथा विकास सुनिश्चित करने में गृह मंत्री के निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार भी व्यक्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार की पहल की सराहना करते हुए इसे माओवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक बताया और इस जारी मिशन में केंद्र सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। छत्तीसगढ़ के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे अमृत रजत महोत्सव 2025 की तैयारियों पर भी दोनों नेताओं ने चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस समारोह को भव्य और यादगार बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

# निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के बाद बिहार के लिए मतदाता सूचियों का मसौदा प्रकाशित किया

पटना। निर्वाचन आयोग ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महीने भर चली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्य के लिए मतदाता सूचियों का मसौदा शुक्रवार को प्रकाशित किया।

कोई संकलित सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है लेकिन मतदाता अपना नाम निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर देख सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जून में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले राज्य में 7.93 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। अभी यह पता नहीं चला है कि आज प्रकाशित मसौदा सूचियों में कितने मतदाता शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूचियों के प्रिंटआउट बाद में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दिए जाएंगे। मसौदा सूचियों के प्रकाशन के साथ ही दावों और आपत्तियों की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है, जो एक सितंबर तक जारी रहेगी और इस अवधि के दौरान मतदाता गलत तरीके से नाम हटाए जाने की शिकायत लेकर संबंधित प्राधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। एसआईआर के पहले चरण में, मतदाताओं को या तो बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) या राजनीतिक दलों द्वारा नामित बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) द्वारा गणना प्रपत्र प्रदान किए गए थे, जिन्हें उन्हें अपने हस्ताक्षर करने और पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेज संलग्न करने के बाद वापस करना था। लोगों के पास इन गणना प्रपत्रों को डाउनलोड करने और ऑनलाइन जमा करने का विकल्प भी था। यह प्रक्रिया 25 जुलाई तक पूरी हो गई और निर्वाचन आयोग के अनुसार, 7.23 करोड़ मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र जमा कर दिये।

# उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल में पारिस्थितिकीय असंतुलन की ओर ध्यान आकर्षित किया

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश में पारिस्थितिक असंतुलन की ओर ध्यान दिलाते हुए चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में बदलाव नहीं आया तो पूरा राज्य विलुप्त हो जाएगा। हिमाचल प्रदेश में स्थिति बद से बदतर होने की बात कहते हुए न्यायालय ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का राज्य पर स्पष्ट और चिंताजनक प्रभाव पड़ रहा है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि हम राज्य सरकार और भारत संघ को यह समझाना चाहते हैं कि राजस्व अर्जित करना ही सब कुछ नहीं है। पर्यावरण और पारिस्थितिकी की कीमत पर राजस्व अर्जित नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि अगर चीजें आज की तरह चलती रहीं, तो वह दिन दूर नहीं जब पूरा हिमाचल प्रदेश देश के नक्शे से गायब हो जाएगा। भगवान न करे कि ऐसा हो। शीर्ष अदालत ने 28 जुलाई को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

### पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लिया हिरासत में

पटना। बिहार की राजधानी पटना में सरकारी नौकरियों में अधिवास नीति लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने यातायात को बाधित करने की भी कोशिश की। हालांकि नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों को बाद में रिहा कर दिया गया। छात्र नेता दिलीप कुमार के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में प्रतिभागी स्थानीय युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 90 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर गांधी मैदान के निकट एकत्र हुए। पटना (मध्य) की पुलिस अधीक्षक दीक्षा ने कहा, गांधी मैदान के निकट सड़क से हटने से इनकार कर रहे कुछ प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नौकरी के इच्छुक लोगों के बीच अधिवास नीति की मांग लंबे समय से एक मुद्दा रही है।

### राहुल गांधी दुर्भावनापूर्ण अभियान चला रहे हैं : रिजीजू

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश में लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश के तहत निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने के लिए खतरनाक व्यवहार करने और दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने का आरोप लगाया। निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए गांधी की वोट चोरी वाली टिप्पणी पर पलटवार करते हुए रीजीजू ने कहा कि कांग्रेस नेता कई चुनाव हारने के बाद चुनाव प्राधिकरण के खिलाफ अभियान चलाकर बचकाना तरीके से काम कर रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने कहा, जब वे (कांग्रेस) चुनाव जीतते हैं, तो सब कुछ ठीक रहता है। लेकिन, जब वे चुनाव हार जाते हैं, तो निर्वाचन आयोग दोषी होता है। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com